सेंसेक्स 72,026.15 ▲ +178.58
डॉलर 83.180 ▼ -0.085

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 18.0 | 15.0 | 17.0 |
| धनबाद | 21.0 | 16.0 | 21.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 15.0 | 24.0 |
| पलामू | 19.0 | 16.0 | 19.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष कृष्ण पक्ष 10, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 06 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 81, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



संपादकीय उत्तर प्रदेश सरकार, अच्छा है प्रोजेक्ट अलंकार ...8
अभिनेता मनोज बाजपेयी के लोस चुनाव लड़ने ...10 देश/विदेश


## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,290

चांदी (किलो) 71,910

## एक नजर

### रेलवे ट्रैक पर मिला बिहार के युवक का शव

**हुसैनाबाद।** पूर्व-मध्य रेलवे के जपला-सिगसिगी रेलखंड के मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन के समीप माली गांव स्थित रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार की सुबह एक व्यक्ति का शव देख नागरिक सन्न रह गये। युवक की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिला के तामोली गांव निवासी सिकंदर राम के 22 वर्षीय पुत्र वेद प्रकाश उर्फ गोलू के रूप में की गयी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिये हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। मुत युवक हुसैनाबाद के पूर्व स्वास्थ्य उपाधीक्षक डा. संजय कुमार रवि का भांजा बताया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था तथा वह इधर काफी दिनों से हुसैनाबाद अपने ननिहाल में ही रह रहा था।

### झामुमो विधायक सीता सोरेन ने सीबीआई कोर्ट में पासपोर्ट जमा किया

**रांची।** राज्यसभा चुनाव से जुड़े हॉर्स ट्रेडिंग मामले की आरोपित झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो ) की विधायक सीता सोरेन ने शुक्रवार को रांची सीबीआई कोर्ट पहुंची। इस दौरान उन्होंने सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में अपना पासपोर्ट जमा किया। इस मामले में सीबीआई ने सीता सोरेन के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। सीबीआई ने चार्जशीट में बताया है कि सीता सोरेन ने राज्यसभा चुनाव में वोटिंग के लिए 50 लाख रुपये लिये थे। जबकि बैंक खातों के जरिये भी पैसे लिये गये थे। सीता सोरेन पर वर्ष 2012 में हुए राज्यसभा चुनाव में पैसे लेकर एक उम्मीदवार के पक्ष में वोट देने के आरोप में आपराधिक मामला चल रहा है।

## माओवादियों ने पुल निर्माण कार्य में लगे तीन वाहनों को जलाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार/चतरा।** लातेहार और चतरा जिले के बॉर्डर पर नक्सलियों ने शुक्रवार की शाम जमकर उत्पात मचाया। लातेहार के बरियातू और चतरा के सिमरिया थाना क्षेत्र के सीमा पर स्थित कुरुमदारी गांव के मानक नदी पर हो रहे पुल निर्माण कार्य पर भाकपा माओवादी नक्सलियों ने धावा बोलकर तीन वाहन में आग लगा दी। जानकारी के अनुसार बरियातू थाना क्षेत्र के बालूभांग और सिमरिया थाना क्षेत्र के कुरुमदारी गांव के बीच में स्थित नदी में पुल का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान शुक्रवार की शाम लगभग 8 की संख्या में हथियारबंद नक्सली निर्माण स्थल पर पहुंचे और वहां काम कर रहे मजदूरों को बंधक बना लिया। सभी मजदूरों को एक कमरे में ले जाकर बैठा दिया और उनका मोबाइल ले लिया। नक्सलियों ने मजदूरों को चेतावनी देते हुए कहा कि बिना संगठन के आदेश के शेष पृष्ठ 11 पर

## धोनी ने पूर्व बिजनेस पार्टनर कंपनी पर दर्ज कराया मुकदमा, 15 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** महेंद्र सिंह धोनी ने अरका स्पोर्ट्स मैनेजमेंट नामक कंपनी पर 15 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए रांची की अदालत में मुकदमा दर्ज कराया है। इस कंपनी के साथ महेंद्र सिंह धोनी ने ग्लोबल लेवल पर क्रिकेट एकेडमी की स्थापना को लेकर 2017 में करार किया था। करार की शर्तों का पालन न करने पर उन्होंने कंपनी को कई नोटिस दिए थे। जवाब न मिलने धोनी ने कंपनी को अपनी ओर से दिया गया अधिकार खत्म कर दिया था।

अब इसी मामले में उन्होंने 15 करोड़ के नुकसान का दावा करते हुए कंपनी के दो प्रमुख कर्ता-धर्ता मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास के खिलाफ आपराधिक



मुकदमा दर्ज कराया है। इस मुकदमे को लेकर शुक्रवार को रांची में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट राजकुमार पांडे की अदालत में सुनवाई हुई। दरअसल, क्रिकेट एकेडमी चलाने के लिए 2017 में दोनों पक्षों के बीच जो एग्रीमेंट हुआ, उसके मुताबिक अरका स्पोर्ट्स की ओर से धोनी को फ्रेंचाइजी शुल्क मिलना था और इसके अलावा प्रॉफिट का हिस्सा भी शेयर किया जाना था। धोनी की ओर से किए गए मुकदमे में पक्ष रखने वाले विधि एसोसिएट्स के दयानंद सिंह के मुताबिक, अरका स्पोर्ट्स ने इन शर्तों का पालन नहीं किया। इससे धोनी को काफी नुकसान हुआ है। शर्तों का पालन नहीं करने पर धोनी ने अरका स्पोर्ट्स को 15 अगस्त 2021 को नोटिस भेजा था, इसके साथ ही उसे दिया गया अधिकार रद्द कर दिया गया था। धोनी ने बिजनेस पार्टनर के खिलाफ कई नोटिस भेजे थे, लेकिन, फिर भी वे इसे नजरअंदाज करते रहे। धोनी के दोस्त सीमांत लोहानी उर्फ चित्तू ने भी अरका स्पोर्ट्स के प्रमुख मिहिर दिवाकर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। सीमांत के मुताबिक कानूनी कार्रवाई करने के बाद मिहिर दिवाकर ने उन्हें धमकी दी और उनके साथ बदसलूकी की।

### धीरेंद्र शास्त्री के पलामू कार्यक्रम पर सुनवाई

## हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव से मांगा शपथ पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बाबा बागेश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री के पलामू आगमन को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। श्रीहनुमंत कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर एवं बागेश्वर धाम कार्यक्रम के प्रभारी नितेश सिंह ने बताया कि जस्टिस गौतम चौधरी ने पलामू में बागेश्वर बाबा की अनुमति संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि उपायुक्त द्वारा कार्यक्रम को रद्द करने के लिये उठाये गये कई बिंदु उचित प्रतीत नहीं होते। पीठ ने सुनवाई के लिये 16 जनवरी को अंतिम डेट निर्धारित करते हुये जिला प्रशासन से एफिडेविट फाइल करने के लिए कहा है। कोर्ट ने पूछा है कि क्या धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम के लिये रखी गयीं शर्तें पिछले दो साल में आयोजित इस




तरह की अन्य कथाओं के लिये भी रखी गयी थीं। इस बार विशेष संज्ञान लेते हुए न्यायाधीश ने चीफ सेक्रेटरी झारखंड को भी एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया है कि आखिर सभी के मौलिक अधिकार कथा के लिये सरकार द्वारा अनुमति क्यों नहीं दी जा रही है। संयोजक सहित हनुमंत कथा के सचिव दीना जी, अतुल जी, मंटू जी ने कहा कि सभी का न्यायालय पर पूर्ण विश्वास है।

### अभय चौटाला के समधी के ठिकाने से पांच करोड़ जब्त

# प. बंगाल में ईडी टीम पर जानलेवा हमला

**कोलकाता/ यमुनानगर/चंडीगढ़/ मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने शुक्रवार को प. बंगाल, हरियाणा और महाराष्ट्र में अलग-अलग मामले में छापेमारी की। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में राशन वितरण भ्रष्टाचार मामले में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के घर छापा मारने पहुंची ईडी के अधिकारियों पर स्थानीय टीएमसी समर्थकों ने जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद बड़ी संख्या में पहुंचे टीएमसी कार्यकताओं ने हमला किया। इस वजह से अधिकारियों को जान बचाकर भागना पड़ा। उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के घर पर छापा मारने पहुंची ईडी की टीम पर हमला हुआ है। वहीं हरियाणा के यमुनानगर से इनेलो के पूर्व विधायक और अभय चौटाला के



समधी दिलबाग सिंह और उनके करीबियों घर व कार्यालय से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पांच करोड़ रुपये की नकदी, सोने के तीन बिस्कुट और 100 से अधिक विदेशी शराब की बोतल बरामद की है। वहीं शरद पवार के पौत्र और विधायक रोहित पवार की बारामती एग्रो कंपनी सहित छह जगहों पर शुक्रवार की सुबह से ही ईडी की छापेमारी चल रही है।

**विदेश में बनाई संपत्तियों के कागजात मिले :** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को साफ किया है कि गुरुवार को यमुनानगर में मारे गए इन छापों में विदेश में बनाई गई कई संपत्तियों के कागजात और चार विदेशी राइफल सहित अन्य चीजें भी मिली हैं। एजेंसी की यह कार्रवाई शुक्रवार सुबह तक जारी रही। प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत के आदेश पर सोनीपत से पूर्व कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार, करनाल के भाजपा नेता मनोज वधवा और यमुनानगर के इनेलो से पूर्व विधायक के ठिकानों पर छापा मारा था। ईडी के अधिकारियों ने दिलबाग सिंह के कार्यालय, फैजपुर स्थित फार्म हाउस सहित अन्य कारोबारी संजीव बिट्टा, इंद्रपाल सिंह बब्बल के घर और अन्य ठिकानों पर छापा मारा था। दिलबाग सिंह 2009 में शेष पृष्ठ 11 पर

### छापे के खिलाफ टीएमसी का जबरदस्त विरोध

ईडी के छापेमारी के प्रयास के खिलाफ पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली के विभिन्न स्थानों पर तृणमूल कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। सड़कें घेर कर टायरों में आग लगा दी। मीडिया की गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई। यह पहली बार है कि ईडी को किसी अभियान में इतने सख्त विरोध का सामना करना पड़ा। इस शेष पृष्ठ 11 पर

## शिक्षा व स्वास्थ्य के बाद खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा पलामू : मरांडी

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने किया राज्य स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन

### टूर्नामेंट के पीछे छिपी हैं स्व. अनिल चौरसिया की यादें : आलोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के चैनपुर प्रखण्ड के लोकेया खेल के मैदान में डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया के पिता स्वर्गीय अनिल चौरसिया की याद में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उदघाटन झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी ने दीप प्रज्ज्वलित कर और गुब्बारे उड़ाकर किया। इस अवसर पर श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में पलामू का काफी विकास हुआ है। शिक्षा व स्वास्थ्य के बाद पलामू अब खेल के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। लोकेया के इस ग्रामीण खेल के मैदान में राज्य स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन विकास का सबूत है। जल्द ही इस मैदान में स्टेडियम का निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने कहा झारखण्ड में जब भाजपा का शासन था तब पलामू में यूनिवर्सिटी, बीएड कॉलेज और मेडिकल कॉलेज खुले। अब डॉक्टर बनने के लिए पलामू के छात्रों को बाहर



नहीं जाना पड़ता। पलामू में ही डॉक्टरी की पढ़ाई हो रही है। इतना ही नहीं कभी इस इलाके में अच्छी सड़के नहीं हुआ करती थी, लेकिन अब जंगली इलाकों में भी पक्की सड़क है। श्री मरांडी ने कहा कि स्थानीय विधायक अपने पिता की विरासत को कायम रख रहे हैं, यह प्रेरणादायी है। मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि यह महज खेल नहीं बल्कि इसके पीछे उनके दिवंगत पिता की यादें छिपी हैं। उन्होंने कहा कि उनके पिता स्व. अनिल चौरसिया इस क्षेत्र में खेल के विकास के लिए हर वर्ष इसी मैदान में टूर्नामेंट कराते थे। उनके नहीं रहने के बाद उन्होंने स्थानीय दिनकर स्पोरटिंग क्लब ने टुर्नामेंट की निरंतरता बनाये रखने का बीड़ा उठाया है। इस दौरान बाजे-गाजे के साथ श्री मरांडी का भव्य स्वागत किया गया। विधायक ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानन्द पाठक, प्रदेश शेष पृष्ठ 11 पर

### एके सिंह कॉलेज जपला के शासी निकाय का चुनाव सम्पन्न

## सांसद वीडी राम अध्यक्ष व प्रफुल्ल सिंह बने सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एके सिंह कॉलेज जपला के बहुप्रतीक्षित शासी निकाय के अध्यक्ष एवं सचिव का चुनाव गुरुवार की देर शाम स्थानीय परिसदन भवन में संपन्न हुआ। इसमें सर्वसम्मति से पलामू सांसद वीडी राम को अध्यक्ष एवं शिक्षाविद् प्रफुल कुमार सिंह को सचिव निर्वाचित किया गया। सांसद के अध्यक्ष बनाये जाने का प्रस्ताव प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने रखा और शिक्षाविद प्रफुल्ल कुमार



सिंह को सचिव बनाए जाने का प्रस्ताव दानदाता श्री रौनक ने रखा। मौके पर हुसैनाबाद के एसडीएम प्रशिक्षु आईएएस आशीष गंगवार, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह और शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. आनंद कुमार उपस्थित थे।

### गुमला में पीएलएफआई का उग्रवादी गिरफ्तार

**गुमला।** कामडारा थाना पुलिस ने पीएलएफआई के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। कामडारा थाना क्षेत्र स्थित रामतोल्या बडीटोली निवासी माडु तोपनो उर्फ सहाय तोपनो उर्फ संदीप बारला को गुरुवार रात रामतोल्या जंगल से पुलिस गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादी के पास से देशी पिस्तौल, 8 एमएम की दो गोली, पीएलएफआई का पर्चा पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने शुक्रवार को पत्रकारों से बताया कि गुमला एसपी को लगातार सूचना मिल रही थी कि रामतोल्या जंगल में पीएलएफआई के कुछ उग्रवादी जमा हुए हैं, जो किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना पर एसपी ने छापेमारी दल का गठन कर गुरुवार रात रामतोल्या स्थित जंगल में छापेमारी किया।

### राजस्थानी शैली का पंचमुखी मंदिर श्रद्धालुओं का मोह लेता है मन

## अद्वितीय है पलामू के विश्रामपुर का ठाकुरबाड़ी मंदिर

**अखिलेश चौबे**


**मेदिनीनगर।** पलामू के विश्रामपुर प्रखंड मुख्यालय में स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर स्थापत्य कला के मामले में समूचे झारखंड में अद्वितीय है। राजस्थानी शैली का पंचमुखी मंदिर यहां दर्शन-पूजन करने आने वाले श्रद्धालुओं का मन मोह लेता है। पलामू प्रमंडल में एक कहावत प्रचलित है कि विश्रामपुर जैसा भव्य मंदिर व श्रीबंशीधर नगर जैसी मोहक प्रतिमा पूरे विश्व में कहीं नहीं है। यह पलामू का सौभाग्य ही है कि ये दोनों ही धरोहर झारखंड प्रांत के पलामू में ही हैं। विश्रामपुर मंदिर की विशेषता है कि मुख्य द्वार



के साथ पांच तरफ से भक्त इस मंदिर में प्रवेश कर सकते हैं। ऐसा विरले ही मंदिरों में देखने को मिलता है। लगभग नौ डिस्मिल भू-भाग पर फैले कमल पुष्प की आकृति का पांच गुंबदों वाले मंदिर में प्रतिदिन दर्शन-पूजन के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। विश्रामपुर गढ़ किला के सामने स्थित मंदिर की भव्यता देखने के लिये पलामू प्रमंडल के साथ सीमावर्ती यूपी, एमपी, बिहार व छत्तीसगढ़ प्रांत से भी श्रद्धालु यहां आते हैं।

**श्रीकृष्ण महाजन्माष्टमी पर भव्य उत्सव :** प्रतिवर्ष श्रीकृष्ण महाजन्माष्टमी पर शेष पृष्ठ 11 पर

### राजपरिवार की तीन पीढ़ियों की निर्माण में भूमिका



विश्रामपुर राजपरिवार द्वारा निर्मित पंचमुखी ठाकुरबाड़ी मंदिर के निर्माण में राजपरिवार की तीन पीढ़ियों ने अहम भूमिका निभाई है। राजपुरोहित अचितानंद पांडेय ने बताया कि 150 वर्ष पूर्व विश्रामपुर रियासत के राजा लक्ष्मी बख्श राय ने इस मंदिर का शिलान्यास किया था। मंदिर का निर्माण उनके पुत्र राजा भागवत बख्श राय ने पूर्ण कराया। जबकि मंदिर के गर्भ गृह में ठाकुर जी की प्राण-प्रतिष्ठा राजा नागेश्वर बख्श राय ने संपन्न करायी। उनके बाद अंबिकेश्वर बख्श राय रियासत के राजा बने। उनके पुत्र रणजीत बख्श राय वर्तमान में मेदिनीनगर शहर में निवास करते हैं।

## इंडिया

## मोदी चीनी भाई भाई या कुछ और ?



सुनील बादल

***सरकारी*** नियंत्रण वाले चीन के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ कर वैश्विक स्तर पर एक चर्चा छेड़ दी है कि हमेशा से पाकिस्तान समर्थक और भारत का प्रतिद्वंदी चीन क्या सचमुच बदल गया है या हिंदी-चीनी भाई-भाई बोलकर धोखा देने वाला चीन भारत से डर गया है या दोस्ती रखने में ही भलाई समझ रहा है ? ग्लोबल टाइम्स में भारत या भारत सरकार की तारीफ होना सामान्य बात नहीं है क्योंकि इस अखबार का काम भारत के बारे में अफवाह फैलाकर भारत विरोधी एजेंडा चलाना रहा है । झांग जियादोंग ने अपनी भारत यात्रा का उल्लेख करते हुए भारतीय प्रयासों की सराहना की तो सभी का चौंकना स्वाभाविक था। इसके लिए उसने राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अनुमति भी ली होगी। उन्होंने लिखा है कि ह्लमैंने हाल ही में दो बार भारत का दौरा किया। यात्राओं के दौरान मैंने पाया कि भारत की घरेलू और विदेशी स्थिति चार साल पहले की तुलना में काफी बदल गई है। भारत ने आर्थिक विकास और सामाजिक शासन में उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं और इसकी महान शक्ति सपने से वास्तविकता की ओर बढ़ गई है। हालांकि संभावित जोखिम और संकट भी सामने आने लगे हैं ह्व खबर यह भी है कि चीनी राजनयिकों का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नागपुर मुख्यालय का दौरा करके आया है। क्या चीन की ओर से आरएसएस और भाजपा को खुश करने का प्रयास किया जा रहा है ? मोदी ने अपने सख्त रुख के चलते जिस तरह सैन्य, आर्थिक और रणनीतिक मोर्चे पर चीन को कई झटके दिये हैं क्या उससे राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सारी हेकड़ी निकल गयी है ?

झांग लिखते हैं कि एक ओर भारत ने आर्थिक विकास और सामाजिक शासन में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। इसकी अर्थव्यवस्था ने गति पकड़ ली है और यह सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की राह पर है। साथ ही नई दिल्ली ने शहरी प्रशासन में भी प्रगति की है। हालांकि धुंध अभी भी बड़ा है, लेकिन चार साल पहले विमान से उतरते ही जो विशिष्ट गंध आपको महसूस होती थी, वह आम तौर पर गायब हो गई है। इससे पता चलता है कि नई दिल्ली में सार्वजनिक माहौल कुछ बेहतर हुआ है।

भारतीय प्रतिनिधियों से बातचीत के दौरान चीनी विद्वानों के प्रति उनका रवैया कहीं-कहीं अड़ियल होने की बजाय अधिक सहज और संयत रहा। उदाहरण के लिए, चीन और भारत के बीच 'व्यापार असंतुलन' पर चर्चा करते समय, भारतीय विद्वान मुख्य रूप से व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए चीन के उपायों पर ध्यान केंद्रित करते थे। लेकिन अब वे भारत की निर्यात क्षमता पर अधिक जोर दे रहे हैं। उन्होंने लिखा है कि इसके अलावा, अपने तीव्र आर्थिक और सामाजिक विकास के साथ, भारत रणनीतिक रूप से अधिक आश्वस्त हो गया है और 'भारत नैरेटिव' बनाने और विकसित करने में अधिक सक्रिय हो गया है।कूटनीतिक क्षेत्र में, भारत तेजी से एक महाशक्ति बनने की ओर बढ़ गया है। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभाली है, उन्होंने अमेरिका, जापान, रूस और अन्य देशों और क्षेत्रीय संगठनों के साथ भारत के संबंधों को बढ़ावा देने के लिए बहु-संरेखण रणनीति की वकालत की है। अब, विदेश नीति में भारत की रणनीतिक सोच में एक और बदलाव आया है और वह स्पष्ट रूप से एक महाशक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने लिखा है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के संबंध में, भारत ने खुद को पश्चिम से दूर कर लिया है और खुद को विकासशील दुनिया के साथ अधिक निकटता से जोड़ लिया है। साथ ही, पश्चिमी शक्तियों के बारे में भारत की आपत्तियां काफी कम हो गई हैं और पश्चिमी देशों के भीतर इसकी गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। लिखा है कि दिसंबर 2023 में, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने शेष पृष्ठ 11 पर

### गांडेय में उपचुनाव कराने को लेकर झामुमो का प्रतिनिधिमंडल सीईओ से मिला, सौंपा ज्ञापन

**रांची।** झारखंड में राजनीतिक उठा पटक के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय के नेतृत्व में शुक्रवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और जल्द गांडेय विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव कराने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से झामुमो ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को जानकारी दी कि गांडेय विधान सभा क्षेत्र से निर्वाचित डॉ सरफराज अहमद ने विधान सभा अध्यक्ष को अपना त्याग पत्र सौंपे जाने एवं विधान सभा द्वारा संविधान के अनुच्छेद 190 (3) (ख) एवं झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 316 के शेष पृष्ठ 11 पर

## अवैध हथियार के साथ दो गिरफ्तार

### गिरफ्तार अपराधी पिछले कई महीनों से मगध परियोजना के कुंडी में रहकर बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में जुटे थे

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)** टंडव थाना क्षेत्र के कोयलांचल में बड़ी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में महीनों से जुटे दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है। इस बावत थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के कसियाडीह व बांसा बस्ती के बीच पक्की सड़क में गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग चलाया गया। इस दौरान रामगढ़ जिले के अरगड्डा थाना अंतर्गत सिरका निवासी विकास भुईयां पिता बंता भुईयां तथा चतरा जिले के सिमरिया थाना स्थित सलगी निवासी धनंजय साव पिता टुकेन्द्र साव के पास से तलाशी के दौरान एक कट्टा समेत दो गोली पायी गयी। पश्चात मोबाइल व अपाची मोटरसाइकिल को जब्त करते हुए दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिससे पता चला कि दोनों पिछले कई माह से मगध परियोजना क्षेत्र के कुंडी में रहकर बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। बहरहाल पुलिस गहनता से पूरे मामले की पड़ताल करते हुए आरोपियों के लक्ष्य समेत आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है। वहीं आर्म्स एक्ट के तहत कांड संख्या 03/24 में मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। छापेमारी अभियान में इंस्पेक्टर के साथ सअनि गणेश साहु, सअनि उपेन्द्र नारायण सिंह, हवलदार रामस्वरूप तिवारी तथा आरक्षी धीरेन्द्र तिवारी आदि शामिल थे।

## एक नजर

### फुटबॉल में अमही ने बैरिया को 1-0 से हराया

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के पथरा पंचायत के शिवपुर खेल मैदान पर गुरुवार को भाईचारा एकता कमेटी के तत्वाधान में नॉक आउट फुटबॉल टूनामेंट का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच अमही बनाम बैरिया (बिहार) के बीच खेला गया। जिसमें अमही ने बैरिया को एक गोल से हराया। मैच का उद्घाटन राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव,प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार,मुखिया नरेश पासवान, पंसस कलावती देवी, राजद प्रवक्ता जाकिर अली उर्फ राज अली आदि ने संयुक्त रूप से किया। कमेटी के अध्यक्ष सह मुखिया नरेश पासवान ने आयोजन पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि कमेटी का प्रयास सराहनीय कदम है। खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने की जरूरत है। मौके पर कमेटी के सचिव अशलम अंसारी, कृष्णा सिंह,पूर्व मुखिया सुदेश्वर राम,राहुल कुमार,आणि शेख,अखिलेश चौधरी मौजूद थे। फोटो,हंगामा करते ग्रामीण

### क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

**हरिहरगंज।** स्थानीय मोतीराज महिला कॉलेज के समीप स्थित राधे-कृष्ण मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन शुक्रवार को राजद के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान खिलाड़ियों व लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। इस दौरान उद्घाटन मैच महाराजगंज तथा अंबा क्रिकेट टीम के बीच मैच खेला गया। महाराजगंज क्रिकेट टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 82 रन पर सिमट गयी। जबकि अंबा क्रिकेट टीम ने 6 ओवर में ही 84 रन बनाकर 6 विकेट से विजय हासिल कर लिया। इस मौके पर टूर्नामेंट के संयोजक पवन यादव, विवेक विश्वकर्मा, विकास विश्वकर्मा, नंदन कुमार, राहुल कुमार, राजू रंजन मेहता मौजूद थे।

### गरीबों को ठंड से बचाने की पहल करे नगर प्रशासन

**विश्रामपुर।** कांग्रेस के विश्रामपुर नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने कहा है कि क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शीतलहरी से यहां के गरीब परिवार काफी परेशान हैं। उनकी परेशानी को देखते हुए नगर परिषद द्वारा ठंढ से बचाव हेतु यथाशीघ्र उपाय किया जाये। उन्होंने कहा कि ठंड से बचाव के लिये नगर प्रशासन द्वारा जरूरतमंदों के बीच वितरित किया गया कंबल नाकाफी है। कई जरूरतमंद परिवार के सदस्यों को कंबल नहीं मिल पाया है। नप द्वारा अलाव की व्यवस्था भी आधी-अधूरी ही की गई है। श्री पांडेय ने नगर प्रशासन से अपील की कि जरूरतमंदों के बीच तत्काल कंबल का वितरण कर नप क्षेत्र के सभी वार्डों के चौक-चौराहों पर अलाव की उचित व्यवस्था की जाये।

### पूर्व जमींदार की पत्नी का निधन

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर मेन रोड स्थित जाने माने पूर्व जमींदार स्वर्गीय महेंद्रनाथ सहिदेव की धर्मपत्नी व देवी मंदिर प्रबंध समिति के सदस्य गुरुप्रताप सहिदेव व उदय प्रताप सहिदेव की माता इंद्राणी सहिदेव (90) का गुरुवार की शाम अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया।

---

नारेबाजी के बीच उत्साहित कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकना है: मरांडी

**इस समय प्रदेश में भ्रष्टाचार, अफसरशाही चरम पर है : बाबूलाल मरांडी**

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का रांची से मेदिनीनगर जाने के क्रम में सतबरवा पेट्रोल पंप के पास कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र एवं बुके देकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकना है। इस समय प्रदेश में भ्रष्टाचार, अफसरशाही चरम पर है। हर जगह लुट खसोट मची है। ईडी के डर से मुख्यमंत्री भाग रहे हैं। जमीन घोटाले में शामिल लोगों के यहां ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है। पूरे देश में इस सरकार ने प्रदेश को बदनाम कर रखा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि अबकी बार झारखंड राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना है। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ,विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, राजेंद्र सिंह चेरो, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, यादव सेना के प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव , सामाजिक कार्यकर्ता अजय उरांव, महेश यादव, एसटी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मनोज सिंह, रविंद्र सिंह, विशाल यादव, गुड्डू सिंह,भाजयुमो के जिला मंत्री विकास तिवारी, विशाल यादव, मुकेश प्रजापति, अरविंद विश्वकर्मा,सोनू यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, महामंत्री चंचल यादव, सुदेश्वर मोची मौजूद थे।


कार्यकर्ताओं के साथ बाबूलाल मरांडी

---

प्रशिक्षु आईएएस ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण

# अस्पताल की नियमित सफाई जरूरी: एसडीएम

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रशिक्षु आईएएस सह एसडीएम आशीष गंगवार ने गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी वार्डों की साफ-सफाई के साथ प्रसूति गृह, मरीजों के लिए उपलब्ध बेड के अलावा सहिया, एएनएम की जानकारी ली। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन सहित अस्पताल परिसर की साफ-सफाई का भी जायजा लिया। एसडीएम ने सख्त लहजे में कहा कि हर हाल में अस्पताल परिसर की नियमित साफ-सफाई अवश्य होनी चाहिये। श्री गंगवार ने एंबुलेंस सेवा के अलावा अनुमंडल में कार्यरत सभी एएनएम व सहिया को कार्य में तत्परता लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कार्य में कोताही बरतने वाले किसी भी स्वास्थ्य कर्मी को बख्शा नहीं जायेगा। वे अपना काम अपने कर्तव्य के अनुसार अवश्य पूरा करें। उन्होंने अस्पताल परिसर के सभी वार्डों सहित चिकित्सक व मरीज रूम का निरीक्षण कर चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस मौके पर चिकित्सक मुकेश कुमार सिंह,डॉ. विनेश कुमार, अनुमंडल सहायक भीम दयाल रमन मौजूद थे।


निरीक्षण करते प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी

---

# कार्यपालक पदाधिकारी ने गरीबों में किया कंबल वितरण



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के न्यू बस स्टैंड, पुरानी बस स्टैंड सहित आधा दर्जन से अधिक जगह पर गुरुवार की देर शाम कार्यपालक पदाधिकारी सह सीओ यामुन रविदास ने अलाव की व्यवस्था कराई। इस दौरान गरीब, निर्धन तथा दिव्यांग लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। सीओ ने शहर में घूम कर विभिन्न चौक-चौराहा पर अलाव जलवाने की व्यवस्था कराई। साथ ही शहर वासियों से मिलकर उनकी समस्याओं को भी जानने का प्रयास किया। उन्होंने शहर को साफ व स्वच्छ रखने के प्रति नागरिकों से आह्वान किया। उन्होंने बताया कि आवश्यकतानुसार और कंबलों का वितरण किया जायेगा। ठंड में अलाव की व्यवस्था होने से लोगों ने राहत की सांस ली। इस मौके पर सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, एलटीसी संजय राणा, सामुदायिक संगठन कत्री विचित्र कुमारी मौजूद रहीं।

# 11 पेटी नकली अंग्रेजी शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार के नेतृत्व में की गयी कार्रवाई में तीन अलग-अलग जगह से 11 पेटी नकली अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। साथ ही इस गोरख धंधे में संलिप्त तीन धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के तेतरिया एवं मझिगांवा जबकि नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के पोखराहा में कार्रवाई कर नकली अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उत्पाद अधीक्षक ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हरिहरगंज के तेतरिया गांव में छापामारी की गई। जहां से पूरन यादव के गोदाम से 86 लीटर जबकि सुरेंद्र यादव के किराना दुकान से अवैध रूप से बेचने के लिए रखी 35 लीटर नकली अंग्रेजी शराब जब्त की गई। इस संबंध में तेतरिया के पूरन यादव एवं सुरेंद्र यादव, जबकि मझिगांवा के जितेंद्र कुमार, शंभू यादव एवं नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के पोखराहा के अजय सिंह के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। साथ ही मामले में मझिगांवा के जितेंद्र कुमार, शंभू यादव एवं पोखराहा के अजय सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।


बरामद शराब

---

### नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में अंसारी विगहा बना विजेता

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत के अंसारी विगहा मोहल्ला स्थित खेल मैदान में गुरुवार की रात्रि नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्या अतिथि युवा समाजसेवी सह नपं के संभावित प्रत्याशी जानू चौधरी ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल में हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू हैं। खेल को खेल की भावना से लेना चाहिये। उद्घाटन मैच जूनियर आरआर प्ले स्कूल अंसारी विगहा और आरआर प्ले स्कूल बेलौदर के बीच खेला गया। जिसमें अंसारी विगहा की टीम विजयी रही। इस मौके पर मो. क्यामुद्दीन अंसारी, मो. अब्बास अंसारी , मो. युनुस अंसारी, रेयाजुद्दीन अंसारी, सोनू, मो. अमीन, मो. आदिल प्रिंस, मो. कादिर, मो. सब्बू उपस्थित थे।

### विधायक ने दो सड़कों का किया शिलान्यास

**पाटन।** छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार, प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य जयशंकर सिंह उर्फ संग्राम सिंह, मुखिया सुमति देवी ने मेन रोड से सतौवा पंचायत भवन तक तथा पाटन मेन रोड से सेमरी पंचायत भवन तक जिला परिषद कोटे से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया।। मौके पर विधायक पुष्पा देवी ने बताया कि पंचायत भवन तक रोड बन जाने पर आम जनों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। वहीं पूर्व सांसद ने बताया कि पाटन-छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने तक रोड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य वशिष्ठ पांडे,श्यामदेव सिंह, जिला मंत्री आनंद सिंह, बृज बिहारी सिंह, बबन प्रसाद, ओमप्रकाश पांडे,जमुना प्रसाद, कुश सिंह, गुड्डू सिंह, उमा सिंह, धनपत राम,प्रमोद सिंह, नॉलेज सिंह, शमशेर आलम मौजूद थे।


शिलान्यास करतीं विधायक

---

# पूजित अक्षत-कलश को मंदिरों में कराया भ्रमण

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा शुक्रवार को अयोध्या से आये पूजित अक्षत-कलश को विश्रामपुर नप के कई गांवों में स्थित मंदिरों का भ्रमण

**पूजित अक्षत कलश को मंदिरों में ले जाकर पूरे विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना की गयी**

कराया गया। पद यात्रा की शुरूआत पारंपरिक बाजे-गाजे के साथ पंचमुखी मंदिर से की गयी। जिसमें विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस, बजरंग दल के अलावा काफी संख्या में महिलायें व पुरुष शामिल हुये। पद यात्रा की अगुवाई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने किया। पूजित अक्षत कलश को मंदिरों में ले जाकर पूरे विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना की गयी। पद यात्रा भलुही, लरंगाहा,भोलाटाडी आदि गांवों में की गयी। यात्रा में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, निवर्तमान वार्ड पार्षद सह महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, अर्चना देवी, अखिलेश विश्वकर्मा, राघवेंद्र कुमार, राम पुकार पांडेय, अभिषेक भारद्वाज, प्रियांशु शुक्ला, निखिल शुक्ला, नीरज शुक्ला, नन्हें तिवारी, हरिओम तिवारी, अभय प्रजापति, अनिल प्रजापति, धीरज शर्मा, दीपक कुमार, अशोक प्रजापति, नित्यम सहित कई लोग शामिल थे।



कलश भ्रमण मे शामिल लोग

राजकीयकृत उच्च विद्यालय से ढाई लाख का नुकसान

# स्कूल के आईसीटी लैब में चोरी, प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के राजकीयकृत उच्च विद्यालय पोलडीह के आईसीटी लैब रूम का ताला तोड़कर चोरों ने डेस्क टॉप, बैटरी, एम्प्लीफायर सहित अन्य उपकरण चुरा लिया। इसमें करीब ढाई लाख रुपये का नुकसान होना बताया जा रहा है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक देवनाथ राम ने हुसैनाबाद थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा मोबाइल फोन पर सूचना मिली की विद्यालय के मेन गेट का ताला टूटा पड़ा है। सूचना पर जब वे विद्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया तो देखा कि आईसीटी लैब के रूम का ताला काटा हुआ है और लैब में रखे 12 वोल्ट के छह बैटरी, डेस्क टॉप पूरा सेट दो पीस, एंप्लीफायर एक पीस, डेड फोन दो पीस, डैमेज प्रोजेक्टर एक पीस गायब है। चोरी की घटना से करीब ढाई लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी गई है।

---

मां की प्रेरणा से विश्रामपुर को शैक्षणिक हब के रूप में किया स्थापित: विधायक

# मेडिकल- इंजीनियरिंग कॉलेज गौरव की बात : कर्मवीर

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला में शुक्रवार को विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी की माता लक्ष्मी चंद्रवंशी की नौवीं पुण्यतिथि

**लक्ष्मी चंद्रवंशी की नौवीं पुण्यतिथि व महिला महाविद्यालय का धूमधाम से मना स्थापना दिवस**

व महिला महाविधालय का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह,पलामू सांसद वीडी राम, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी व वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य नूतन रानी ने तथा संचालन राकेश सोनी व बागीश मिश्रा ने बारी-बारी से किया। इससे पहले महाविद्यालय परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लक्ष्मी चंद्रवंशी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि कर्मवीर सिंह ने कहा कि क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि स्थानीय बच्चों को पढ़ने के लिए मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज विश्रामपुर में उपलब्ध है। सांसद वीडी राम ने पूर्व विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी की सराहना करते हुये कहा कि अब गरीब परिवार के बच्चे भी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि विश्रामपुर-रेहला जैसे पिछड़े क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थान खोलने के लिए उन्हें मां ने ही प्रेरित किया था। उनकी इच्छाओं को पूरा करने के क्रम में यह क्षेत्र आज शैक्षणिक हब के रुप में स्थापित हो चुका है। समारोह के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन, नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम, प्रभात कुमार, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, पूर्व प्रखंड प्रमुख संतोष चौबे, शशिनाथ चौबे, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, तेतरी चंद्रवंशी, मंजू चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, अनुराग चंद्रवंशी, मनीषा चंद्रवंशी, पुष्पा देवी,डॉ. बीपी शुक्ला, शिक्षाविद अरुण कुमार सिंह मौजूद थे।


दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि

### प्रेमी युगल ने मंदिर में रचायी शादी

**हरिहरगंज।** स्थानीय थाने के समीप स्थित शिव मंदिर में गुरुवार को वर और वधु दोनों पक्षों की रजामंदी से आखिरकार प्रेमी जोड़े ने शादी रचा ली। इस शादी के साक्षी के तौर पर वर व वधु पक्ष के माता-पिता,भाई व परिजन मौजूद थे।

---


**कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)।**
Email:- nphussainabad@gmail.com

ज्ञापांक----------/न0प0 दिंनाक----------

शुद्धि पत्र

हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय के ज्ञापांक 881, दिनांक 27.12.2023 के अन्तर्गत अति अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना–सह–इच्छा की अभिव्यक्ति सं0 02/2023–24 जिसका P.R. 314472 District(23-24)#D है के तहत इच्छुक CA/Firm/सेवाप्रदाता/संस्था से दर आमंत्रित किया गया था। उक्त के आलोक में अतिअल्पकालिन दर आमंत्रण सूचना हेतु भाग लेने वाले इच्छुक संवाप्रदाता/फर्म/CA के अहर्ता के कंडिका 2 में वर्णित वार्शिक Turnover 2500000.00 रु (पचीस लाख रुपये) के स्थान पर अद्यतन अंकेक्षित बैलेंस शीट एवं अद्यतन Income tax return & GSTR-3B होना अनिवार्य होगा।

शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

प्रशासक
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR.NO.315178 District(23-24):D


---

क्रिकेट प्रतियोगिता, पूर्व सांसद ने खिलाड़ियों को किया

# सरइडीह को परास्त कर नीमा की टीम बनी विजेता


मंचासीन पूर्व सांसद व अन्य

नवीन मेल संवाददाता

**नौडीहा बाजार।** स्थानीय प्रखंड अंतर्गत खैरादोहर में केकेआर क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में सरइडीह को परास्त कर नीमा ने खिताब पर कब्जा जमाया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित पलामू के पूर्व सांसद घूरन राम ने विजेता टीम को सात हजार रूपये नगद राशि प्रदान किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल में टीम भावना की भूमिका अहम होती है। इससे पूर्व आयोजन क्लब के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने पूर्व सांसद का स्वागत किया। मौके पर उपाध्यक्ष अजय कुमार रवि, सचिव डब्ल्यू कुमार, उपसचिव अभिषेक कुमार रवि, कोषाध्यक्ष बबलू कुमार, राजद प्रदेश सचिव कैलाश यादव, जिला पार्षद सुदामा पासवान, मुखिया पातो देवी आदि मौजूद रहीं।

---


**न्यायालय उपायुक्त, पलामू।**

नोटिस

अवैध बालू खनिज भंडारण की राजसात (Confiscation) की कार्यवाही हेतु।

विविध वाद सं0 – 90/2023–24

राज्य बनाम् अज्ञात

नोटिस बनाम अज्ञात

| क्र0 | अवैधकर्त्ता का नाम | बालू खनिज भंडारण स्थल का पता | खनिज | अवैध भंडारण मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अज्ञात | हरिहरगंज अंचल अन्तर्गत मौजा लंगुराही थाना सं0 115 खाता सं0 79 प्लौट सं0 548, 545 रकबा 3.04 एकड़ में | बालू | लगभग 1800 cft |

इस दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पुलिस अधीक्षक, पलामू के पत्रांक 5105/अप0शा0, दिनांक 21.12.2023 के द्वारा हरिहरगंज थाना कांड सं0 105/2023 दिनांक 28.04.2023 के मामले में झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 की धारा 54 एवं झारखण्ड खनिज (अवैध खनन पर रोक, परिवहन एवं भंडारण) नियम 2017 की धारा 9(i)/13(i) के अन्तर्गत उपरोक्त अवैध बालू भंडारण जप्त करते हुए अज्ञात अवैधकत्ताओं के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर राजसात (Confiscation) की कार्रवाई हेतु प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में उपायुक्त, पलामू के न्यायालय में वाद संधारित है। उक्त के संबंध में उपरोक्त स्थल पर यदि किसी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो उक्त सुनवायी की निर्धारित तिथि **30.01.2024** को 10.30 बजे पूर्वाह्न में उपायुक्त न्यायालय में उपस्थित होकर संबंधित दस्तावेज के साथ अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा जप्त अवैध बालू खनिज की राजसात् (Confiscation) की कार्यवाही पर अंतिम निर्णय ले लिया जाएगा।

उपायुक्त, पलामू के निदेशानुसार
उप समाहर्त्ता,
प्रभारी जिला विधि शाखा, पलामू।

PR 315167 (District) 23-24 (D)


---


**कार्यालय,प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल**

–: आवश्यक सूचना :–

भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु अगली तिथि 19.01.2024 निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | अभियुक्त का नाम | वाहन का प्रकार/वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 21/2023 | 15.05.2023 | संतोष यादव हंसराज प्रसाद | पिकअप रजि नं0 JH-01T-0899 | साल चौखठ 12 पीस |
| 02 | 22/2023 | 18.05.2023 | कमला गंझू | ट्रैक्टर चेचीस नं0 MBNAG48ACMTF73025 | कोयला 1.5 टन |
| 03 | 27/2023 | 05.06.2023 | सुजित कुमार गुप्ता, पप्पु कुमार यादव | पिकअप भैन रजि नं0 JH-03G-6419 | सखुआ चौखठ 51 पीस |
| 04 | 24/2023 | 31.05.2023 | मनोज प्रसाद गुप्ता, पवन कुमार, आलोक प्रसाद | मोटरसाईकल रजि0 नं0– JH-01N-6823 | गम्हार पटरा 04 पीस |
| 05 | 29/2023 | 16.06.2023 | सुमन्त कुमार, कमलेश यादव | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-08D-9761 | बल्ली साल 31 पीस |
| 06 | 30/2023 | 20.06.2023 | संजय सिंह भोला सिंह | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-13E-1915 ट्रैक्टर रजि नं0 JH-08D-0696 | पत्थर लगभग छः टन |
| 07 | 32/2023 | 12.07.2023 | राकेश कुमार सिंह | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-19C-3824 | केन्दू पता 19 बोरा |
| 08 | 35/2023 | 11.10.2023 | रविन्द साव | पियागो टेम्पू रजि नं0 JH-19C-9160 | सेमल पटरा 25 पीस |
| 09 | 34/2023 | 23.09.2023 | सुरेन्द्र प्रसाद | पियागो टेम्पू रजि नं0 JH-08F-0615 | साल चौकठ 10 पीस |
| 10 | 37/2023 | 30.10.2023 | लक्ष्मण यादव, नारायण भोक्ता | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-19A-4416 | बालू 80 CFT |
| 11 | 38/2023 | 03.11.2023 | नरेश प्रसाद गुप्ता, सुरेश साव | टेम्पू रजि नं0 JH-08G-1065 | साल चौकठ 10 पीस |
| 12 | 39/2023 | 07.11.2023 | सोहराब आलम | टेम्पू रजि नं0 JH-03AL-1744 | सखुआ चौकठ 10 पीस |
| 13 | 40/2023 | 01.12.2023 | केश्वर सिंह, राजेश सिंह | – | सिधा बल्ली 15 पीस |
| 14 | 41/2023 | 05.12.2023 | अवधेश यादव, संतोष यादव | – | करम चौकठ 24 पीस, करम बोटा 01 पीस, आरा 01 पीस |
| 15 | 42/2023 | 02.01.2024 | मुनु उरांव | ट्रैक्टर इंजन नं0 RHC2EAN3535 | बल्ली साल 17 पीस |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त सभी अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.01.2024 को 11:00 बजे पर्वाह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल।

PR.NO.315255 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D

## एक नजर

### बीएचयू गैंगरेप के दोषियों को दी जाये फांसीः झाक्रामं

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने शुक्रवार को पटेल नगर सुदना स्थित आवास पर आयोजित वार्ता में बीएचयू आईआईटी की छात्रा के साथ गैंगरेप के दोषियों को फांसी की सजा दिये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि मामले में गिरफ्तार आरोपी भाजपा आईटी सेल के कुणाल पाण्डेय,सक्षम पटेल व अभिषेक चौहान को अविलंब फांसी पर लटकाया जाये। उन्होंने रोष जताते हुये कहा कि दुष्कर्म के 60 दिन बाद यूपी पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी कर बिना रिमाण्ड लिए सीधे जेल भेजने की कार्रवाई रामराज्य की अवधारणा के विपरीत है। तीनों आरोपियों का फोटो भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ वायरल होने से साबित हो रहा है कि भाजपा आईटी सेल की आड़ में अराजक तत्वों की फौज खड़ा कर रही है।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने झारखंड प्रभारी से की मुलाकात



**मेदिनीनगर।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जैशरंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने रांची में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मुलाकात कर उन्हें जिले की वर्तमान राजनीतिक स्थिति की जानकारी दी। प्रदेश प्रभारी के प्रथम झारखंड आगमन पर श्री पाठक ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, जलेसर महतो की उपस्थिति में श्री मीर को बुके देकर उनका स्वागत किया। झारखंड प्रभारी ने जिलाध्यक्षों के साथ बैठक में सभी को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का निर्देश दिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि उनके निर्देश पर कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को केंद्र सरकारी की नाकामियों से अवगत करा रहे हैं।

### रैयतों के मुआवजा मामले में आंदोलन का एलान

**मेदिनीनगर।** बसपा के लोकसभा प्रभारी सह पूर्व प्रत्याशी डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र विनोद कुमार (अधिवक्ता) एवं बसपा जिलाध्यक्ष अजय कुमार भारती ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से वार्ता कर भू-अर्जन कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरी। उन्होंने रोष जताते हुये आरोप लगाया कि एनएच-75 फोरलेन निर्माण के लिये पोखराहा खुर्द के रैयतों कि जमीन अधिग्रहित की गयी है। जिसके मुआवजे के बदले अंचल कार्यालय, सरकारी अमीन, कर्मचारी सहित भू-अर्जन कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारी मिलने वाले राशि का एक प्रतिशत रिश्वत मांग रहे हैं। नहीं देने पर रैयतों का मुआवजा भुगतान अभी तक लंबित है। पार्टी द्वारा इस संबंध में पहले भी आवाज उठाई जा चुकी है, किंतु कोई पहल नहीं किये जाने से समस्या यथावत बनी हुयी है। अब इस मामले को लेकर बसपा ने आर-पार के संघर्ष का निर्णय लिया है। यदि तत्काल रैयतों को मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया पार्टी धरना-प्रदर्शन के लिये बाध्य होगी। बात नहीं बनने पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से गुहार लगाई जायेगी।

श्रद्धापूर्वक मनायी गयी गुरु गोविंद सिंह की 357 वीं जयंती

## संस्कृति की रक्षा के लिये दिया जीवन का बलिदान



जयंती मनाते कार्यकर्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा द्वारा सिक्खों के 10वें गुरु गोविंद सिंह की जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने व संचालन संजय कुमार ने किया। गुरु गोविंद सिंह की तस्वीर पर फूल माला चढ़कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह धर्मगुरु के साथ महान शासक, समाज सुधारक एवं क्रांतिकारी संत थे। उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना कर अत्याचार के विरुद्ध लड़ाई लड़ी। उन्होंने मानव जाति को जीवन जीने की कला सिखाई। शिवनारायण साहू ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए जीवन का बलिदान दिया था। इस अवसर पर जसवंत कुमार, विनय, नागेंद्र राम, गिरीश कुमार, प्रद्युम्न तिवारी, श्याम पाठक, उमेश पासवान, राजू राम, संजीत कुमार उपस्थित थे।

### मोतियाबिंद शिविर आज

**हरिहरगंज।** बिहार के रोहतास जिले के जमुहार स्थित नारायणा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल की टीम द्वारा शनिवार को हरिहरगंज शहर के न्यू सब्जी बाजार में मोतियाबिंद निःशुल्क जांच शिविर लगाया जायेगा। जांच शिविर के मुख्य अतिथि हरिहरगंज मुखिया सह एनसीपी विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा होंगे।

महुआडांड में 63 वर्ग किमी में फैला है देश का सबसे बड़ा भेड़िया अभयारण्य

## पीटीआर में प्रजनन काल में ही दिखते हैं भेड़िये

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड का पलामू टाइगर रिजर्व सिर्फ बाघ अभ्यारण्य ही नहीं, अपितु यहां के महुआडांड रेंज में 63 वर्ग किमी भू-भाग में फैला देश का सबसे बड़ा भेड़िया अभयारण्य भी स्थित है। हैरत की बात है कि पीटीआर में भेड़ियों का झुंड सिर्फ अपने प्रजनन काल दिसंबर-जनवरी महीने में ही दिखते हैं। उसके बाद मार्च महीने के अंत तक वे अपने मांदों को छोड़कर चले जाते हैं। पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उप निदेशक कुमार आशीष ने बताया कि भेड़ियों पर नजर रखने के लिए उनकी मांद के आसपास 10 कैमरे लगाये गये हैं। एक अनुमान के अनुसार यहां 20 से 25 भेड़ियों की मांदें हैं। जिनमें से 20 मांद में भेड़िये रहते हैं। यह भेड़िया अभयारण्य 1976 में बना था। 1979 में भेड़ियों की सबसे पहले की गयी गणना में उनकी तादाद 41 पायी गयी थी। जबकि 10 साल पहले 2013 में महुआडांड़ रेंज के भेड़िया अभयारण्य में सर्वाधिक 667 भेड़ियों की गणना की गई थी। वर्ष 2024 में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि इनकी संख्या घटकर 60-70 के बीच रह गयी है। कुमार आशीष ने बताया कि एक बार में भेड़िये दो से तीन बच्चे पैदा करते हैं।



पीटीआर में विचरण करता भेड़िया

### भारत में दो हजार से अधिक हैं भेड़िये , संरक्षण जरूरी

देहरादून के वैज्ञानिक शाहिद इकबाल ने बताया कि भारत वर्ष में इस वक्त 2000 से 3000 भेड़िया हैं। ऐसी स्थिति में महुआडांड़ में 60 से 70 भेडियों की मौजूदगी बहुत ही सुखद संकेत है। उन्होंने बताया कि गुजरात और राजस्थान में भेड़ियों की संख्या आंध्र प्रदेश व महाराष्ट्र से बहुत ज्यादा है। पीटीआर में भेड़ियों के लिए समुचित आहार भी उपलब्ध है।

17 सौ घनफीट बोल्डर चिप्स एवं दो सौ घनफीट डस्ट किया जब्त, संचालक के खिलाफ एफआईआर

## संचालित अवैध क्रशर को डीएमओ ने किया सील

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने शुक्रवार को थाना प्रभारी सतबरवा व पुलिस बल के साथ मुरमा में अवैध रूप से संचालित क्रशर पर छापेमारी कर क्रशर को सील कर दिया। इस दौरान क्रशर में रखे 17 सौ घनफीट बोल्डर चिप्स एवं दो सौ घनफीट डस्ट को जब्त किया गया। इस मामले में क्रशर संचालक मनिका निवासी प्रयाग यादव एवं अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि सतबरवा थाना क्षेत्र में अवैध रूप से क्रशर का संचालन किये जाने के संबंध में लगातार सूचनायें मिल रहीं थीं। जिस पर यह कार्रवाई की गयी है।

**सतबरवा थाना क्षेत्र में अवैध रूप से क्रशर का संचालन किये जाने के संबंध में लगातार सूचनायें मिल रहीं थी, जिस पर यह कार्रवाई की गयी है : जिला खनन पदाधिकारी**



क्रशर प्लांट को सील करते डीएमओ

### ईट भट्ठों का भी किया निरीक्षण

अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर सतबरवा पहुंचे जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने थाना क्षेत्र में संचालित ईंट भट्ठा का भी निरीक्षण किया। डीएमओ ने लेस्लीगंज निवासी राजन सिंह द्वारा संचालित एआरबी ईंट भट्ठा व लातेहार निवासी प्रकाश कुमार साहू द्वारा संचालित पीकेएस ईट भट्ठा का निरीक्षण किया।

### अवैध खनन पर रखें पैनी नजरः डीसी

अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने कहा है कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन नहीं हो, सभी संबंधित पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें। उन्होंने खनन से जुड़े अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखने के साथ ही ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुए कानूनी कार्रवाई करने को निर्देशित किया है।

### बख्से नहीं जायेंगे अवैध खनन के कारोबारी : डीएमओ

जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा कि उपायुक्त शशि रंजन के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम को लेकर विभाग पूरी तरह से सक्रीय है।जिले में किसी भी प्रकार के अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों को किसी भी कीमत पर बख्सा नहीं जाएगा। टीम की कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## कमिश्नर ने विभिन्न शाखा कार्यालयों का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमण्डलीय आयुक्त दशरथ चन्द्र दास ने शुक्रवार को आयुक्त कार्यालय के विभिन्न शाखा कार्यालयों का निरीक्षण किया। आयुक्त ने प्रमंडलीय सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, वीडियो कान्फ्रेंसिंग हॉल, पेशकारी शाखा, नजारत शाखा, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक का कार्यालय, प्रशाखा पदाधिकारी का चेंबर, रिकॉर्ड रूम, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार कार्यालय, उप निदेशक कल्याण, उप निदेशक पंचायती राज कार्यालय, उपनिदेशक खाद्य कार्यालय एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के चेंबर, सभागार आदि का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय एवं शाखाओं की बेहतर साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया। साथ ही दस्तावेजों एवं अभिलेखों को संरक्षित एवं सुरक्षित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभिलेखों का सही संधारण एवं बेहतर तरीके से रखरखाव तथा स्थान का सही से सदुपयोग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अभिलेखों का बेहतर तरीके से रखरखाव हेतु व्यवस्थित रिकॉर्ड रूम का प्रस्ताव देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त के साथ प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी, अमित कुमार, राकेश कुमार दुबे, तनवीर अहमद, राहुल सहित क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के कर्मी, क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक के कर्मचारी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

पुलिस एवं परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से चलाया हेलमेट एवं सीटबेल्ट जाँच अभियान

## सड़क सुरक्षा टीम ने स्कूली बच्चों को बताये सड़क सुरक्षा के नियम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर जिला सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा परियोजना प्लस-2 उच्च विद्यालय धनमानी पिपरा में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र - छात्राओं को सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, हेलमेट व सीटबेल्ट का उपयोग, इमरजेंसी सेवायें, साइनेज, ट्रैफिक लाइट, हैंड साइन, इमरजेंसी सेवा के संबंध में जानकारी दी गयी। छात्र-छात्राओं को बताया गया कि कैसे सड़क दुर्घटना पर नियंत्रण के लिए सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करना चाहिये। उन्हें बताया गया कि यातायात नियमों का पालन सभी के लिए महत्वपूर्ण है,क्योंकि सड़क दुर्घटना किसी व्यक्ति विशेष की नहीं होती है। इस दौरान सभी छात्र -छात्राओं को शपथ दिलाया गया कि सभी यातायात के नियमों का पालन करेंगे एवं अपने घर-परिवार के सदस्यों व मित्रों को भी यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करेंगे। इसके अलावे परिवहन विभाग एवं पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से पिपरा थाना अंतगर्त दुपटिया मोड़ के पास हेलमेट एवं सीटबेल्ट का जांच अभियान चलाया गया। डीटीओ अनवर हुसैन ने कहा कि वाहन जांच अभियान समय समय पर निरंतर चलता रहेगा।



स्कूली बच्चों को जानकारी देते पदाधिकारी

कौशल विकास केंद्र नावा बाजार में स्टार एलुमिनी प्रोग्राम का आयोजन

## मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत युवतियों को नियुक्ति पत्र का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास केंद्र आईटीआई कॉलेज नावा बाजार के निष्ठा स्किल्स सेन्टर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत नियुक्ति पत्र वितरण एवं स्टार एलुमिनी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएससी देवेश सिंह व विकास तिवारी, प्लेसमेंट मैनेजर पूजा कुमारी एवं दीपशिखा कुमारी, ब्लू जर्सी कंपनी के गोकुल राज व ग्रीन वे कंपनी के सेंटर मैनेजर अनिल यादव एवं एमआईएस मैनेजर संजीव कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल यादव ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों को बुके प्रदान कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास प्रशिक्षण एवं मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत झारखंड के बेरोजगार युवाओं को मेगा स्किल का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ने की मुहिम चलायी जा रही है। इस दौरान ब्लू जर्सी कंपनी में 45 युवतियों को एवं ग्रीन वे में 40 युवतियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम में कुल 180 युवतियों ने भाग लिया। मौके पर ट्रेनर पूजा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, कशीदा कुमारी, कविता कुमारी, सिमरन कुमारी, संजू कुमारी, प्रियंका कुमारी, शहाबुद्दीन अंसारी, अनूप कुमार, अजय कुमार मौजूद थे।




कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी

उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ की स्वास्थ्य समिति की बैठक, महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन पर दिये निर्देश

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामुदायिक केंद्र के प्रभारी गणतंत्र दिवस पर होंगे सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित अभियानों सहित नियमित स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के संबंध में चर्चा की गयी। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में उपलब्ध कराये गये संसाधनों का बेहतर तरीके से उपयोग कर स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में सुधार व विस्तार का लाभ लोगों को अधिक से अधिक दिया जा सके इसके लिए सभी स्वास्थ्य कर्मियों को जिम्मेवारी एवं संवेदनशीलता के साथ प्रयास करना होगा। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामुदायिक केंद्रों के प्रभारियों को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित किया जायेगा।



बैठक को संबोधित करते डीसी

**आवासीय विद्यालय में छात्राओं का स्क्रीनिंग करने के निर्देश :** बैठक में स्वास्थ्य डीपीएम दीपक ने बताया कि पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में 2042 बच्चियों की स्क्रीनिंग की गयी है। जिसमें 283 बच्चियों को उनके बीमारी से संबंधित दवाइयां भी उपलब्ध कराया गयी हैं। इस पर उपायुक्त ने आवश्यक निर्देश दिया।

### विशेष हेल्थ कैंप लगाने का निर्देश

उपायुक्त ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी को पीवीटीजी बहुल क्षेत्र में हेल्थ विशेष कैंप लगाने के निर्देश दिये। इसके अलावे उन्होंने उंटारी रोड व मोहम्मदगंज में खाली पड़े सीएचसी बिल्डिंग को उपयोगिता में लाने हेतु डीपीएम को निर्देशित किया।.इसी तरह उन्होंने खराब पड़े एम्बुलेंस को दुरुस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जहां भी मूलभूत सुविधाओं की कमी है उसे दुरुस्त करने को लेकर उपायुक्त से पत्राचार जरूर करें। इसके अलावे उन्होंने सभी जगह मैनपावर की जानकारी ली। उपरोक्त के अतिरिक्त उपायुक्त ने कई बिंदुओं पर समीक्षा कर कई अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

### कवरेज बढ़ाने का निर्देश

बैठक में उपायुक्त शशि रंजन ने जिले में बनाये जा रहे आयुष्मान कार्ड की जानकारी ली,। बताया गया कि पिछले माह में 11 हजार से अधिक कार्ड बनाये गये हैं.'इसपर उन्होंने असंतोष जाहिर करते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश दिये।इसमें उन्होंने आयुष्मान के समन्वयक को विशेष तौर पर पीवीटीजी परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्देश दिया।

राज्य परिषद की बैठक में की गयी घोषणा

## डालटनगंज विधानसभा से रुचिर होंगे भाकपा प्रत्याशी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद की पिछले दिनों रांची में हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। भाकपा के वरिष्ठ नेता सह राज्य कार्यकारिणी सदस्य सूर्यपत सिंह ने बताया कि बैठक में झारखंड राज्य प्रभारी राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान सहित राज्य सचिव महेंद्र पाठक, राजेंद्र यादव, पशुपति कोल, छाया कोल, राज्य परिषद के सुरेश ठाकुर, जितेंद्र सिंह, राजेंद्र बैठा, रुचिर तिवारी भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड की हालिया राजनीतिक हलचल पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान स्थानीय नेताओं द्वारा राज्य परिषद का ध्यान पलामू में व्याप्त अकाल की ओर आकर्षित कराया गया। साथ ही बेरोजगारी, बढ़ती मंहगाई और आसन्न लोकसभा व विधानसभा चुनावों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्टी पलामू, चतरा लोकसभा के साथ-साथ डालटनगंज-भंडरिया, पांकी एवं छतरपुर विधानसभा में चुनाव लड़ेगी। डालटनगंज विधानसभा में रुचिर कुमार तिवारी के चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद पार्टी की हलचल बढ़ गयी है।

प्रदर्शन

जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में खूब दौड़े होनहार

## जिले के 250 छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम

**प्रतियोगिता में सफल खिलाड़ी आदित्यपुर खरसावां सरायकेला में सात जनवरी को आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे : संजय कुमार त्रिपाठी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में शुक्रवार को जीएलए कॉलेज स्टेडियम में जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पलामू जिला के विभिन्न प्रखंडों से 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा, पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमलानंद दुबे, अमिता रंजू टेटे के साथ संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार मेहता, जीपीएस के शारीरिक शिक्षक सह पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडे, बाल शिक्षा निकेतन स्कूल के प्राचार्य पीयूष राज पुरुषोत्तम, शिक्षक राजीव रंजन मिश्रा, दीपक तिवारी उपस्थित थे। प्रतियोगिता का संचालन एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडे के निर्देशन में कोच मोनू कुमार, प्रीति कुमारी, आर्या सिंह व अक्सा नाग ने किया। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता में सफल खिलाड़ी आदित्यपुर खरसावां सरायकेला में 7 जनवरी को आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।



हरी झंडी दिखाते अतिथि

**प्रतियोगिता का परिणाम :** अंडर 16 बालक वर्ग में प्रथम सुधाकर कुमार मेहता,द्वितीय संदीप सिंह व तृतीय विकास कुमार जबकि बालिका वर्ग में प्रथम साधना कुमारी, द्वितीय तनु कुमारी एवं तृतीय मेरी तिला खाखा रहीं। अंडर 18 बालक वर्ग में प्रथम प्रभात कुमार रहमानिया, द्वितीय वाल्मीकि रजवार, तृतीय मनजीत कुमार सिंह एवं बालिका वर्ग में प्रथम पूजा कुमारी,द्वितीय स्नेहा खातून व तृतीय स्थान लकी कुमारी ने प्राप्त किया। अंडर 20 बालक वर्ग में प्रथम राकेश कुमार, द्वितीय सोनू यादव तृतीय सुरेश सिंह तथा बालिका वर्ग में प्रथम मोनी कुमारी,द्वितीय चांदनी कुमारी व तृतीय प्राकृतिक तिर्की रहीं। 20 वर्ष से ऊपर पुरुष वर्ग में बजरंगी चौधरी पटेल ने बाजी मारी। तारा मोहम्मदगंज द्वितीय व राकेश कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

## एक नजर

### भवनाथपुर में भाजपा ने किया बूथ स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन




**भवनाथपुर।** टाउनशिप हेलीपैड के प्रांगण में शुक्रवार को भाजपा द्वारा विधानसभा बूथ स्तरीय त्रिदेव सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पलामू सांसद बीड़ी राम, क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही व गढ़वा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। सिंह ने कहा कि अगर शून्य से शिखर पर आज भाजपा पहुंची है, तो यह कर्मयोगी बूथ कार्यकर्त्ता के सहारे ही संभव हुआ है। कहा कि किसी भी चुनाव में बूथ को सशक्त कर ही चुनाव में जीत हासिल किया जा सकता है, इसके लिए सभी बूथ कमिटी एक सूची बनाकर उसे एक सुद्दढ रूप से चुनाव के लिए तैयार कर सकते है। कहा कि पूरे बूथ कमिटियों को पीएम मन की बात सुनाने हेतु विधायक भानु ने उपस्थित सभी 502 बुथ अध्यक्षो को रेडियों प्रदान किया है। उन्होंने कहा की देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने यूपी के अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराकर देशवासियों के सपना को सच करने का कार्य किया है। उन्होंने आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के दिन पुरे विस के हर घर में दीप जलाने के बात कही। सांसद बीड़ी राम ने कहा कि बूथ कार्यकर्त्ता के बदौलत ही किसी भी पार्टी के जीत या पराजय का परिणाम निर्भर करता है। उन्होंने उपस्थित सभी बूथ कमिटियों को आगामी चुनाव में भाजपा की जीत को सुनश्चित करने का आग्रह किया। विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि देश युवा पीढ़ी अगर नया सोच विकसित करेगा तो देश विश्वगुरु बनने से कोई रोक नही सकेगा। आजादी के 60 वर्षो तक देश के गरीब अपने मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे, लेकिन जैसे ही केंद्र में भाजपा की सरकार बनी पीएम नरेंद्र मोदी ने गरीबो के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रहे है। कहा कि अगर बूथ अध्यक्षों के कड़ी मेहनत के बदौलत अगर बूथ पर कमल नही खिलता तो देश को नरेंद्र मोदी जैसा महामानव नही मिलता। भवनाथपुर विस क्षेत्र के पुरे 502 बूथ पर पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात को कार्यकताओं को सुनाना बूथ अध्यक्ष की दायित्व है, इसलिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के सोच उनके नीति व सिद्धांत के साथ भाजपा निरंतर आगे बढ़ रही है। गढ़वा जिले के गैर मजरूआ जमीन है, वह पुरे प्रदेश में नही है। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने अवैध ढंग से 200 एकड़ गैर मजरूआ जमीन का मालबंधी करवा लिया है। सम्मेलन को भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, जिला प्रभारी अमित कुमार सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

### गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता (सीनियर वर्ग)

# आरके पब्लिक स्कूल क्वार्टर फाइनल में



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में रमकंडा हाई स्कूल को 49 रन से हराकर आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की टीम ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रियांशु के 24 और आकाश के 18 रन के सहयोग से सभी विकेट खोकर 112 रन बनाए। रमकंडा हाई स्कूल के अंशु ने बेहतर गेंदबाजी करते हुए चार खिलाड़ियों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। जवाबी पारी खेलने उतरी रमकंडा की शुरुआत खराब रही औश्र उसने 12 रन के योग पर तीन विकेट खो दिया। मध्यक्रम के बल्लेबाज सत्यम ने टीम की ओर से सर्वाधिक 26 रन बनाए। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं किया। पूरी टीम 63 रन पर ही सिमट गई। आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की ओर से आकाश ने तीन विकेट प्राप्त किये। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार डॉक्टर कुमार निशांत सिंह ने आरके पब्लिक स्कूल के आकाश को प्रदान किया। मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी अभय कुमार, शिक्षक धीरेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, राजकुमार, रणजीत तिवारी, रजनीश, आयुष तिवारी, नवनीत कुमार, दिव्य रंजन चौबे, मनीष, धीरज, प्रिंस दुबे, शामिल थे। अंपायर की भूमिका सुमित कुमार, अभिषेक, ओमकार और कमेंटेटर की भूमिका प्रिंस खान ने निभाई।

# पुण्यतिथि पर अर्थशास्त्र के प्रोफेसर स्व. डॉ. प्रभाकर को दी गई श्रद्धांजलि




**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

वर्तमान में गुरु शिष्य के संबंध में काफी अंतर देखा जाता है। अब शिष्यों पर तकरीबन आधुनिकता हावी है तो गुरु भी कोरम पूरा करने तक सिमट गए हैं। लेकिन गुरु शिष्य का अटूट व अमर रिश्ता की मिसाल पेश की रमना के शिष्यों ने। प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रभाकर इकोनॉमिक्स क्लासेस में शुक्रवार को एसएसजेएसएन कॉलेज गढ़वा के अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष स्व. डॉ प्रवीण प्रभाकर की प्रथम पुण्य तिथि पर उनके शिष्यों ने शोक सभा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्रों ने उनके चित्र के समक्ष दीप जलाकर व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। शोक व्यक्त करते हुए उनके शिष्यों ने कहा कि स्व. डॉ प्रवीण प्रभाकर सर अब उनके बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा दी गई शिक्षा पग पग पर काम आ रही है। वे शिष्यों को काफी प्यार करते थे। पढ़ाने में तनिक भी कोताही नहीं करते थे। शिष्यों को काफी सुविधा देते थे। वे कहा करते थे कि विद्वान बनो और संस्कारी रहो तो दुनिया के हर कोने में आदर के पात्र रहोगे। जानकारी के अनुसार उनके शिष्य शुभम कुमार यादव ने अपने गुरु के नाम पर कोचिंग सेंटर 'प्रभाकर इकोनॉमिक्स क्लासेस रमना' खोल रखा है। यह है गुरु शिष्य संबंध की मिसाल। मौके पर मुख्य रूप से प्रदीप कुमार यादव, अमर, राकेश कुमार, अनमोल कुमार, दीपक कुमार, आदित्य कुमार, कंचन कुमारी, अंशिका कुमारी, सपना कुमारी, रिंकी, संजू, सीमा आदि मौजूद थे।

# राशन का वितरण नहीं होने से लाभुक परेशान

### केतार में पांचवें दिन भी पीडीएस डीलरों की हड़ताल जारी रही

### 10802 राशन कार्डधारी हैं केतार प्रखंड में



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

फेयर प्राइस पीडीएस डीलर्स एसोसिएशन की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण केतार प्रखंड में राशन का वितरण पूरी तरह से ठप पड़ गया है। केतार प्रखंड के सभी सात पंचायतों में 22 डीलर हैं, जिनके माध्यम से सरकार राशन का वितरण कराती है।

पीडीएस डीलरों के हड़ताल पर जाने के कारण गरीबों को राशन नहीं मिल पा रहा है। केतार प्रखंड में कुल राशनकार्ड धारियों की संख्या 10802 है। इसमें पीएच राशनकार्ड धारियों की संख्या 8982 है, जिसमें परिवारों की संख्या 43069 है। अंत्योदय राशन कार्ड धारियों की संख्या 1101 है, जिसमें परिवारों की संख्या 4808 है, जबकि ग्रीन राशनकार्ड धारियों की संख्या 745 है। सफेद राशन कार्ड धारियों की संख्या 34 है और इसमें सदस्यों की संख्या 110 है। केतार प्रखंड के डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष प्रभु नारायण गुप्ता और सचिव सुरेश राम ने कहा कि केंद्र सरकार ने पांच साल तक पांच किलो अनाज बांटने की घोषणा की है। लेकिन डीलरों की सुविधाओं में कोई बढ़ोतरी नहीं की गयी है। कोरोना काल में 16 महीना तक लाभुकों के बीच मुफ्त अनाज का वितरण किया गया था, जिसका कमीशन भी अब तक नहीं मिला है। वहीं डोर टू स्टेप डिलीवरी का पैसा भी मार्च से दिसंबर तक का बकाया है। बताया कि जब तक डीलरों की मांग पूरा नहीं की जायेगी तब तक हड़ताल जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि प्रखंड के डीलर विगत 1 जनवरी से विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं।

### अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम को गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

# 'अवैध खनन पर त्वरित कार्रवाई करें'




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु गुरुवार को समाहरणालय गढ़वा स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। यह बैठक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह समेत अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा/रंका समेत कई वरीय पदाधिकारी ने भाग लिया, साथ हीं अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों ने विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में भाग लिया।

जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम को लेकर बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा कर उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण से संबंधित शिकायत प्राप्ति पर त्वरित मामले की गहन जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करें। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा।

बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी को सतत निगरानी रखते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अवैध रूप से बालू ढुलाई की सूचना पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारी को लीगल बालू ढुलाई को ना रोकने का निर्देश दिया एवं निर्गत रसीद देखने को कहा। रात्रि के समय पैनी नजर रखते हुए अवैध ढुलाई पर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। विभिन्न स्थानों पर चेक पोस्ट आदि के माध्यम से भी इसकी जांच करने को कहा गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन न हो यह संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी सुनिश्चित करें। जिससे जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर पूर्णतया प्रतिबंध रखा जा सके। इस बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप, जिला खनन पदाधिकारी नन्ददेव बैठा, समेत ऑनलाइन माध्यम से सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ऋण माफी की अफवाह फैला कर फार्म भरवाने पर पिता-पुत्र को पुलिस ने उठाया

**भवनाथपुर।** ऋण माफी की अफवाह फैला कर अपनी कंप्यूटर की दुकान में फॉर्म भरने के मामले में बीडीओ के निर्देश पर आरोपी पिता-पुत्र को भवनाथपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए थाना लाया। वहीं कर्ज माफी के लिए फॉर्म भराने आई महिलाओं से बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि किसी भी अफवाह में नही आएं। बिना किसी अधिकृत व्यक्ति से जानकारी लिए कहीं भी जाकर अपना पैसा और वक्त बर्बाद नहीं करें।आपको बता दें कि भवनाथपुर हाई स्कूल के सामने में आशुतोष लाला के द्वारा पिछले तीन दिनों से कर्ज मुक्ति अभियान नामक एक वेबसाइट पर समूह से लोन लिए महिलाओं का फॉर्म भरा जा रहा था। उक्त फॉर्म भराने को लेकर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं का भीड़ उमड़ पड़ा था। जब इसकी सूचना भवनाथपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी को मिला तो उन्होंने ने दुकान पर जा कर जानकारी लिया। वहां उपस्थित उर्मिला देवी, रूपा देवी, राजमती देवी, रेणु देवी, पुष्पा देवी, विन्दा देवी सहित सैकड़ों महिलाओं के बताया कि हम लोगो अपने लोन माफी कराने के लिए फॉर्म भराने आए हैं। हम लोगों को दुकान संचालक के द्वारा कहा गया है कि फॉर्म भरने के बाद लोन माफ हो जाएगा साथ हीं पूरे गांव में सूचना फैलाया गया है कि किसी भी तरह का लोन हो फॉर्म भरने के बाद माफ हो जाएगा। साथ में कर्ज मुक्ति अभियान का पाम्पलेट भी बंटवाया गया है।

## तिलदाग में मारपीट में दो महिला समेत तीन घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा थाना क्षेत्र के तिलदाग गांव में शुक्रवार की दोपहर में मकान में हिस्से को लेकर हुई मारपीट की घटना में दो महिलाओं समेत दोनों पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष के अमरनाथ गुप्ता पिता छठन साह एवं उसकी पत्नी सोनी देवी तथा दूसरे पक्ष के अंतिमा देवी पति प्रेमनाथ साह शामिल हैं। सभी घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार अमरनाथ गुप्ता एवं उसके बड़े भाई प्रेमनाथ साह के बीच पहले ही घर का बंटवारा हो गया है। प्रेमनाथ साह ने अपने हिस्से के मकान के अंदर लकड़ी-बांस से घोरान कर रहा था। इस पर अमरनाथ गुप्ता एवं उसकी पत्नी ने इसका विरोध किया। दोनों पक्षों में नोंकझोंक होते-होते मारपीट की घटना घटित हो गई।

### मारपीट में महिला समेत तीन घायल

**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अर्सली गांव में मारपीट की घटना में दो महिला समेत एकही पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। घायलों में सुरेंद्र बियार, उसकी पत्नी मनियां देवी एवं मां फुलझरिया कुंवर पति स्व.शोभू बियार शामिल हैं। इनमें मनियां देवी का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया गया कि सुरेंद्र बियार ने छत ढलाई के लिए अपने भाई बीरेंद्र बियार के घर के समीप छर्री रख दिया था। इसे लेकर बीरेंद्र बियार, उसकी पत्नी गायत्री देवी, पुत्री शारदा कुमारी एवं सिकंदर बियार की पत्नी गुड़िया देवी ने मिलकर सुरेंद्र बियार एवं उसके परिवारवालों के साथ मारपीट कर दी।

## लिपिक का छात्र से अभद्र व्यवहार मामले में तबादला

**भवनाथपुर।** भावनाथपुर हाई स्कूल में इंटर में नामांकन करने के मामले में छात्र शवलेश कुमार के साथ अभद्र व्यवहार करने और धमकी देने के आरोप में विभाग ने स्थानीय जमा दो हाई स्कूल के लिपिक चंद्रकांत पांडेय पर कारवाई करते हुए प्रशासनिक दृष्टिकोण से उत्क्रमित उच्च विद्यालय गरबांध नगरउंटारी में स्थानांतरण किया है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय के जारी आदेश में जमा दो हाई स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक को लिपिक चंद्रकांत पांडेय को तीन दिनों के अंदर विरमित करने का आदेश दिया है। बता दें कि पिछले दिन बुका गांव का छात्र शवलेश कुमार जमा दो हाई स्कूल में इंटर में नामांकन कराने गया हुआ था, जिसे लेकर प्रभारी प्राचार्य ने लिपिक के पास उसे भेजा। लिपिक ने नामांकन के लिए छात्र को कई बार दौड़ाया। बाद में छात्र से दो हजार रिश्वत की मांग की।

## परती कूशवानी-पाचाडूमर पथ पर बाइक ने महिला को मारी टक्कर

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार थाना क्षेत्र के परती कूशवानी - पाचाडूमर मुख्य पथ पर शुक्रवार की शाम सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये, जबकि एक युवक को मामूली चोट लगी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक प्रमोद कुमार और नीतीश कुमार परती की ओर से बाइक से अपने गांव योगीयावीर की तरफ जा रहे थे। इसी क्रम में अछिया टोला के समीप बाइक चालक अनियंत्रित होकर एक महिला में टक्कर मार दी। इस घटना में महिला दुलारी मुसहरीन गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायलावस्था में ग्रामीणों ने इलाज के लिए महिला को एम्बुलेंस से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। वहीं दोनों घायल युवकों को गांव में ही इलाज किया जा रहा है। घटना की जानकारी के बाद केतार थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर थाना ले गयी।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल



**केतार।** भवनाथपुर में मोटरसाइकिल दुर्घटना में मुकुन्दपुर गांव के मायर टोला निवासी रघुवर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से घायलावस्था में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पर मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने अस्पताल घायल का हाल जाना।

**पहल** तीन दशक पूरे होने पर भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति ने मनाया स्थापना दिवस

# 'योग व आयुर्वेद का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संदेश'




**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति द्वारा योग आयुर्वेद स्वदेशी वैदिक संस्कृति की निष्काम सेवा साधना एवं संघर्ष के तीन दशक पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने योग एवं आयुर्वेद का संदेश जन जन तक पहुंचाने और योग कक्षा, स्वदेशी आदि को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का प्रथम सत्र पतंजलि योग समिति के प्रखंड कार्यालय में आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ आचार्य पंडित दिनेश पाठक, प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा, डॉ विजय कुमार यादव, संजय प्रसाद, योग शिक्षक बीजेश्वर प्रजापति आदि ने संयुक्त रूप से किया। योग कक्षा में योगिंग जॉगिंग के बाद सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। दैनिक योग कक्षा के समाप्ति के पश्चात हवन यज्ञ किया गया। दूसरा सत्र मेराल हाई स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया, जहां विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी ने कहा कि हम सभी को गर्व होना चाहिए कि ऐसे संगठन से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का अवसर मिल रहा है। मुखिया रामसागर महतो, भाजपा नेता संजय भगत ने आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। ब्रजेश कुमार मिश्रा ने दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नवजीवन हॉस्पिटल के निर्देशक और धुरकी के नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार यादव एवं डॉ अनुज कुमार यादव द्वारा मेधावी विद्यार्थियों के बीच करीब 300 कलम कॉपी का वितरण किया गया। मौके पर बलराम शर्मा, विद्यालय के प्रधानाचार्य लालता पटेल, एसबी एकेडमी के निदेशक मदन यादव, राजेश प्रसाद, डॉ लालमोहन विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार, मनभावन यादव, अनिल ओझा, विजय प्रसाद मौर्य, रविंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## बोलेरो के धक्के से बाइक सवार घायल, उपचाराधीन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

एनएच 75 गढ़वा-मुड़ीसेमर मार्ग पर गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत खजुरी गांव के समीप शुक्रवार को अज्ञात बोलेरो के धक्के से बाइक सवार द्वारिका महतो पिता स्व. बुधन महतो गंभीर रूप से घायल हो गया। वह पलामू जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरमा खुर्द गांव के रहने वाला है। गढ़वा सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि द्वारिका महतो एवं उसके गांव के ही राजू कुमार पिता नंदलाल महतो एक ही बाइक से गढ़वा थाना क्षेत्र के खजूरी ब्रह्मस्थान जा रहे थे। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात बोलेरो ने उसकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे द्वारिका महतो गंभीर रुप से घायल हो गया। उसके सिर एवं शरीर के विभिन्न हिस्से में चोट लगी है।

### मोटरसाइकिल से गिरकर एक घायल

**गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र के सुअरजंघा गांव निवासी अशोक सिंह पिता बलराम सिंह ने शुक्रवार को मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गया। वह बाइक से किसी रिश्तेदार के घर जाने के लिए निकला था। इस दौरान सुअरजंघा गांव में ही अनियंत्रित होकर उसकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में उसके शरीर के विभिन्न हिस्से में चोट लगी है। स्वजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में स्वजन उसे शहर के ही किसी निजी अस्पताल में ले गए।

## एक नजर

### मंगरा व कुचिला में विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

**बरवाडीह।** प्रखंड के मंगरा व कुचिला पंचायत में शुक्रवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन पूर्व विधायक व भाजपा जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह, जिप सदस्य संतोषी शेखर, बीडीओ राकेश सहाय, कन्हाई सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, पंचायत के मुखिया सतरोहन सिंह, मंगरा मुखिया बिपिन बिहारी सिंह आदि ने सयुक्त रूप से किया। शिविर में 50 से अधिक महिलाओं को उज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया गया। गर्भवती महिलाओं की गोद भराई के साथ बच्चो के मुंह जूठी की रश्म अदा की गई। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण, कृषि पदाधिकारी रोशन कुजूर, सांसद प्रतिनिधि दिलीप सिंह यादव, विवेक कुमार सिंह, अजय कुमार सोनी, भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष बबन पासवान, महामंत्री प्रदीप कुमार, निजाम अंसारी, जेएसएलपीएस से राजकुमार यादव, सुनील कुमार सिंह, भोला यादव, सुमित्रा देवी मौजूद थे।

### 10 किसानों को सब्सिडी पर दिया गया डीजल पंप

**बालूमाथ।** सिंगल विंडो परिसर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत सब्सिडी पर 10 किसानों के बीच डीजल पंप का वितरण किया गया है। इसके बारे में जानकारी देते हुए ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर परमानंद कुमार ने बताया कि बीडीओ के दिशा निर्देश पर डेढ़ एचपी का मोटर पंप प्रखंड क्षेत्र के 10 किसानों को 80 प्रतिशत अनुदान पर दिया गया है। लाभ पाने वालों में किसान राजेंद्र उरांव, सचिंद्र उरांव, मनी उराव, शिबू उरांव, सभी शेरेगड़ा का रहने वाले हैं। प्रेमचंद यादव, राजेंद्र यादव शामिल हैं। पंप की बाजार में कीमत 18900 है, जिसे किसानों को 6820 रुपये में दिया गया।

### 15 मोटरसाइकिलें जब्त

**चतरा/पत्थलगड़ा।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग अभियान शुक्रवार को चलाया गया। पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र में चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान में 15 दो पहिया वाहन जब्त किए गए। थाना प्रभारी सचिन कुमार दास ने लोगों से वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा नियम का पालन करने की अपील की। साथ ही नियमों की अनदेखी करने का चालान काटे जाने की बात कही। वाहन चेकिंग में एसआई रविंद्र सिंह आदि शामिल थे।

### फरार 8 अभियुक्त धरे

**प्रतापपुर।** पुलिस ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर एनडीपीएस के फरार 8 अभियुक्त को प्रतापपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। छापेमारी अभियान प्रतापपुर पुलिस निरिक्षक लव कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बामी गांव निवासी नारो भारती, सुरेश महतो, ननकु गंझु, महेन्द्र गंझु, बरहे निवासी गुलटु गंझु, नारायणपुर निवासी अमरेश प्रजापति तथा शिकारपुर निवासी बिरन गंझु सहित सात अभियुक्तों के विरुद्ध अवैध अफीम की खेती को लेकर एनडीपीएस के तहत थाना कांड संख्या 21/20, 27/21 व 28/2021 दर्ज हैं। सभी फरार चल रहे थे। वहीं कोठी थाना क्षेत्र के रियासतडीह निवासी मोती यादव को उत्पाद अधिनियम कांड 09/20 के तहत गिरफ्तार किया गया।

झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर व चालकों के समक्ष भुखमरी की स्थिति, सेरनदाग से चलने वाले ट्रकों को दूसरी माइंस में शिफ्ट करने की मांग

# ट्रक ऑनर एसो. ने किया टोरी अनलोडिंग कांटा घर जाम

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने हिंडाल्को के टोरी अनलोडिंग स्टेशन साइडिंग स्थित कांटा घर को अनिश्चितकाल के लिए जाम कर दिया। इसके कारण साइडिंग पर ट्रकों की लंबी कतार लग गई। कांटा घर को जाम कर रहे सेरनदाग ट्रक ऑनर एसोसिएशन का कहना है कि हिंडाल्को के सेरनदाग माइंस से बीते कुछ माह से उत्पादन पूरी तरह से ठप हो गया है। लगभग तीन वर्षों से सेरनदाग माइंस से चल रहे ट्रकों को एक भी ट्रिप नहीं दिया जा रहा है। इसके कारण लगभग सौ ट्रक ऑनर और चालक के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ओनरों की मांग है कि सेरनदाग माइंस से चल रहे ट्रकों को दूसरी माइंस में शिफ्ट किया जाय। एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा हमारी मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। कंपनी की बेरुखी के कारण मजबूरन हमें टोरी अनलोडिंग स्थित कांटा घर जाम करना पड़ रहा है।





### हिंडाल्को अधिकारियों के साथ हुई वाता

कांटा घर जाम होने की सूचना पर हिंडाल्को कंपनी के अधिकारी जाम कर रहे ओनरों से वार्ता करने पहुंचे जहां ट्रक मालिकों ने कहा कि जब तक कंपनी कोई ठोस निर्णय नहीं लेती है तब तक कांटा घर जाम रहेगा। वहीं अधिकारियों का कहना था कि कांटा घर को चालू रहने दिया जाये आपकी मांगों से कंपनी के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जायेगा। खबर लिखे जाने तक दोनों पक्षों में वार्ता चल रही थी।

**चालकों के लिए की गई थी खाने-पीने की व्यवस्था :** सुबह से ही एशोसिएशन के सदस्य टोरी कांटा घर को जाम करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने ट्रक चालकों के लिए खाने पीने की भी व्यवस्था कर रखी थी ताकि माइंस से आ रहे चालकों को किसी प्रकार की कोई कठिनाई महसूस न हो। मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, सचिव संजु साहू, विष्णु कुमार, मिंजु आलम, किशोर गिनोडिया, चंद्रभूषण केशरी, दीपक दुबे, मो एकराम, शिवनाथ यादव, वर्मा आदि मौजूद थे।

### आम्रपाली परियोजना से एनटीपीसी तक कोयले की ढुलाई 170 रुपये प्रति टन से कम में नहीं करने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)**
विस्थापित-प्रभावित वाहन मालिक संघ की संयुक्त बैठक टंडवा प्रखंड अंतर्गत चुंदरु धाम मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को हुई। इसमें आम्रपाली परियोजना से एनटीपीसी तक कोयले की ढुलाई 170 रुपये प्रति टन से कम में नहीं करने की बात कही गई। साथ हीं बाहरी वाहनों को हटाने, एनटीपीसी द्वारा अलग रोड व बैरियर नहीं बनने तक कोयले की ढुलाई 5 नंबर बैरियर से नहीं करने तथा एनटीपीसी से उत्पादित फ्लाई ऐश की ढुलाई अंडरलोडिंग प्रति ट्रिप 14 हजार के अतिरिक्त ट्रांसपोर्टरों द्वारा डीजल देने की मांग पर सहमति बनी। मौके पर



विजय साहु, सुनील सुंडी, हेमराज कुमार, सुरेश साहु, रंजीत महतो, संजय दूबे, जितेन्द्र कुमार, ईश्वरी साहु, दीपक महतो, सकेन्द्र साव, धनेश्वर साव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### हाईवा ऑनर एसोसिएशन की बैठक 7 को

**बालूमाथ।** लातेहार हाईवा वाहन एसोसिएशन की विभिन्न मांगों को लेकर लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम की मौजूदगी में लातेहार में आगामी 7 जनवरी को झामुमो जिलाध्यक्ष मोतीलाल नाथ सहदेव, लातेहार एसडीओ परवेज आलम एवं तुबैंद कोल माइंस के ट्रांसपोर्टर प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक तय हुई है। इसको लेकर शुक्रवार को हाईस्कूल बालूमाथ के समीप हाईवा ऑनरो की बैठक कर विचार विमर्श किया है। इसकी जानकारी संगठन के अध्यक्ष चंद्रदीप प्रसाद ने दी है। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के सचिव शहनवाज आलम, कोषाध्यक्ष देवपाल साहू, संगरक्षक गोपाल सिंह, ललन सिंह, सुहैल अखतर, शंभू पासवान, प्रकाश सिन्हा मोहम्मद अफरोज आदि उपस्थित थे।

# केड बस्ती में रेलवे लाइन बिछाने का विरोध

ग्रामीणों ने स्टेशन प्रबंधक को मांग पत्र सौंपा, कहा-इससे 200 घर होंगे विस्थापित, बस्ती के किनारे से लाइन बिछाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड की केड पंचायत के ग्रामीणों ने शुक्रवार को जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में बरवाडीह रेलवे स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी के माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक को मांग पत्र सौंप कर केड बस्ती में रेलवे लाइन बिछाने का विरोध किया।

जानकारी के अनुसार धनबाद रेल मंडल के बरवाडीह-बरकाकाना रेलखंड के छिपादोहर रेलवे स्टेशन से हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन तक पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र के सघन वन क्षेत्र होने के कारण इन दोनों स्टेशनों को बंद करते हुए बरवाडीह से सटे उकामाड पंचायत से होकर केड बस्ती के बीच से होते हुए अन्य गांवों को प्रभावित करते हुए कुमांडी रेलवे स्टेशन के समीप नई रेलवे लाइन बिछाने का प्रावधान है। इससे विस्थापित होने वाले प्रभु यादव, नंद कुमार यादव, परमेश्वर यादव, बसंत यादव, रोशन कुमार साहू, विश्वनाथ यादव समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि नई रेलवे लाइन से केड बस्ती के 200 घर के लोग विस्थापित होंगे। लोगों ने इससे पूर्व गुरुवार को एक बैठक कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि रेलवे द्वारा कराए गए सर्वे से उन लोगों को काफी नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए शुक्रवार को एक हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र बरवाडीह रेलवे स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी के माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक धनबाद एवं रेल महाप्रबंधक हाजीपुर को दिया है। ग्रामीणों ने अपने मांग पत्र में केड बस्ती के किनारे से होकर रेल लाइन बिछाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर रेल प्रशासन हमारी मांगों पर ध्यान नहीं देगा तो हम लोग उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। वहीं स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी ने कहा कि ग्रामीणों का मांग पत्र मंडल रेल प्रबंधक को भेजा जाएगा। मौके पर 50 से अधिक ग्रामीण शामिल थे।



### शिवपुर-कठौतिया रेलवे लाइन कार्य में अनियमितता, टेढ़ा बना दिया पुल

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र से गुजरने वाले शिवपुर-कठौतिया रेलवे लाइन के कार्य में भारी अनिमियता बरती जा रही है। चतरा-हजारीबाग रोड पर बनाए जा रहे ब्रिज ढलाई टेढ़ा कर कंपनी द्वारा त्रिपाल से ढक दिया गया है। जो दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। जानकारी के मुताबिक चतरा-हजारीबाग मेंन रोड से गुजरने वाली रेलवे लाइन में पुल बनते ही टेढ़ा होना काफी चिंता की बात है। ग्रामीणों ने बताया कि पुल की ढलाई जैसे ही संपन्न हुआ एक दिन के अंदर पुल टेढ़ा हो गया। जिसको कंपनी के द्वारा तिरपाल से ढक दिया गया है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।



# टुन्डाहुटु के 67 जरूरतमंदों को अबुआ आवास स्वीकृत

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड क्षेत्र की टोटी पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय टुन्डाहुटु परिसर में अबुआ आवास योजना के क्रियान्वयन हेतु मुखिया शांति देवी की अध्यक्षता में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इसमें अबुआ आवास के योग्य लाभुकों की स्वीकृत सूची ग्रामीण बिंदेश्वर उरांव ने ग्रामीणों को पढकर सुनाया। मुखिया शांति देवी ने बताया कि टुन्डाहुटु ग्राम के 67 जरूरतमंदों को अबुआ आवास स्वीकृत किया गया है। मौके पर पंचायत सचिव उमाशंकर सिंह, ग्राम प्रधान चन्द्रगुप्त उरांव, वार्ड सदस्य बासदेव राम मौजूद रहे।



### आरा-चमातू में ग्राम सभा का आयोजन

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत गणेशपुर पंचायत के चमातू ग्राम में उप प्रमुख कामेश्वर राम एवं आरा में मुखिया परमेस्वर उरांव की अध्यक्षता में विभागीय दिशा निर्देश पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस ग्राम सभा का मुख्य उद्देश्य अबुआ आवास के लिए योग्य लाभुक का चयन करना है। इस ग्राम सभा में सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। बता दें कि अबुआ आवास के लिए बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत सभी गांवों में ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर जनप्रतिनिधि एवं प्रखंड कर्मी गांव-गांव पहुंचकर ग्राम सभा कर रहे हैं और लोगों का वास्तविक स्थिति का जायजा भी लिया जा रहा है। इस दौरान उपरोक्त जनप्रतिनिधियों के अलावे कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# सांसद सुनील सिंह ने तीसरी बार मोदी सरकार बनने का किया दावा

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
प्रखंड के द्वारी पंचायत में शुक्रवार को गिद्धौर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का समापन हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद डॉ. सुनील कुमार सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनने का दावा करते हुए उपस्थित जन समूह से आगामी लोकसभा चुनाव में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के पश्चात उज्जवला गैस योजना के तहत करीब एक दर्जन लाभों के बीच गैस कनेक्शन का वितरण किया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक जय प्रकाश सिंह भोक्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार के इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा जा सके। मौके पर बीडीओ हरिनाथ महतो, जिप सदस्य अनीता देवी, प्रमुख अनीता यादव, मुखिया जगदीश यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, विदेश्वर यादव, उज्जवल दास, थाना प्रभारी गुलाम सरवर, महादेव दांगी सहित अन्य उपस्थित थे।



### अनियंत्रित कार तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर पेड़ से जा टकराई

**इटखोरी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जय प्रकाशनगर हीरो शोरूम के पास सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। तुरंत सभी घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से ऑटो से इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। घायलों में इटखोरी प्रखंड के परसौनी निवासी 43 वर्षीय मिलन सिंह पिता श्याम सिंह, सोनासिमर निवासी 65 वर्षीय हलधर सिंह व मयूरहंड प्रखंड के उपरौंध निवासी 35 वर्षीय अहमद अंसारी शामिल हैं।

इको चौपारण की ओर से आ रही थी और दोनों मोटरसाइकिल सवार इटखोरी से चौपारण की ओर जा रहे थे। इसी बीच इको ने अनियंत्रित होकर पहले अहमद अंसारी को टक्कर मारी, उसके कुछ ही दूरी पर मिलन सिंह को और पैदल जा रहे हलधर सिंह को भी अपनी चपेट में ले लिया। तीनों को टक्कर मारने के बाद वाहन एक पेड़ में जा टकराया। ड्राइवर अवधेश यादव ने बताया कि वह चौपारण से अपने घर रांची जा रहा था। तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### बेटे की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर सकी मां, चली गई जान

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के मोंगर गांव में एक मां बेटे की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर सकी और रो-रोकर जान दे दी! जानकारी के अनुसार सुरेश सिंह नामक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या किए जाने के बाद बुधवार की सुबह उसकी मां कोइली कुंवर (70) की भी मौत हो गयी। बताया जाता है कि बेटे की आत्महत्या की खबर के बाद से मां का रो-रोकर बुरा हाल था। मंगलवार को बेटे का अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद रात में ही उसकी मां की भी तबीयत बिगड़ गयी और सुबह उसकी भी मौत हो गयी। यह जानकारी गांव में जिस किसी को भी मिली उसकी आंखें नम हो गयीं। बुधवार को मां का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया, जिसमें गांव के सैकड़ों लोग शामिल हुए। मोंगर पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य पिंटू रजक ने बताया कि बेटे की आत्महत्या को मां बर्दाश्त नहीं कर सकी। सदमे के कारण उसकी भी जान चली गयी। बता दें कि सोमवार की रात सुरेश सिंह ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। इन घटनाओं ने ग्रामीणों को झकझोर कर रख दिया है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला।**
E-Mail – nrepgumla@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या – 18/2023-24

1. विज्ञापन दाता का नाम :– राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, (NREP) गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 12.01.2024 एवं 13.01.2024 को 10.00 बजे पूर्वा० से 03.00 बजे अप० तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 15.01.2024 को 03.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 15.01.2024 को 03.30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में।
6. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला में।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में।
8. कार्य मद :– Untied
9. कार्यो का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप स0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | रायडीह | राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय मरदा बुथ संख्या 249 मतदान केन्द्र पर दो कमरों का नया कमरा/भवन निर्माण | 1984950.00 | 40000.00 | 5000.00 | 03 माह | III |
| 2 | रायडीह | राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय लौकी बूथ संख्या 252 मतदान केन्द्रो पर दो कमरों का नया कमरा/भवन निर्माण | 1984950.00 | 40000.00 | 5000.00 | 03 माह | III |

निविदा की शर्तें:–
1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) एकरनाममा के साथ ही देना अनिवार्य होगा।
3. भवन निर्माण विभाग में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला।

PR 315225 (NREP) 23-24 (D)

**पहल** प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बोले, जल्द ही बरवाडीह में भी खोला जाएगा केंद्र

# छिपादोहर में खुला धान अधिप्राप्ति केंद्र, खरीदारी शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड के छिपादोहर लैंपस में शुक्रवार को खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग विभाग द्वारा किसानों की धान की खरीदारी की शुरुआत हुई, जिसका जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, कन्हाई सिंह, सहकारिता पदाधिकारी अनुज कुमार शरण ने संयुक्त रूप से किया। इसके साथ ही धान अधिप्राप्ति कार्य शुरू हुआ। पहले दिन हरातू पंचायत के किसान प्रमोद प्रसाद के धान अधिप्राप्ति की गई।




मौके पर प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह बीसीओ अनुज शरण ने बताया कि सरकार के निर्देश पर प्रखंड में पहला धान अधिप्राप्ति केंद्र छिपादोहर लेम्प्स में खोला गया है। इससे आसपास के पंचायतों के किसानों को लाभ मिलेगा। अनुमति मिलने पर जल्द ही बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में धान अधिप्राप्ति केंद्र खोला जाएगा। बीसीओ ने बताया कि यहां पर किसान 2300 रुपये प्रति क्विंटल अपना धान बेच सकते हैं। वहीं जिला परिषद सदस्य संतोषी ने कहा कि सरकार द्वारा शुरू किए गए धान अधिप्राप्ति केंद्र से किसानों को सीधा फायदा मिलेगा। इस मौके पर वन विभाग सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी, पूर्व मुखिया रामधनी सिंह, मुंद्रिका सिंह, ऑपरेटर राहुल चौधरी, निजाम अंसारी, नंदेव सिंह, सुमित कुमार, बनवारी सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### जलस्तर को नियंत्रित करने को लेकर ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**सेन्हा।** जलस्तर को नियंत्रित करने को लेकर बाएफ संस्था एवं एच डी एफ सी बैंक के संयुक्त तत्वधान में प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र चमडू ग्राम स्थित नाला में समग्र ग्रामीण विकास के तहत बोरा बांध कार्यक्रम अभियान चलाया गया। कहा गया कि बरसात में बहुत कम बारिश होती है जिससे जलस्तर नीचे चला जा रहा है। नदी, नाला या तालाब के बेकार बहते हुए पानी को बोरा बांध के माध्यम से रोक कर कृषि कार्य किया जा सकता है। इससे किसानों को मवेशी के लिये भी पानी मिल सकता है।

### वनाधिकार समिति के अध्यक्ष बने विजय व सचिव बने मुकेश

**गिद्धौर।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सूर्यमंदिर परिसर में मुखिया निर्मला देवी व पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया के संयुक्त नेतृत्व में शुक्रवार को वनाधिकार समिति के गठन को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। वनाधिकार समिति का गठन करते हुए सर्वसम्मति से विजय भारती को अध्यक्ष व मुकेश कुमार दांगी को सचिव सहित 13 को सदस्य बनाया गया।

### वार्ड सदस्यों ने मुखिया पति के विरोध में दिया आवेदन

**चतरा/हंटरगंज।** जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत गेंजना पंचायत के वार्ड सदस्यों द्वारा मुखिया पति प्रभु भुइयां के मनमानी के विरोध में प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिया गया, जिसकी प्रतिलिपि उपायुक्त, उप विकास आयुक्त और थाना प्रभारी हंटरगंज को दी गई है। आवेदन में मुखिया पति पर आरोप लगाया गया कि उसके द्वारा आम सभा में सभी को बैठा कर रखा गया और जानबुझ कर आम सभा में उपस्थित नहीं हुए। साथ ही कहा गया है कि वह मनमानी करके वसूली करने के चक्कर में हैं। शुरुआत से ही मुखिया पति द्वारा पंचायत के विकास के लिए प्राप्त राशि को मनमाने तरीके से खर्च किया जा रहा है, जिसकी गहन जांच करने की जरूरत है। वह वैसे लोगों को आवास का लाभ देना चाहते हैं जिनको या तो पहले से आवास का लाभ मिल चुका है या जिनका पक्का मकान बना है। मुखिया के कार्यकाल में हुए कार्यो की जांच कराने की मांग की है।

### कुशवाहा महासभा के झारखंड प्रदेश प्रधान महासचिव बने उपेन्द्र

**चतरा/पत्थलगड़ा।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के अधीन झारखंड प्रदेश नई कमेटी का गठन करते हुए उपेंद्र कुशवाहा को झारखंड प्रदेश का प्रधान महासचिव बनाया गया है। कुशवाहा ने नई जिम्मेवारी के लिए महासभा के प्रति अभार व्यक्त करते हुए कहा कि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा को मजबूत करने का काम करूंगा।

### पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह पहुंचे चतरा

**चतरा।** गढ़वा के पूर्व विधायक व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गिरिनाथ सिंह शुक्रवार को चतरा पहुंचे। इस दौरान जिले वासियों को नव वर्ष की बधाई दी। मुख्यालय स्थित विनायक होटल में भोजनोपरान्त उपस्थित पत्रकारों के प्रश्नों के जवाब देते हुए सिंह ने कहा कि चतरा लोक सभा से चुनाव लडने की तीव्र इच्छा है। पार्टी ने टिकट दिया तो चुनाव अवश्य लड़ूंगा।

### पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान का स्थापना दिवस वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कर मनाया गया

# योग एवं आयुर्वेद भारत के ऋषि मुनियों की देन : प्रवीण भारती



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास की स्थापना दिवस पर स्थानीय सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन अनुष्ठान कर मनाया गया।

आचार्य शरच्चन्द्र आर्य के नेतृत्व में पतंजलि भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी प्रवीण भारती, पतंजलि योग समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह, पतंजलि योग समिति के अभय भारती, वनवासी कल्याण आश्रम के कृपा प्रसाद सिंह एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र चंद्र पांडे की उपस्थिति में वैदिक मंत्र के साथ आचार्य शरचचंद्र ने यज्ञ हवन का अनुष्ठान कराया। सभी के निरोग जीवन एवं सुख शांति के लिए वैदिक मंत्रोचार के साथ-साथ प्रार्थनाएं की गई। मौके पर आचार्य शरदचंद्र आर्य ने कहा कि पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास के नेतृत्व में न केवल राष्ट्र बाल की विदेश में भी स्वामी जी एवं आचार्य के मार्गदर्शन में योग एवं आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचा जा रहा है। उन्होंने सभी बच्चों को अपने गौरवशाली संस्कार, संस्कृति को अपनाते हुए श्रेष्ठ व्यक्तित्व बनने पर जोर दिया। मुख्य योग शिक्षक जिला प्रभारी प्रवीण भारती ने कहा कि आज योग को जन-जन तक पहुंचाने वाले स्वामी जी एवं आयुर्वेद के माध्यम से आचार्य द्वारा पतंजलि के माध्यम से हर घर तक पहुंचा जा रहा है। योग एवं आयुर्वेद भारत के ऋषि मुनियों की देन है। पतंजलि ने योग आयुर्वेद के साथ साथ स्वदेशी एवं शिक्षा के क्षेत्र में विश्वपटल पर अमित छाप छोड़ कर कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रत्येक दिन प्रातः कालीन सभी लोग योग को अपना कर स्वस्थ जीवन शैली को प्राप्त करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर राष्ट्र की सेवा करें। बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए वनवासी कल्याण आश्रम के कृपा प्रसाद सिंह ने कहा कि यज्ञ हवन वैदिक मंत्र कर के साथ करने से मन मस्तिष्क एवं संपूर्ण वातावरण स्वच्छ हो जाता है। पतंजलि के इस कार्यक्रम में सबों को हार्दिक शुभकामनाएं, प्रतिदिन योग एवं ध्यान लगावे।

प्राचार्य सुरेश सुरेंद्र चंद्र पांडे ने पतंजलि परिवार का आभार प्रकट करते हुए सभी आगंतुक अतिथियों का परिचय कराया एवं उन्होंने बच्चों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए योग एवं हवन को महत्वपूर्ण बताया। मौके पर पतंजलि के सह जिला प्रभारी वासुदेव महतो, युवा प्रभारी अंकित अग्रवाल, वरिष्ठ योग शिक्षक राम यादव, कृष्णा राम, अशोक सिंह, गोरख पांडेय, सुबोध अग्रवाल, महेंद्र कुमार मिश्रा, नंदकिशोर साहू समेत विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाएं व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# हमारा प्रयास सभी वर्गों का विकास : मंत्री रामेश्वर उरांव

### मंत्री ने हिरही में विवाह भवन व बारीडीह में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शुक्रवार को सदर प्रखंड के हिरही में विधायक मद से निर्मित विवाह भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं कुडू प्रखंड के उडूमुडू पंचायत के बारीडीह में विधायक मद से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर मंत्री डॉ उरांव ने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों के विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में गठबंधन सरकार सोच है कि, बुनियादी सुविधा रोटी, कपड़ा, मकान के साथ सामाजिक आवश्यकता को भी पूरा किया जाए। चुनाव से पहले हिरही ग्रामवासियों का मांग मैरेज हॉल की थी। मैंने उनकी मांग को पूरा किया। आज मेरे विधायक मद से मैरिज हॉल का शिलान्यास किया गया है, जिससे स्थानीय लोग लाभान्वित होंगे। कुडू प्रखंड के उडूमुडू



बारीडीह में भी विधायक मद से सामुदायिक भवन की जरूरत थी जिसे हमने पूरा करने का काम किया। इसके साथ हम आवागमन सुविधा के लिए जितने भी क्षतिग्रस्त मार्ग है उन्हें दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। संबंधित विभाग से उसकी मरम्मती की जाएगी।

उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में सभी पंचायत में 10-10 चापाकल का निर्माण पेयजल हेतु किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि साल में 8 लाख अबुवा आवास का निर्माण कराया जाएगा ताकि हर घर को छत मिल सके। अब राशन में चावल के साथ-साथ प्रोटीन युक्त दाल भी दिया जाएगा। जिससे झारखंड की जनता संतुलित भोजन ग्रहण कर सके। इससे कुपोषण जैसे समस्या का समाधान भी होगा। कब्रिस्तान घेराबंदी एवं शेड निर्माण के लिए लोहरदगा जिले को सबसे पहले और अधिक भागीदारी प्राप्त होगी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, सामुल अंसारी, सदरूल अंसारी, सत्यदेव भगत, तनवीर गौहर, मुजम्मिलअंसारी, ठाकुर प्रसाद, हाजी सिकंदर, संभू प्रजापति, जमील खान, इकबाल खान, विशाल डुंगडुंग, सुनीता कच्छप, सुचित्रा भगत, सीता देवी, असलम अंसारी, संगीता उरांव, ऐनुल अंसारी, सुनील तुरी, कुलदीप खाखा, एजाज अंसारी, हसीन अख्तर मुन्ना, मुनीम अंसारी, जमील अंसारी, कैश आलम, कमरूल इस्लाम, नेजाम अंसारी, हफीजुल अंसारी, सैफ अहमद, हाजी बारातुलाह, हासिम अंसारी, इम्तियाज अंसारी, वीरेंद्र उरांव, रसीद अंसारी, समशुल अंसारी, मौलाना हुसैन अंसारी, मुमताज अंसारी, हासिम अंसारी, जमील अंसारी, इनामुल अंसारी, खुर्सीद अंसारी, माजिद पवारिया, तल्हा अंसारी, नेसार खान उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में कार क्षतिग्रस्त कोई हताहत नहीं

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा राजू मिल के समीप लोहरदगा गुमला पथ पर बॉक्साइड ट्रक एवं अल्टो कार में टक्कर होने पर कार क्षतिग्रस्त हो गई। घटना गुरुवार देर शाम की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बताया जाता है कि घाघरा की ओर से लोहरदगा जा रही कार को लोहरदगा से घाघरा की ओर जा रहे ट्रक ने टक्कर मारते हुए राजू मिल के पास रखी ईंट में टक्कर मार दी। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नही है, लेकिन अल्टो कार तथा ईंट को क्षति हुई है। बताया जाता है कि घटना को अंजाम देने के पश्चात ट्रक चालक गाड़ी को लेकर भाग रहा था तभी इसकी सूचना ग्रामीणों ने थाना को देते हुए ट्रक का पीछा करने लगे और पुलिस के सहयोग से कल्हेपाट में ट्रक को पकड़ा गया। चालक पुलिस को चकमा देकर वहां से भागने लगा तो पुलिस ने पीछा करते हुए पुसो थाने की मदद से पुसो पेट्रोल पम्प के समीप चालक को पकड़ कर थाना लाया। कार चालक भी गाड़ी छोड़ घटना स्थल से फरार हो गया। दोनों गाड़ी को जब्त पुलिस कारवाई में जुट गई है।

## समन्वय स्थापित कर कार्य करें सभी विभाग : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिले के पीवीटीजी परिवारों के विकास को लेकर जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों के साथ संयुक्त समीक्षा बैठक कर जिले के चिन्हित सभी 162 पीवीटीजी गांवों में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने शिविर के माध्यम से शत प्रतिशत पीवीटीजी समुदाय के नागरिकों का आधार कार्ड, राशन कार्ड (नए / संशोधन), आयुष्मान कार्ड, वोटर आईडी कार्ड( नए / संशोधन) आदि जैसे आवश्यक दस्तावेज शत प्रतिशत बनाने का निर्देश दिया। वहीं शत प्रतिशत पीवीटीज ग्रामों को विभिन्न आवास योजनाओं से भी अच्छादित करने की बात कही। प्रत्येक व्यक्ति का स्वास्थ्य जांच करवाने एवं उन्हें उचित उपचार प्रदान करने हेतु स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही आवश्यकता अनुसार पीवीटीजी ग्रामों के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट भी उपलब्ध कराने की बात कही।

# भाजपा नेता सह पूर्व डीआईजी डॉ. अरुण उरांव पहुंचे लोहरदगा

### दुर्घटना का शिकार हुए व्यक्ति के परिजनों से भेंट कर उनका दुख साझा किया, कहा-हेमंत के राज में लोग असुरक्षित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

पूर्व डीआईजी सह वरीय भाजपा नेता डॉ अरुण उरांव शुक्रवार को सदर प्रखंड के निंगनी गांव पहुंचकर सड़क हादसे का शिकार हुए देवेंद्र उर्फ टहरु उरांव के परिजनों से भेंट कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। घटना से मर्माहत परिजनों को दुख की घड़ी में धैर्य और ढाढस बंधाया। कहा, दुख की इस घड़ी में पूरा भाजपा परिवार उनके साथ खड़ा है।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व 50 वर्षीय देवेंद्र उरांव घर लौटने के दौरान बाइक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे रिम्स में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। परिजन और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया था। जिसे बाद में हटा लिया गया। इधर, भाजपा नेता डॉक्टर अरुण उरांव के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनसे कई मुद्दों पर चर्चा किया। बुनियादी समस्याओं का निपटारा करने के लिए पहल करने को कहा। कहा गया कि, निंगनी गांव 2020 के सांप्रदायिक हिंसा से अब तक प्रभावित है। सांप्रदायिक हिंसा के दौरान घर और जमीन छोड़कर भागे ग्रामीण अब तक पुनर्वास नहीं कर सके हैं। असुरक्षा के कारण हमेशा भय का वातावरण बना रहता है। ग्रामीणों ने तीन वर्षों से निगनी में पुलिस विकेट की स्थापना करने की मांग करते आ रहे हैं बावजूद, स्थानीय प्रशासन इस और अब तक पहल नहीं किया है। ग्रामीणों के मामले से अवगत होने के बाद भाजपा नेता अरुण उरांव ने इस मामले पर ठोस और सार्थक पहल करने का भरोसा दिया। ग्रामीणों को अपनेपन का एहसास कराया। कहा कि, गांव की समस्याओं को प्राथमिकता और संवेदनशीलता के साथ दूर किया जाएगा। कहा, राज्य की हेमंत सरकार के कार्यकाल में सांप्रदायिक हिंसा की घटना बढी है। लोग भय व असुरक्षा में जीवन जी रहे हैं। आगामी चुनाव में भ्रष्ट और निकम्मी राज्य सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी। इस मौके पर जय श्री राम समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सह भाजपा नेता राजीव रंजन, दयाशंकर राम, संदीप साहू, बजरंग साहू, गौतम साहू, उदय अग्रवाल, शशि जायसवाल, सिद्धार्थ कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, विष्णु प्रसाद, समेत अन्य मौजूद थे। इससे पूर्व लोहरदगा पहुंचने पर डॉ अरुण उरांव जय श्री राम समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राजीव रंजन के अपर बाजार स्थित आवास पहुंचे। उन्होंने समाज के विभिन्न बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों के साथ चर्चा की। स्थानीय मुद्दों समेत राजनीतिक चर्चा की।

### हेल्थ वेलनेस सेंटर में परिवार कल्याण कार्यक्रम

**भंडरा।** भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से ब्रम्हांडीहा हेल्थ वेलनेस सेंटर में शुक्रवार को परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर स्वास्थ्य संबंधी स्टॉल लगाए गए, जिसमें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। परिवार कल्याण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सेंटर के प्रभारी अंजना साहू ने परिवार कल्याण पखवाड़ा के उदेश्यों को विस्तार पूर्वक बताया। इसमें परिवार नियोजन, नसबंदी, माला-डी, कॉपरटी, इसीपी दवाई निःशुल्क व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि पुरुष नसबंदी करवाने वाले को 2200 रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जाएगा। साथ ही पुरुष उत्प्रेरक को 300 रुपये दिये जायेंगे। महिला नसबंदी करवाने वाले को लाभुक को 1400 रुपए व उत्प्रेरक को एक सौ रुपए दिया जाएगा। अंजना साहू ने कहा कि छोटा परिवार सुख की आधार है।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनालय, लोहरदगा

" अप्रेन्टेशिप मेला" दिनांक 08.01.2024

आवश्यक सूचना

सहायक निदेशक प्रशिक्षण (मु0), निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–03 दिनांक 02.01.2024 एवं RDSDE E-mail Dated :01.01.2024 के आलोक में सूचित किया जाता है कि MSDE भारत सरकार द्वारा बलदेव साहु महाविद्यालय, लोहरदगा परिसर में दिनांक 08.01.2024 को PM National Apprenticeship Mela-PMNAM का आयोजन किया जा रहा है।

अतः सभी इच्छुक आई0टी0आई0 उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी एव 5वीं से स्नातक पास अभ्यार्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं फोटोग्राफ के साथ ससमय 10:30 बजे प्रातः से उपरोक्त वर्णित स्थल पर आयोजित अप्रेन्टेशिप मेला में भाग लेना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त संदर्भ में राज्य अवस्थित एवं जिला अवस्थित सभी औद्योगिक ईकाईयों से अनुरोध है कि अपनी प्रविष्टि जिला नियोजनालय, लोहरदगा अथवा (https://dgt.gov.in/ appmela2023/ establishment.php) में दर्ज करते हुए उक्त आयोजित मेला में भाग लेने की कृपा करें।

जिला नियोजन पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 315263 Lohardaga(23-24).D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 25/2023–24

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.01.2024 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 19.01.2024 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 19.01.2024 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु 0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Raising of Boundary wall in High School, Masiyatu at Panchayat Masiyatu of Block Balumath under Latehar District. | 5,63,167/ - | 11500/ - | 1250/ - | 01 (One ) Month |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत शीशी में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नावाडीह में चाहरदिवारी निर्माण। | 9,45,130/ - | 19000/ - | 1250/ - | 02 (Two ) Months |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत सेरेगड़ा में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, सेरेगड़ा में चाहरदिवारी निर्माण। | 12,63,338/ - | 25500/ - | 2500/ - | 02 (Two ) Months |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत धाधू में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, खरटिया में चाहरदिवारी निर्माण। | 13,96,800/ - | 28000/ - | 2500/ - | 02 (Two ) Months |
| 5 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत चेताग में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, ग्रेंजा में चाहरदिवारी निर्माण। | 15,85,800/ - | 32000/ - | 5000/ - | 02 (Two ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 315195 Building(23-24)#D


**आस्था** कार्यक्रम में शामिल हुए राम भक्त...घर-घर जाकर दे रहे हैं निमंत्रण

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अक्षत का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा/भंडरा**

श्री रघुवर जी के अवधपुरी में प्राण प्रतिष्ठा होना है निमंत्रण को स्वीकार करो अब सबको अयोध्या चलना है। इसी के साथ 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक सभी राम भक्तों के घर तक अक्षत और निमंत्रण पत्र पहुंचना है। विश्व हिंदू परिषद के अगवाई में बीआईडी बस्ती के अंतर्गत मनोकामना मंदिर में सभी माताए बैठकर अक्षत वितरण का चर्चा और तैयारी में लगे हुए हैं। यहां की माताएं कहीं की 22 तारीख का अयोध्या राम मंदिर का कार्यक्रम को लेकर तैयारी में लगे हुए हैं जिस तरह से अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम चल रहा है इस तरह लोहरदगा जिला में भी विश्व



हिंदू परिषद के कार्यकर्ता जिले के सभी मंदिरों को भबय बनाने में लगे हुए हैं। मौके पर उपस्थित लोहरदगा जिला प्रमुख सचिन कुमार साहू,बीआईडी बस्ती के अध्यक्ष अशोक साहू, जिला कार्यालय प्रमुख सत्यम कुमार, समाजसेवी सरकेतु प्रजापति, बीना गुप्ता, नंद जयसवाल, कौशल्या देवी, सुचिता कुमारी, नीतू जायसवाल, आशा देवी, शकुंतला देवी, मनोरमा अग्रवाल, रानी कुमारी, मंजू देवी, पूजा देवी, छुन्नू देवी, अनीता देवी, परिधि कुमारी, उपस्थित थे।


वहीं भंडरा में अयोध्या में श्री राम लल्ला जी के प्राण प्रतिष्ठा के भव्य कार्यक्रम को लेकर प्रखंड में राम भक्तो द्वारा अक्षत कलश को स्थापित करने के बाद अब अक्षत और निमंत्रण का काम भंडरा प्रखंड के सैकड़ों रामभक्त कर रहे हैं प्रखंड के भंडरा, चट्टी, मसमानो, भौरो, बेदाल, सेमरा, भीठा, अम्बेरा, उदरंगी, पलमी, कचमची अदि कई गांवों के लोगों के घरों में जाकर कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र दे रहे हैं। प्रखंड में घने कोहरे के बावजूद राम भक्तों का जोश ठंडा नहीं हो रहा। विश्व हिंदू परिषद के आनंद पंडित ने बताया कि 22 जनवरी को होने वाला यह कार्यक्रम अलौकिक होगा। सभी राम भक्त सच्चे भाव और आस्था के साथ जुड़कर भंडरा के प्रत्येक घर तक इस निमंत्रण पत्र को भेज रहे हैं।

# ...लाशें उठवा लो, पति और जेठ को लुढ़का कर आई हूं

## हाथ में पिस्टल लेकर थाने पहुंची महिला, घबराकर कुर्सी से खड़े हो गए पुलिसवाले

**एजेंसी। उज्जैन**

मध्य प्रदेश के उज्जैन में प्रॉपर्टी विवाद को लेकर एक महिला ने अपने पति और जेठ की गोली मारकर हत्या कर दी और फिर अपराध में इस्तेमाल पिस्टल के साथ थाने जाकर सरेंडर कर दिया। आरोपी महिला ने यह कहते हुए सरेंडर किया कि पति और जेठ को लुढ़का कर आई हूं, दोनों की लाश उठवा लो। हाथ में पिस्टल पकड़े हुए महिला के मुंह से यह शब्द सुनते ही पुलिसकर्मी अपनी-अपनी कुर्सी से खड़े हो गए। घटना उज्जैन जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर इंगोरिया गांव में हुई और मृतकों की पहचान



आरोपी सविता के पति राधेश्याम (41) और उसके जेठ दिनेश (47) के रूप में हुई है। इंगोरिया थाना प्रभारी चंद्रिका सिंह यादव ने बताया, राधेश्याम की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दिनेश ने बड़नगर अस्पताल में गोली लगने से दम तोड़ दिया। इसके बाद आरोपी ने पिस्तौल के साथ सरेंडर कर दिया। महिला ने पहले अपने पति और फिर अपने जेठ को गोली मारी। सविता (35) एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है। शुरूआती जांच में यह मामला संपत्ति विवाद का नतीजा बताया जा रहा है।

### 5 करोड़ की जमीन का विवाद

इस मामले में आरोपी महिला ने पुलिस को बताया कि फोरलेन हाइवे पर उसकी 5 करोड़ रुपए कीमती जमीन को जेठ दिनेश हथियाना चाहता था। इसी के चलते पति राधेश्याम को नशा कराता था. जेठ के बहकावे में आकर पति भी आए दिन मारपीट करता था। सोमवार सुबह सुबह पति गाली दे रहा था, इसके चलते गुस्से में आकर बिस्तर के नीचे से पिस्टल निकाली। पहले जेठ को गोली मारी और फिर पति को मौत के घाट उतार दिया। महिला ने रोज रोज की मारपीट और हिंसा से तंग आकर यह कदम उठाने का दावा किया। उसका कहना था कि 2 बेटियों और एक बेटे के भविष्य की खातिर उसने इस वारदात को अंजाम दिया।

## कोलकाता आएंगे पीयूष गोयल, जूट उद्योग की समस्याओं का होगा समाधान

**एजेंसी। कोलकाता**



केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 06 जनवरी को एक सरकारी कार्यालय भवन परिसर का उद्घाटन करने तथा जूट मिल एवं चाय बोर्ड के प्रतिनिधियों से मिलने के लिए कोलकाता आने वाले हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 'पटसन भवन' का उद्घाटन करने के लिए यहां आने वाले हैं। इस भवन में जूट आयुक्त का कार्यालय और भारतीय जूट निगम व राष्ट्रीय जूट बोर्ड का मुख्यालय होगा। तीनों संस्थाएं उनके मंत्रालय के अंतर्गत आती हैं। कार्यक्रम के अनुसार, भवन का उद्घाटन करने के बाद मंत्री के जूट मिलों और चाय बोर्ड के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की उम्मीद है। दोनों बैठक न्यू टाउन के एक होटल में होगी। सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित बैठक के दौरान मिलों के प्रतिनिधि सरकार द्वारा खरीदे गए जूट उत्पादों के मूल्य निर्धारण पर टैरिफ आयोग की सिफारिशें लागू करने की मांग कर सकते हैं। मंत्री का उसी दिन पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में भी शामिल होने का कार्यक्रम है। कोलकाता के पूर्वी छोर पर राजारहाट, न्यू टाउन स्थित 'पटसन भवन' एक बहुमंजिला इमारत है जिसका निर्माण लगभग 70 करोड़ की लागत से किया गया है।

## एक नजर

### पीएम ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता को दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर अपने शुभकामना संदेश में लिखा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं।

### जॉर्डन में फंसे बिहारी मजदूरों ने वतन वापसी की लगाई गुहार

**पटना।** बिहार के मजदूरों के साथ अन्याय का एक वीडियो शुक्रवार को तेजी वायरल हो रहा है। बिहार के सीतामढ़ी जिले के रहने वाले पांच मजदूर जॉर्डन में फंसे हुए हैं। काम कराने के बाद कंपनी ने सभी को एक पैसा नहीं दिया है। अब सभी भारत लौटना चाहते है। सभी ने केन्द्र और राज्य सरकार से उन्हें जॉर्डन से वापस लाने की गुहार लगाई है। सीतामढ़ी के मजदूरों ने जॉर्डन से एक वीडियो भेजा है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें मजदूर रोते हुए वतन लौटने की इच्छा जता रहा है। मजदूर यह कह रहा है कि हम लोग यहां भूखे मर रहे हैं...कोई पूछने तक नहीं आता है। कंपनी का मालिक भी हाल देखने नहीं आता है। हर रोज रोड पर आकर खड़े हो जाते हैं। ना खाना मिलता है और ना पीने के लिए पानी ही मिलता है। हम लोगों को भारत बुलाने की कोशिश की जाए सर। हाथ जोड़कर विनती कर रहे हैं सरकार हमलोगों की मदद की जाए। घर जाने के लिए तड़प रहे हैं। हमलोगों को यहां कोई देखने वाला नहीं है।

### केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज सिक्किम दौरे पर

**गंगटोक।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामले की मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार को तीन दिवसीय दौरे पर सिक्किम पहुंच रही हैं। सिक्किम प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री सीतारमण गंगटोक के मनन केंद्र में आयोजित होने वाले क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में भाग लेंगी। वह पूर्वी सिक्किम में भारत-चीन सीमा पर स्थित गांव कुपुप का दौरा करेंगी। केंद्रीय वित्त मंत्री 8 जनवरी को सिक्किम से नई दिल्ली लौटेंगी।

# बिहार में लोस सीट बंटवारे से रास और विधान परिषद की सीटों पर पड़ेगा असर

**एजेंसी। पटना**

इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में अभी से सीट बंटवारे को लेकर गहमागहमी बनी हुई है। सभी दल अपने फायदे को लेकर दावेदारी पेश कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इंडिया गठबंधन में शामिल दलों में सीट बंटवारे को लेकर शीर्ष नेताओं के बीच बातचीत चल रही है। ऐसे में कहा जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर राज्यसभा और विधान परिषद की इस साल होने वाली खाली सीटें भी अपनी भूमिका निभायेगी। बताया जाता है कि इस साल अप्रैल में प्रदेश की छह राज्यसभा सीटें खाली होने वाली है। जबकि, मई में विधान परिषद की 11 सीटें रिक्त होगी। लोकसभा सीटों के बंटवारे में इन रिक्त सीटों का महत्व बढ़ा



है। माना जा रहा है कि बिहार में इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे में पेंच फंसता देख इन रिक्त सीटों पर समीकरण बैठाया जा सकता है। ऐसे में विधायकों की संख्या देखते हुए राज्यसभा में जदयू को अपनी दो सीटें और कांग्रेस को अपनी एक सीटें बचाने के लिए सहयोगी दलों की जरूरत पड़ेगी।

राज्यसभा के जिन मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल महीने में समाप्त हो जायेगा, उनमें भाजपा के नेता सुशील कुमार मोदी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह, जदयू के अनिल हेगड़े और वशिष्ठ नारायण सिंह तथा राजद के अशफाक करीम एवं मनोज कुमार झा के नाम हैं।

## चुनाव के पूर्व शराबबंदी कानून की विफलता की तोड़ खोजने में जुटी नीतीश सरकार

**एजेंसी। पटना**

बिहार में शराबबंदी कानून को विफल बताकर सरकार पर विपक्ष लगातार निशाना साधती रही है। इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में विपक्ष इस मुद्दे को हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं करे, इससे सचेत नीतीश कुमार की सरकार पहले से ही इसकी तोड़ खोजने में जुटी है।नीतीश सरकार शराबबंदी कानून की सफलता को लेकर पूरे प्रदेश में एक सर्वे कराने जा रही है।

सरकार इस सर्वे के जरिए शराबबंदी के फायदे और लोग इसे लेकर क्या सोचते हैं, जानने की कोशिश करेगी। बिहार के विपक्षी दलों की ओर से लगातार शराबबंदी को लेकर सवाल उठाए जाते रहे हैं। आरोप लगाया जाता है कि राज्य में शराबबंदी फेल है और जहरीली शराब पीकर गरीब जनता मर रही है।

भाजपा जहां इसकी समीक्षा की मांग करती रही है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने शराब पर गुजरात मॉडल लागू करने की मांग की है। बिहार के मद्य निषेध एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार ने शराबबंदी सर्वे को लेकर कहा कि एजेंसी का चयन किया जा रहा है। चयनित एजेंसी से राज्य भर में डिटेल सर्वे कराया जाएगा। मंत्री ने कहा कि सर्वे विस्तृत हो, इसके लिए अनुभवी एजेंसी की तलाश की जा रही है।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नड्डा करेंगे मोर्चा के अध्यक्षों और नए प्रभारियों के साथ बैठक



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सभी सात मोर्चों के प्रभारी बदले जाने के बाद अब इनके पदाधिकारियों की बैठक शनिवार को होने जा रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सभी मोर्चों के अध्यक्षों और प्रभारियों की इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके साथ हर महीने होने वाली राष्ट्रीय महासचिवों की बैठक भी आयोजित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि भाजपा अध्यक्ष ने पदाधिकारियों की नियुक्ति की है, जिसमें राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल को युवा मोर्चा का प्रभारी बनाया गया है जबकि पार्टी उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा को महिला मोर्चा का प्रभारी बनाया गया है। राष्ट्रीय महासचिव बंडी संजय कुमार को किसान मोर्चा, तरुण चुग को अनुसूचित जाति मोर्चा, डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल को अनुसूचित जनजाति, विनोद तावड़े को ओबीसी मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम को बनाया गया है। पहले ओबीसी मोर्चा के प्रभारी अरुण सिंह थे।

## एनसीसी कैडेट युवाओं के लिए रोल मॉडल : उपराष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मकता की ओर मोड़कर युवा विकास और राष्ट्रीय प्रगति के एक नए युग की शुरूआत करने के लिए एनसीसी की सराहना की। उपराष्ट्रपति ने एनसीसी कैडेटों को भारत के उत्थान में महत्वपूर्ण हितधारक बताते हुए कहा कि वे देश के युवाओं के लिए रोल मॉडल हैं। धनखड़ ने शुक्रवार को नई दिल्ली में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर-2024 के उद्घाटन के दौरान सभा को संबोधित करते हुए एनसीसी कैडेट के रूप में अपने दिनों को याद करते हुए कहा कि कैडेट भावना शाश्वत और स्थायी है।

### खरगे से मुलाकात के बाद शर्मिला ने कहा

# कोई भी जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं



**एजेंसी। नई दिल्ली**

वाईएसआर तेलंगाना पार्टी के कांग्रेस में विलय के एक दिन बाद, वाई एस शर्मिला ने शुक्रवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनके आवास पर मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने कहा कि कांग्रेस उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी, वह लेने को तैयार हैं। शर्मिला ने पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस पार्टी उन्हें जिम्मेदारी देने पर विचार कर रही है, जिस पर उन्होंने मल्लिकार्जुन खड़गे से चर्चा की है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी की बहन और पूर्व मुख्यमंत्री वाई एस राजशेखर रेड्डी की बेटी शर्मिला ने कहा, जैसा कि मैंने पहले भी कहा है कि मुझे जो कोई भी जिम्मेदारी दी जाएगी, मैं उसे लेने के लिए तैयार हूं। बाद में उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट करते हुए लिखा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलकर खुशी हुई। आगे बढ़ने और विभिन्न मोर्चों पर पार्टी को मजबूत करने के बारे में उनका मार्गदर्शन लिया। आगे और नया क्या होगा, इसके लिए उत्साहित हूं। शर्मिला ने उन्हें दी जाने वाली जिम्मेदारी पर चर्चा के लिए एआईसीसी महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल से भी मुलाकात की। उन्हें उम्मीद है कि उनकी जिम्मेदारी पर एक या दो दिन में स्थिति साफ हो जाएगी। गुरुवार को राहुल गांधी और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में मल्लिकार्जुन खरगे ने शर्मिला को पार्टी में शामिल किया था।

# ईडी टीम पर हमला करने वालों में रोहिंग्या भी शामिल

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) सुवेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि अवैध रोहिंग्या घुसपैठिए उन गुंडों का हिस्सा थे, जिन्होंने ईडी टीम और सीएपीएफ कर्मियों पर हमला किया था।

एलओपी ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से गृह मंत्री अमित शाह को पूरे प्रकरण के बारे में सूचित किया है और उनसे हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निसिथ प्रामाणिक ने भी हमले की निंदा की है। मैंने सुना है कि कार्यक्रम को कवर कर रहे कई मीडियाकर्मियों पर भी हमला किया गया, जबकि कुछ मीडियाकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सौम्या आइच रॉय ने भी हमले की निंदा करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, जो राज्य पुलिस विभाग की प्रभारी मंत्री भी हैं, को हमले की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। टीएमसी के राज्यसभा सदस्य संतंतु सेन ने कहा कि संदेशखाली की घटना टीएमसी नेताओं और कार्यकताओं को निशाना बनाने के खिलाफ चुनिंदा केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाइयों से उपजे उकसावे का



नतीजा है। उन्होंने कहा राज्य भाजपा नेता जो सोशल मीडिया पर बहुत मुखर हैं और पश्चिम बंगाल में केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाइयों के पक्ष में हैं, वे खुद बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में शामिल हैं।

### आज घायल हुए हैं... कल हो सकती है हत्या : अधीर रंजन



बंगाल में ईडी की टीम पर हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा, इस हमले से जगजाहिर है कि बंगाल में कानून व्यवस्था का क्या हाल है... आज तो एऊ ऑफिसर्स घायल हुए हैं... कल को खून भी हो सकता है... और अगर ऐसा होता है तो मेरे लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। ईडी को अपने साथ और सुरक्षा बल लेकर चलना चाहिए।

# धर्म से राजनीति चलती है, राजनीति से धर्म नहीं राम पर राजनीति करना मूर्खता : धीरेंद्र शास्त्री

**एजेंसी। छतरपुर**

श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर जारी सियासत के बीच प्रसिद्ध कथावाचक बागेश्वरधाम के महंत पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि भगवान श्रीराम राजनीति का विषय नहीं हैं। राजनीति धर्म से चलती है। धर्म राजनीति से नहीं चलता। राम की नीति है, जो गरिमा, एकता और शांति है। ऐसे में कोई रोटियां सेक रहा है तो यह मूर्खता है। पं. धीरेन्द्र शास्त्री शुक्रवार को नोएडा में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर राममंदिर का श्रेय लेने का दावा करने वाले राजनीतिक दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भगवान राम



सबके हैं। जातिवाद के लिए राम मंदिर नहीं बन रहा। शबरी का मंदिर बन रहा, निषादराज का भी मंदिर बन रहा है तो क्या ये जातिवाद के लिए बन रहा है? जातिवाद के लिए मंदिर नहीं है, अपितु सभी रामभक्तों की आस्था के लिए मंदिर बन रहा है। उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रण को लेकर कहा कि वे अयोध्या जाने को लेकर अति उत्साहित हैं। राममंदिर आजतक की समस्त सनातनियों की सबसे बड़ी विजय है। यह उत्सव दीपावली से बहुत ज्यादा खास है। निश्चित ही कोई अभागा होगा, जिसको इस दिन का इंतजार न हो। केवल भारतीयों को नहीं, दुनियाभर में रहने वाले भारतवंशियों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार है। इस दौरान उनसे ज्ञानवापी और मथुरा जन्मभूमि के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है। यह साबित हो गया है कि ज्ञानवापी में भगवान शिव हैं और कृष्ण जन्मभूमि कन्हैया की है। इन मामलों में राय की कोई जरूरत नहीं है, भारत का एक कानून और सुप्रीम कोर्ट है। फिलहाल एएसआई की रिपोर्ट से यहां सनातन का मंदिर होने का प्रमाण मिलता है। पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने इस दौरान ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) चीफ असदुद्दीन ओवैसी पर उनकी हालिया टिप्पणी को लेकर भी निशाना साधा और कहा कि यह ओवैसी के डर को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि हम मस्जिदों पर मंदिर नहीं बनाना चाहते, बल्कि मंदिरों का पुनर्निर्माण करना चाहते हैं। अगर उन्हें यह डर है तो मैं कामना करता हूं कि यह डर उनके अंदर बना रहे। दरअसल, ओवैसी ने गत दिनों मुस्लिम युवाओं से भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे कामों पर नजर रखने की अपील करते हुए कहा था कि देश में मस्जिदें आबाद रहनी चाहिए। हमने अपनी मस्जिद खो दी है और आप देख रहे हैं कि वहां क्या किया जा रहा है।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, प्राचार्य का कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज।**
Email :principalitidtg@gmail.com

सूचना संख्या–02डालटनगंज, दिनांक–04.01.2024

**PM Apprenticeship मेला सूचना**

MSDE एवं निदेशालय झारखण्ड रांची के माध्यम से **जी0एल0ए0 कॉलेज, पलामू में दिनांक–08.01.2024 (दिन सोमवार) को PM** Apprenticeship मेला 9:00 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक B.Ed. Ground Floor में किया जाना है। जिसमें राज्य के निबंधित MSME/Manufacturing Sector/Service Sector एवं अन्य प्रतिष्ठान/उपक्रम, तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0टी0आई0/ डिप्लोमा/ इंजीनियरिंग/Short Term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नात्तक आदि) का **अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov.in/** पर पंजीयन कराया जाएगा एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसशिपों का चयन किया जायेगा।

उक्त अप्रेन्टिसशिप मेला में अभ्यर्थी अपने सभी **शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, आधार कार्ड, जातिप्रमाण–पत्र, बैंक पासबुक एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ पहूँच कर पंजीयन करा सकते है।**

अतः पलामू जिला अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक सभी बेरोजगार अभ्यर्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें एवं अपने भविष्य को सँवारें एवं रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में अहम कदम बढ़ायें।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

प्रभारी प्राचार्य,
औ0प्र0संस्थान, डालटनगंज

PR 315169 District(23-24)#D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**(लापता नेहा देवी)**



नगर उँटारी थाना सन्हा सं0–19/23, दिनांक–30.12.2023, में लापता महिला नेहा देवी, उम्र–23 वर्ष, पति–अंशु चौधरी, ग्राम–सलसलादी, थाना–नगर उँटारी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। लापता महिला नेहा देवी के सासु मां के द्वारा आवेदन में बताया गया कि इनकी बहु घर से बिना बताये कहि चली गई है। जो अभी तक घर वापस नहीं आयी है। इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता नेहा देवी, ग्राम–सलसलादी, थाना–नगर उँटारी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड का किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया:–**
नाम–नेहा देवी, रंग–गोरी,
पहनावा–हरा रंग का साड़ी एवं लाल रंग का ब्लाउज
लम्बाई–05 फिट 06 इंच।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 315221 Police(23-24).D



**Office of the Executive Engineer**
**Road Construction Department,**
**Road Division,Garhwa.**

**e-Procurement Notice**
**For National Competitive Bidding**
**(Very Short Term Tender)**

e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/10/2023-24 (2nd Call)
Date:- 04.01.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Improvement of Riding Quality work of Nagaruntari-Bhawnathpur-Kharaundhi-Dala Road (upto U.P.Border) (Total Length - 37.310 KM) under Road Division Garhwa. |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. 16,01,05,931.00 (Rupees Sixteen crore One Lakh Five thousand Nine hundred Thirty One) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. 16,02,000.00 (Rupees Sixteen Lac Two Thousand) only. |
| 3. | Time of Completion | 06 (Six) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 16-01-2024, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 10-01-2024, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note :- The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.
*Further details can be seen on website*
http://jharkhandtenders.gov.in
UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

**Executive Engineer,**
Road Construction Department,
Road Division,Garhwa.

PR 315226 Road(23-24)D

# चुनावों को भी प्रभावित करेगा डीपफेक?

***जिस*** तरह के मामले भारत के अलावा विश्व में देखने को आ रहे हैं उससे इस बात का डर हो उत्पन्न हो गया डीपफेक चुनावी वर्ष 2024 में बड़ी समस्या बनने वाला है। डीपफेक तैयार करने के लिए जिस तकनीक की जरूरत पड़ती है, वह आज न सिर्फ पहले की तुलना में आसानी से उपलब्ध है, बल्कि कम लागत या कीमत में भी उपलब्ध है। इसके लिए जेनरेटिव एआई या कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल किया जाता है। जेनरेटिव एआई की सहायता से किसी भी शैली और किसी भी भाषा में ई-मेल लिखे जा सकते हैं। ऐसे में, इसकी कोई गारंटी नहीं कि सीएफओ की तरफ से आए ई-मेल वाकई उन्होंने ही लिखे हैं। ऐसे में, आश्चर्य नहीं कि सिलिकॉन वैली के अनेक लोग बगैर विराम चिह्नों के पोस्ट लिख रहे हैं- अभी तक यही एक तरीका दिख रहा है, जिससे पता चल सकता है कि इसमें एआई की मदद नहीं ली गई है।

> **इलेवनलैब्स जैसी वॉयस क्लोनिंग सर्विसेज इतनी पेशेवर हैं कि वे हू-ब-हू आवाजों की क्लोनिंग कर लेती हैं। आवाज को जांचने की तकनीक जल्दी ही बेकाम की हो जाएगी। वॉयस मेल विश्वसनीय नहीं है। अगर किसी आवाज की क्लोनिंग करा ली गई है, तो जो भी पाठ में चुना जाएगा, वह उसी ही आवाज में बोलेगा। इसका एक बड़ा खतरा है-गलत हाथों में चले जाने पर वह आवाज किसी बड़े नेता के स्वर में न जाने क्या-क्या बोल डाले। इस लिहाज से ऑडियो पर तो ध्यान रखना ही होगा, लेकिन डीपफेक वीडियो ज्यादा महत्वपूर्ण साबित होने जा रहे हैं।**

लिखित सामग्री को जांचने का खतरा तो है ही, लेकिन 2024 में असली खतरा आवाज और वीडियो से होगा। इलेवनलैब्स जैसी वॉयस क्लोनिंग सर्विसेज इतनी पेशेवर हैं कि वे हू-ब-हू आवाजों की क्लोनिंग कर लेती हैं। आवाज को जांचने की तकनीक जल्दी ही बेकाम की हो जाएगी। वॉयस मेल विश्वसनीय नहीं है। अगर किसी आवाज की क्लोनिंग करा ली गई है, तो जो भी पाठ मैं चुना जाएगा, वह उसी ही आवाज में बोलेगा। इसका एक बड़ा खतरा है-गलत हाथों में चले जाने पर वह आवाज किसी बड़े नेता के स्वर में न जाने क्या-क्या बोल डाले।

इस लिहाज से ऑडियो पर तो ध्यान रखना ही होगा, लेकिन डीपफेक वीडियो ज्यादा महत्वपूर्ण साबित होने जा रहे हैं। वीडियो में दिख रहे व्यक्ति को उसकी ही आवाज में सुने जाने पर भ्रम पैदा होगा। जो उसने नहीं कहा, वीडियो में उसे भी कहते देखा जाएगा। जो उसने नहीं किया, वीडियो में वह करते भी उसे देखा जाएगा। ऐसे में, जाहिर है, गलतफहमी, असमंजस और भ्रम की स्थिति से नफरत पैदा होगी।भावनाओं पर आधारित भारतीय राजनीति के दांव पेंच में इसका बहुत ही बड़ा जोखिम है । इससे कॉरपोरेट जासूसी और भयादोहन को बल मिलेगा। वर्ष 2024 में दुनिया की आधी से अधिक आबादी चुनावों में हिस्सा लेगी। अमेरिका के अलावा भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, रूस और ब्रिटेन सहित कई देशों में चुनाव होने वाले हैं। हर चुनाव में डीपफेक वीडियो बड़ी भूमिका निभाएंगे। मतदाताओं में व्याप्त भ्रम का असर चुनावी नतीजों पर भी पड़ सकता है। यूक्रेन और गाजा के मोर्चों पर डीपफेक वीडियोज पहले ही पहुंच चुके हैं, जिससे फैसले उन घटनाओं के आधार पर लिए जा रहे हैं, जो कभी घटी ही नहीं। चुनावी धोखाधड़ी, कॉरपोरेट ब्लैकमेलिंग, बाजारों को अपने हितों के अनुरूप चालित करने और डीपफेक के कारण साइबर सुरक्षा से जुड़े खतरे के मामले वर्ष 2024 में बढ़ेंगे। ऐसे में, यह चर्चा, चिंता और लड़ाई सतत बनी रहेगी कि कोई लिखित सामग्री, कोई तस्वीर, कोई ऑडियो क्लिप या कोई वीडियो असली है या फर्जी। इससे एक बड़ा खतरा यह भी है सच को भी लोग कहीं झूठ न मान लें।

इन दिनों

# उत्तर प्रदेश सरकार, अच्छा है प्रोजेक्ट अलंकार


डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

***योगी*** सरकार ने व्यवस्था में सुधार और विकास के नये आयाम बनाये हैं। इसमें शिक्षा व्यवस्था भी शामिल है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी शिक्षा क्षेत्र में योगी आदित्यनाथ के कार्यों का सराहना की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सरकारी विद्यालयों की स्थिति में बदलाव हुआ है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अन्य योजनाओं की तरह पीएमश्री योजना भी उत्तर प्रदेश में बहुत सफलतापूर्वक लागू होगी। प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उज्ज्वला योजना लागू की गई थी। यह योजना बलिया से शुरू की गई थी। हाल में प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या में मीरा मांझी के घर गये। उन्हें दस करोड़ वां गैस कनेक्शन मिला है। उत्तर प्रदेश में केंद्र की योजनाओं को ठीक से लागू किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुआ है। योगी आदित्यनाथ और धर्मेंद्र प्रधान ने लखनऊ में पीएमश्री स्कूलों के आधुनिकीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चार सौ करोड़ से अधिक की धनराशि से आधुनिकीकरण का कार्य किया जायेगा। इसके साथ ही प्रोजेक्ट अलंकार के तहत माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्तीकरण के लिए करीब साढ़े तीन सौ करोड़ की धनराशि हस्तांरित की गयी। उत्तर प्रदेश में माध्यमिक और बेसिक शिक्षा पर इतना ध्यान पहले कभी नहीं दिया गया। ऑपरेशन कायाकल्प योगी आदित्यनाथ की अभिनव योजना रही है। परिषदीय विद्यालयों में इंफ्रॉस्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए ऑपरेशन कायाकल्प के पहले चरण में किये गये प्रयासों में आशातीत सफलता मिली। इस अवधि में परिषदीय विद्यालयों के इंफ्रॉस्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए ग्यारह हजार करोड़ रुपये खर्च किये गये। बेसिक शिक्षा परिषद तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में एक लाख चौसठ हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गई है। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में करीब साठ नये विद्यार्थियों का नामांकन हुआ। सितंबर तक प्राथमिक और उच्च



प्राथमिक विद्यालयों के करीब दो लाख चालीस हजार शिक्षकों को टैबलेट उपलब्ध कराये जायेंगे। शिक्षकों को ट्रेनिंग दी गई। टैबलेट में शासकीय कार्यक्रमों की योजनाओं के बारे में जागरुकता सामग्री प्री-लोडेड होगी। ऑपरेशन कायाकल्प के दूसरे चरण में इंफ्रॉस्ट्रक्चर के साथ शैक्षिक गुणवत्ता, पठन-पाठन का माहौल, तकनीकी दक्षता, डिजिटल लर्निंग और वोकेशनल शिक्षा की ओर बढ़ा जा रहा है। विद्यालयों में 'एट ग्रेड लर्निंग' की व्यवस्था हो रही है। मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों को प्रारम्भिक तौर पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लिया जायेगा। सभी जनपदों में एक विद्यालय मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में विकसित किया जायेगा। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत माध्यमिक विद्यालयों के जीर्णोद्धार कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया जायेगा। शासकीय के साथ-साथ वित्त पोषित अशासकीय विद्यालयों में सम्बन्धित प्रबन्ध तंत्र के सहयोग से जीर्णोद्धार होगा। नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया कि उत्तर प्रदेश विकसित प्रदेश बनने की दिशा में अग्रसर है। छह वर्ष में साढ़े पांच करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं। लोग समर्थ और सक्षम बन रहे हैं। नीति आयोग के निर्धारित मानकों में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद शिक्षा के सभी स्तरों पर व्यापक सुधार हुआ है। राज्य में करीब साढ़े सात सौ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के क्रमिक उन्नयन तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्री-प्राइमरी के रूप में विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी क्रय के लिए धनराशि का डीबीटी के माध्यम से अन्तरण किया जाता है। योगी सरकार ने नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित की गई। इससे देश में उत्तर प्रदेश की शिक्षा का महत्व और सम्मान बढ़ा है। शिक्षा में किया गया निवेश कभी व्यर्थ नहीं जाता। शिक्षा देश और समाज के भविष्य को संवारने का माध्यम है। छह वर्ष पहले प्रदेश में मात्र बारह राजकीय मेडिकल कॉलेज थे। विगत छह वर्षों के प्रयास के बाद आज पैंतालीस जनपदों में सरकारी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। आज प्रदेश में बाइस राज्य विश्वविद्यालय व तीन केन्द्रीय विश्वविद्यालय संचालित हैं। छत्तीस निजी विश्वविद्यालय, दो एम्स हैं। दो आईआईटी व आईआईएम संचालित हैं। दो हजार से अधिक पॉलिटेक्निक व वोकेशनल इंस्टीट्यूट भी संचालित हैं। कुछ दिन बाद हर जिले में विश्वविद्यालय होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि था जब दुनिया कोरोना से त्रस्त थी, उस समय देश के लोगों को बचाने के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने नई शिक्षा नीति दी। प्रधानमंत्री ने शिक्षक दिवस के अवसर पर गत वर्ष पांच सितंबर को पीएम श्री योजना की घोषणा थी। योजना को तेजी से लागू किया जा रहा है। पीएम श्री योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 1753 विद्यालय चयनित हुए हैं। पहले चरण में 928 विद्यालय में योजना को शुरू किया जा रहा है। इसके तहत पहली कक्षा से बारहवीं तक को आधुनिक किया जायेगा।**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

> **ऑपरेशन कायाकल्प योगी आदित्यनाथ की अभिनव योजना रही है। परिषदीय विद्यालयों में इंफ्रॉस्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए ऑपरेशन कायाकल्प के पहले चरण में किये गये प्रयासों में आशातीत सफलता मिली। इस अवधि में परिषदीय विद्यालयों के इंफ्रॉस्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए ग्यारह हजार करोड़ रुपये खर्च किये गये। बेसिक शिक्षा परिषद तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में एक लाख चौसठ हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गई है। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में करीब साठ नये विद्यार्थियों का नामांकन हुआ।**

## आपकी बात

### झारखंड का संपूर्ण अखबार नवीन मेल


देवेश कु. घोष

'इंडिया' स्तम्भ में पुलिस जगत के छिपे रोग के निदान की सटीक समीक्षा किसी अच्छे पैथोलोजिकल लैब के रिपोर्ट जैसा लगा। समाधान स्वरूप लिखा गया नुस्खा पुलिस बिरादरी को पुरुषार्थी बनाने में सहायक सिद्ध हो सकता है। पुलिस जगत की अद्यतन विवेचना प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के लिए एक वातायन खोलकर समसामयिक ज्ञान अर्जन की उद्दीपना पैदा करता है। लाइफ जैकेट पहन समंदर में उतर देश के 'चौकीदार प्रधान सेवक' जनता में साहस ही पैदा नहीं कर रहे हैं, समुद्र तल से 'मुक्ता मणि' बटोरने का अभ्यास हो रहा है। हाल में ही क्षितिज को चीर कर तेजस की साहसिक यात्रा भी की थी। धरती पर व्यस्त क्षणों के बीच गुफा में ध्यान भी लगा लेते हैं। जल, नभ, वसुंधरा के पराक्रमी प्रधान मंत्री पर देश को गर्व है! समाचार मिला कि रांची का आर्यभट्ट सभागार देश की विभिन्न भाषाओं के वजनदार शब्दों निनादित हो रहा है। सर्व भाषा कवि सम्मेलन के आयोजक और ज्ञान संवाहक आकाशवाणी रांची को हृदय से धन्यवाद। आयुष्मान भारत योजना की विश्वसनीय छत्रप के नीचे राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रांची में एरोटीक डिसेक्सन सर्जरी द्वारा सफल शास्त्रोपचार के लिए डॉ. विनीत महाजन एवं डॉ शिवप्रिय को प्रणाम। 40 मिनट तक रक्तप्रवाह रोक कर शल्य चिकित्सकों के दल ने अभूत पूर्व सूझ बूझ से जीवन प्रदान कर रिम्स के चिकित्सक और चिकित्सा सहायक भगवान की श्रेणी में आ गये। स्कूली बच्चों के शैक्षणिक भ्रमण के आयोजन का समाचार विद्यालय की कक्षाओं से बाहर उन्मुक्त वातावरण में सार्थक शिक्षण को मूर्तरूप दे रहे हैं। रांची में टैगोर हिल शैलानी बच्चों से गुंजायमान रहते पाये जाते हैं। यदि आयोजक, बस वहीं, श्री राम कृष्ण मिशन के भवन में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर आधारित संग्रहालय भी छात्र छात्राओं को दिखा दें तो भ्रमण और सार्थक हो सकता है। पढ़ाई में रुचि रखने वाले छात्र विवेकानंद साहित्य विक्रय केंद्र से पुस्तकों की खरीददारी भी कर सकते हैं। निःशुल्क प्रवेश प्राप्त संग्रहालय वृहस्पतिवार को छोड़ कर अन्य दिनों में प्रातः आठ से बारह और अपराह्न चार से छः बजे तक खुला रहता है। जमीनी संस्कृति से जुड़े आदिवासी समाज द्वारा पूर्वजों की याद में किया जाने वाला 'हड़गरी पूजा' का आयोजन अभिभूत करता है। पूजा संबंधी समाचार पढ़ते हुए एक नये नाम का संकलन किया, 'बिरयानी' कच्छप। झारखंड मैथिली मंच सं संबन्धित एक समाचार म 'विद्यापति दलान' क उल्लेख बड्ड मीठ लागल।

**- देवेश कुमार घोष, अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी नई दिल्ली।**

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

राजनीति

# नये साल से उम्मीदें तो बहुत हैं मगर कई चुनौतियां भी सामने खड़ी हैं


ललित गर्ग

***आजादी*** के अमृत काल में भी शिक्षा, चिकित्सा एवं पर्यावरण से जुड़ी चिन्ताओं का गहन बना रहना हमारी विकास यात्रा पर एक सवालिया निशान है। शिक्षा जगत से जुड़ी एक खबर सामने आई है, वह यह कि बढ़ती महंगाई और बदलते नियमों से विदेशों में पढ़ाई मुश्किल हुई है। नया साल प्रारंभ हो गया है तो हर बार की तरह इस बार भी नई उम्मीदें, नया विश्वास एवं नया धरातल लाया है। बीत गया एक और साल। नये की स्वीकृति के साथ पुराने को अलविदा कह देने की सामान्य सोच रही है। यह समझ देखी गयी है कि नयेपन के जादुई आकर्षण के जागते ही हम पुरानेपन को उतार फेंकना चाहते हैं। हमने बीते वर्ष में श्रेष्ठताओं की उपलब्धि पर सात्विक गर्व करने की अनेक स्थितियों को रचा है लेकिन हम सबके लिए और देश के लिए भी आने वाले वर्ष कुछ महत्वपूर्ण करणीय कार्य है। निश्चित ही नया साल हमेशा की तरह कुछ सवाल भी लेकर आया है। ऐसे सवाल जिनका हल निकाले बिना शायद हम संतुष्ट न हो पाएं और नये भारत-सशक्त भारत का सपना आधा-अधूरा ही कहा जायेगा। ऐसे नये-पुराने सवाल हर नये साल में सामने आते रहे हैं। कुछ सवालों को हल करने में हम सफल रहे, लेकिन कुछ सवाल हमेशा की तरह अनुत्तरित ही रह गये। सच तो यह है कि नई जिन्दगी की शुरूआत ही नया वर्ष है। यह पुरुषार्थ का सन्देश है, अधूरे रहे कामों एवं संकल्पों को पूरा करने का। इन क्षण जड़ताओं को तोड़कर मुक्त होती है हमारे विकास की उजली संभावनाएं। यह अच्छाइयों एवं अधूरे रहे कार्यों को पूरा करने की ओर मुड़ने की प्रेरणा है। अर्धशून्य ढर्रे की जीवनशैली एवं विकास योजनाओं को बदलने का बुजुर्गी सुझाव है। समस्या जब बहुत चिन्तनीय बन जाती है तो उसे बड़ी गंभीरता से नया मोड़ एवं रफ्तार देने की जरूरत है। शिक्षा, चिकित्सा एवं पर्यावरण से जुड़ी समस्याएं से जुड़े ऐसे ही अफसोस के अहसास हमारे लिये गंभीर होने चाहिए। आजादी के अमृत काल में भी शिक्षा, चिकित्सा एवं पर्यावरण से जुड़ी चिन्ताओं का गहन बना रहना हमारी विकास यात्रा पर एक सवालिया निशान है।

> **हमने बीते वर्ष में श्रेष्ठताओं की उपलब्धि पर सात्विक गर्व करने की अनेक स्थितियों को रचा है लेकिन हम सबके लिए और देश के लिए भी आने वाले वर्ष कुछ महत्वपूर्ण करणीय कार्य हैं।**

## फेसबुक वॉल से

**Surendra Kishore**
7 h

अयोध्या से बिहार का अटूट संबंध
----------------
तीनों प्रमुख चरणों में बिहार का योगदान
-----------------
सुरेंद्र किशोर
---------
1.-बिहार के मूल निवासी अभिराम दास ने सन 1949 में बाबरी ढांचे में रामलला की मूत्ति रखी थी।
उनके शिष्यों ने इस मामले में अभिराम दास की मदद की।
वे बिहार के मधुबनी जिले के मूल निवासी थे।
मधुबनी मिथिला में है।
मिथिला श्रीराम की ससुराल है।
--------------
2.-1989 में बिहार के ही कामेश्वर चैपाल ने राम मंदिर के शिलान्यास की पहली ईंट रखी थी।
चैपाल अयोध्या ट्रस्ट के सदस्य हैं और अनुसूचित जाति से आते हैं।
(उनकी जाति मैं जान बूझ कर लिख रहा हूं ताकि लोग जानें की यह सब ''मनुवादी अभियान'' नहीं है।)
---------
3.- विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष डा.आर.एन.सिंह 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पत्नी के साथ यजमान बनाए जाएंगे।
पद्मश्री से सम्मानित डा.सिंह बिहार में हड्डी रोग के सबसे बड़े चिकित्सक हैं।
----------------------
5 जनवरी 24

256 · 34 comments 13 shares
Like · Comment · Send · Share

## X - से

**Babulal Marandi**
@yourBabulal

पलामू सहित पूरे झारखंड में धड़ल्ले से शराब की निर्धारित क़ीमत से प्रति बोतल औसतन 10 से 30 रुपये अधिक वसूले जा रहे हैं।

हैरानी होती है कि, कई शिकायतें प्राप्त होने के बावजूद विभागीय अधिकारी, मंत्री - मुख्यमंत्री सब मौन हैं। दुकानदार बेबसी में 'ऑफिशियल खर्च' चुकाने की मजबूरी बताते हैं।

हेमंत जी, आखिर ये 'ऑफिशियल खर्च' क्या है?

लगता है साहिबगंज डीसी की तरह पूरे राज्य में ऑफिशियल खर्च से ही कुछ माननीयों और बाबुओं का गुजारा चल रहा है, तभी तो ये लोग अपने सरकारी वेतन को हाथ तक नहीं लगाते।

हेमंत सोरेन जनता का जेब काटकर अपना खर्चा निकालना बंद करिए। ये जनता है, पाई-पाई का हिसाब लेना जानती है!

# हिट एंड रन... पहले व्यवस्था दुरुस्त हो, फिर सख्ती


ऋतुपर्ण दवे

***यकीनन*** कानून में सुधार वक्त का तकाजा है। रही बात दुर्घटना करने वालों की पतासाजी की तो आजकल जगह-जगह सीसीटीवी लगे हैं। टोल नाके भी हैं। सबके साथ समन्वय बिठाकर भी आरोपित तक पहुंचा जा सकता है। जब बड़े-बड़े हाइवे और राजमार्गों पर अरबों रुपये खर्च होते सकते हैं तो क्या कुछ हजार और खर्च कर हर किलोमीटर पर सीसीटीवी नहीं जरूरी नहीं हो सकते? यकीनन तीसरी आंख और तकनीक की निगरानी से ड्राइवरों पर नकेल के साथ सुरक्षा भी दी जा सकती है, जिसका सभी पर मनोवैज्ञानिक असर पड़ेगा। जब व्यवस्था दुरुस्त हो जायेगी तो सख्त और प्रैक्टिकल कानूनों से भला कोई क्यों ऐतराज करेगा? सुकून की बात है कि ट्रांसपोर्टर्स की देशव्यापी हड़ताल खत्म हो गई। इससे भी अच्छी बात यह रही कि सरकार को जल्द समझ आ गया कि मामला हाथ से निकलता दिख रहा है। इधर देशभर के तमाम ट्रांसपोर्टर संगठनों को 'हिट ऐंड रन' मामले में सजा के नये प्रावधानों को लेकर न केवल काफी भ्रम था बल्कि खासकर ड्राइवरों की चिंता वाजिब थी। हो सकता है कि एकाएक सरकार के बैकफुट पर आने की वजह सामने आ रहे आम चुनाव हों? लेकिन कानून के सबसे ज्यादा असर से डरे ड्राइवरों का डर और भविष्य कि चिंता भी नकारी नहीं जा सकती है। कम तनख्वाह, गरीबी गुजारा और साधारण रहन-सहन के चलते भारत के समकक्ष माने जाने वाले देशों के मुकाबले हमारे प्राइवेट ड्राइवरों की हैसियत एक मजदूर से ज्यादा नहीं है। भारत में हर साल करीब साढ़े चार लाख सड़क दुर्घटनाओं में डेढ़ लाख मौतें होती हैं। जबकि हिट ऐंड रन से 25-30 हजार लोगों की जान चली जाती है। सच है कि दुर्घटना जानबूझकर कोई नहीं करता। लेकिन दुर्घटना के बाद ड्राइवर फरार हो जाते हैं, क्योंकि यदि रुकेगा तो आसपास इकट्ठी हुई भीड़ बिना गलती जाने खुद ही फैसला करने लगती है। अनेकों उदाहरण सामने हैं कि सड़क दुर्घटनाओं के बाद पकड़े गये ड्राइवर किस बुरी तरह पिटते हैं, उनकी मौत तक हो जाती है।

> **कम तनख्वाह, गरीबी, गुजारा और साधारण रहन-सहन के चलते भारत के समकक्ष माने जाने वाले देशों के मुकाबले हमारे प्राइवेट ड्राइवरों की हैसियत एक मजदूर से ज्यादा नहीं है।**

बोधि वृक्ष

## समुद्र मंथन की कथा

***तभी*** से इन्द्र सहित तीनों लोक वृक्ष लता आदि के क्षीण हो जाने से श्रीहीन और नष्ट होने लगे। यज्ञों का होना बंद हो गया, तपस्वियों ने तप करना छोड़ दिया और लोगों की दान धर्म में रुचि नहीं रही। इस प्रकार त्रिलोकी के श्रीहीन और सामर्थ्यहीन हो जाने पर दैत्यों ने देवताओं पर चढ़ाई कर दी और दोनों पक्षों में घोर युद्ध ठना। अंत में दैत्यों द्वारा देवतालोग पराजित हुए। दैत्यों द्वारा पराजित होकर देवतागण ब्रह्माजी की शरण में गये। देवताओं से सारा वृत्तांत सुनकर ब्रह्माजी ने कहा - 'हे देवगण, तुमलोग भगवान विष्णु की शरण में जाओ वे अवश्य तुम्हारा मंगल करेंगे। 'सभी देवताओं से इस प्रकार कहकर ब्रह्माजी भी उनके साथ विष्णुलोक गये। वहाँ पहुँचकर सबने अनेकों प्रकार से भगवान विष्णु की स्तुति की। उनकी स्तुति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने देवताओं से उनके आने का कारण पुछा। देवता बोले - 'हे विष्णो ! हम दैत्यों से परास्त होकर आपकी शरण में आये हैं। हे देव ! आप हम पर प्रसन्न होइए और अपने तेज से हमें सशक्त कीजिये। 'भगवान विष्णु बोले - ' हे देवगण! मैं तुम्हारे तेज को फिर बढ़ाऊंगा। तुमलोग इस समय मैं जो कुछ कहता हूँ वह करो। तुम दैत्यों के साथ सम्पूर्ण औषधियां लाकर क्षीरसागर में डालो और मंदराचल पर्वत को मथनी और नागराज वासुकि को नेती बनाकर उसे दैत्य और दानवों सहित मेरी सहायता से मथकर अमृत निकालो। तुमलोग साम-नीति का अवलम्बन लेकर दैत्यों से कहो कि 'इस काम में सहायता करने से आपलोग भी इसके फल में समान भाग पायेंगे। 'समुद्र मंथन से जो अमृत निकलेगा उसका पान करने से तुम सबल और अमर हो जाओगे। **(क्रमशः)**

टेक वर्ल्ड

## 10 उपयोगी टेक्नोलॉजी ट्रिक्स

आप अपने टाइपिंग कार्यों को तेज करने के लिए स्पीच-टू-टेक्स्ट फंक्शंस को भी नियोजित कर सकते हैं, जिससे टेक्स्ट इनपुट अधिक कुशल हो जायेगा। इन सरल लेकिन शक्तिशाली युक्तियों को अपनी दैनिक तकनीकी दिनचर्या में शामिल करने से कार्यों को सरल बनाने और उत्पादकता को बढ़ाकर आपके जीवन को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया जा सकता है। इन रणनीतियों को अपनाना हमारी तकनीक-संचालित दुनिया में अधिक सहज और तनाव-मुक्त अस्तित्व की दिशा में एक कदम है। नियमित ईमेल, आधिकारिक आमंत्रण और ग्राहक सेवा शिकायतें लिखने जैसे समय लेने वाले कामों के लिए चैटजीपीटी का उपयोग करना अंतिम तकनीकी चाल है जो उपभोक्ताओं को समय बचाने में मदद कर सकती है। भाषा प्रसंस्करण तकनीक भेजी गई तैयार सामग्री का उत्पादन कर सकती है जो व्याकरणिक रूप से सही और पढ़ने में आसान है। उपयोगकर्ताओं को केवल कुछ संदर्भ, उनकी पसंदीदा टोन और लेखन शैली, और किसी अन्य आवश्यक डेटा, जैसे दिनांक या नाम के साथ टूल पेश करने की आवश्यकता है।



**2. लिखने के बजाय बोलकर लिखें और समय बचाएं**

यदि आपके पास समय की कमी है या किसी चोट के कारण टाइप करने में परेशानी हो रही है तो वॉयस टाइपिंग टूल का उपयोग करें। यह Google Docs और Microsoft Word में उपलब्ध है। इस सुविधा को सक्षम करने के लिए बस होम मेनू से डिक्टेशन विकल्प चुनें या वर्ड में डिक्टेशन टूलबार तक पहुंचने के लिए विंडोज कुंजी + एच (Wifdows + H) दबाएं। **(क्रमशः)**


**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)**

# सर्दियों में ऐसा होना चाहिए आहार और विहार

ज्योति सोही

बदलते दौर के साथ लोग अपनी जड़ों की ओर लौट रहे हैं। यही वजह है कि अब उन चीजों, पद्धतियों और उपायों की ओर लोगों का ध्यान गया है, जिनका अभ्यास भारत सदियों से करता आ रहा था। आर्युवेद भी ऐसी ही एक मूल्यवान पद्धति है। जिसमें व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए जरूरी सभी चीजों का उल्लेख किया गया है। आयुर्वेद में ऋतुओं के अनुकूल यानी बदलते मौसम के हिसाब से फूड और हेबिट्स में बदलाव लाने की सलाह दी गई है।

## बदलता मौसम और बदलता आहार

वास्तव में आर्युवेद उपचार की बजाए व्यक्ति के निरोग अर्थात रोगमुक्त रहने को प्राथमिकता देता है। यह शरीर को विषैले पदार्थों से मुक्त रखता है और किसी भी समस्या को जड़ से खत्म कर देता है। आयुर्वेद में ऋतुचर्या बेहद महत्वपूर्ण सिद्धांत है। ऋतुचर्या यानि हर ऋतु के अनुसार आहार को तय करना, जो किसी व्यक्ति को मौसमी बीमारियों से दूर रखने में मदद करता है। ऋतुचर्या को ध्यान में रखते हुए क्या खाना चाहिए और क्या नहीं।

## क्या है आर्युवेद में ऋतुचर्या

हर मौसम के साथ आर्युवेद अपने आहार में परिवर्तन लाने का निर्देश देता है और परहेज बताता है, ताकि शरीर मौसम की मार से बच सके। दरअसल, मौसम के अनुसार पाचन शक्ति प्रभावित होती है। इसके चलते शरीर कई समस्याओं से घिर जाता है। ऐसे में आर्युवेद की ऋतुचर्या शरीर के अनुसार आहार चुनने की जानकारी देता है। आर्युवेद का मकसद व्यक्ति के स्वास्थ्य की को मजबूत बनाना और रोग मुक्त रखना है। इसी के मद्देनजर ऋतुचर्या का विधान बनाया गया है।

आर्युवेद में काल को ऋतुओं में विभाजित किया गया है। अगर कोई व्यक्ति ऋतुओं के अनुसार बताई गई बातों का नियमित तौर पर पालन करता है, तो शरीर को बीमारियों के साए से बचाया जा सकता है। अगर आप भी मौसमी बीमारियों से खुद को बचाना चाहती हैं, तो इन टिप्स को करें फॉलो।

## शिशिर ऋतुचर्या में शरीर में आने वाले बदलाव

सर्द हवाओं के साथ जब तापमान में गिरावट महसूस की जाती है, तो उस ऋतु को शिशिर ऋतुचर्या कहा जाता है। जनवरी और फरवरी के महीने के दौरान इस मौसम में शरीर में कई बदलाव आने लगते हैं, जैसे भूख का बढ़ जाना या बार बार भूख लगना, होंठों पर स्किन में रूखापन बढ़ जाना। इसके अलावा सर्दी, खांसी जुकाम और बुखार की समस्या बने रहना। खांसी, दमा आदि रोगों की सम्भावना बढ़ जाती है।



## शिशिर ऋतुचर्या में किन खाद्य पदार्थों का सेवन करें

आर्युवेद के अनुसार शिशिर ऋतुचर्या में खाए गए भोजन का असर सालभर शरीर पर दिखता है। इसके सेवन से शरीर में इम्यून सिस्टम मजबूत होने लगता है। इसके अलावा पाचन शक्ति को उचित बनाए रखता है। शरीर को मजबूती प्रदान करने के लिए इस मौसम में सोंठ, उड़द से बने पदार्थ, गुड़, गेहूं, नारियल, गुड़ और तिल का सेवन लाभदायक साबित होता है।

## सर्दी के दिनों में किन खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें

इन दिनों में सलाद और ज्यादा कच्ची सब्जियों के सेवन से बचें। इसके अलावा ज्यादा खट्टा और ठण्डा खाने से बचे। ठण्डा और बासा खाना खाने से पेट दर्द, उल्टी और डायरिया की समस्या बढ़ने लगती है। खाना खाने के बाद एक दम सोने से भी बचें। आमचूर, अचार व चटनी के सेवन को अधिक मात्रा में न करें।

## किन बातों का रखें ख्याल

बढ़ती ठण्ड के कारण देर तक सोने या देर रात सोने से भी शरीर को आहार से मिलने वाला पोषण कम होता है। साथ ही इस मौसम का पूर्ण लाभ नहीं मिल पाता है।

पाचन को बनाए रखने के लिए हरड़ के चूरन में आंवले का चूरन मिलाकर सेवन करें। इससे पेट में बनने वाली गैस, अपच, ब्लोटिंग और कब्ज की समस्या से बचे रहते हैं।

इस मौसम में शरीर को ठण्डे ड्रिंक्स से बचना चाहिए। इससे शरीर बीमारियों से घिर जाता है। खुद को हेल्दी रखने के लिए दूध में शहद मिलाकर पीने से शरीर मौसमी संक्रमणों से बचा रहता है।

सर्दियों के मौसम में अत्यधिक कच्ची सब्जियों को खाने से बचें। इससे पेट में दर्द, ब्लोटिंग और पाचनतंत्र में गड़बड़ी का कारण सिद्ध होता है।

## सर्दी में इन टिप्स को फॉलो करें

**कुछ देर धूप लें :** शरीर को ठण्ड से बचाने के लिए दिनभर में कुछ देर के लिए धूप में बैठें। इससे शारीरिक अंगों में होने वाले दर्द से राहत मिलती है। साथ ही शरीर में गर्माहट बढ़ने लगती है। सुबह के समय निकलने वाली धूप त्वचा में विटामिन डी की कमी को भी पूरा करती है।

**ऑयल मसाज करें :** चेहरे के साथ हाथों और पैरों की त्वचा में बढ़ने वाली शुष्कता को कम करने के लिए कुछ देर ऑयल मसाज करें। इससे त्वचा मॉइश्चराइज रहती है और रूखापन कम होने लगता है। नारियल के तेल के अलावा बादाम का तेल और ऑलिव ऑयल भी मसाज के लिए बेहद कारगर है।

**ज्यादा गर्म पानी से न नहाएं :** रोजाना नहाने के लिए सामान्य पानी का ही प्रयोग करें। इससे त्वचा में नमी बनी रहती है। गर्म पानी से नहाने से शरीर पर खुजली और रैशेज की समस्या बनने लगती है।

**योगाभ्यास करें :** शरीर को मजबूत बनाने और ठण्ड की चपेट से खुद को बचाए रखने के लिए कुछ देर के लिए योगाभ्यास करें। इससे शरीर में एनर्जी का लेवल बढ़ता है और मांसपेशियों में आने वाली ऐंठन से भी मुक्ति मिल जाती है।

# बच्चों का वजन बढ़ायेगा शकरकंद, सर्दियों में खिलाने से मिलेंगे ढेरों फायदे



सर्दियों के मौसम में बच्चे बहुत जल्दी बीमार होते हैं। ऐसे में इस दौरान पेरेंट्स इस बात को लेकर कंफ्यूज रहते हैं कि उन्हें ऐसा क्या खिलाएं जो उनके स्वास्थ्य को नुकसान ना पहुंचाए। इस मौसम में बच्चों को शकरकंद खिला सकते हैं।

## कब खिलाएं बच्चों को शकरकंदी?

शकरकंद स्वादिष्ट और पोषक तत्वों से भरपूर होती है। यह छोटे बच्चों को आसानी से आप खिला सकते हैं। 6 महीने में आप बच्चों को शकरकंदी खिला सकते हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि शकरकंद पूरी तरह से नरम और पकी हुई हो। इसमें कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, फॉस्फोरस, पोटैशियम और सोडियम मौजूद होता है। इसकी सारी किस्में बच्चों के लिए फायदेमंद होती हैं। शकरकंदी में पाया जाने वाला विटामिन-ए, एंथोसायनिन बच्चे की इम्यूनिटी पॉवर को मजबूत बनाने में मदद करता है।

## बच्चों के मस्तिष्क का होगा विकास

इसमें बीटा-कैरोटीन, विटामिन-ए पाया जाता है। यह बच्चों के स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी होता है। इसमें विटामिन-बी6 भी पाया जाता है जो बच्चे के मस्तिष्क का विकास करने में मदद करता है।

## मेटाबॉलिज्म बनेगा दुरुस्त

शकरकंद मेटाबॉलिज्म को दुरुस्त बनाए रखने में मदद करता है। मेटाबॉलिज्म को ठीक रखने के लिए कई तरह के मिनरल्स की जरुरत होती है। यह सारे मिनरल्स शकरकंद में पाए जाते हैं।

## आंखों के लिए फायदेमंद

इसमें विटामिन-ए पाया जाता है जो शारीरिक विकास और आंखों के लिए बहुत ही जरुरी पोषक तत्व मौजूद होता है। इसलिए बच्चों को इसे जरुर खिलाएं। शकरकंद में मौजूद बीटा-कैरोटीन शरीर में विटामिन-ए बनाता है। आंखों की रोशनी यदि आप बच्चों को बढ़ाना चाहते हैं तो इसे अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

## कब्ज की समस्या होगी दूर

छोटे बच्चों को अक्सर कब्ज की समस्या रहती है। ऐसे में आप सर्दियों में उनकी डाइट में शकरकंदी शामिल कर सकते हैं। इसमें पाया जाने वाला डाइटरी फाइबर बच्चों में कब्ज की समस्या दूर करने में मददगार माना जाता है।

## इम्यूनिटी बनेगी मजबूत

इसमें पाया जाने वाला विटामिन-सी बच्चे की इम्यूनिटी मजबूत बनाने में मदद करता है। शकरकंद का सेवन करने से बच्चे जल्दी बीमार नहीं पड़ते।

## एनर्जेटिक बनेंगे बच्चे

शकरकंद में स्टार्च और विटामिन्स पाया जाता है जो शिशु को एनर्जेटिक बनाते हैं। ऐसे में शकरकंद सूपरफूड के तौर पर मानी जाती है आप इसे बच्चों को खिला सकते हैं।

## बढ़ेगा वजन

यदि आपके बच्चे पतले हैं तो भी आप उन्हें शकरकंदी खिला सकते हैं। इसमें पाया जाने वाली कैलोरी की मात्रा शिशु का वजन बढ़ाने में मदद करती है। इसका सेवन करने से शिशु का शारीरिक विकास भी होगा।

# शुगर कंट्रोल करने में मदद कर सकता है बथुआ

स्मिता सिंह

इस मौसम में तरह-तरह के साग मिलते हैं। सभी साग एक से बढ़कर एक पौष्टिक तत्वों से भरपूर होते हैं। मेथी, राई, पालक, सरसों, गांठ गोभी के साग, मूली के साग, शलजम के साग के अलावा बथुआ के साग भी इन दिनों खूब मिलते हैं। पोषक तत्वों से भरपूर हरा पत्तेदार बथुआ को डायबिटीज के मरीज भी खा सकते हैं। यह ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है।

**पोषक तत्वों से भरपूर :** बथुआ के पत्ते पौष्टिक गुणों से भरपूर होते हैं। यह आवश्यक मिनरल और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर है। यह विटामिन ए, विटामिन सी और विटामिन बी कॉम्प्लेक्स का पावरहाउस है। पत्तियां अमीनो एसिड की भी अच्छा स्रोत हैं। अमीनो एसिड कोशिका कार्य और कोशिका मरम्मत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बथुआ में आयरन, पोटैशियम, फॉस्फोरस और कैल्शियम जैसे मिनरल्स भी प्रचुर मात्रा में मौजूद होते हैं। फाइबर और पानी से भरपूर बथुआ लैक्सेटिव गुणों वाला है। यह कब्ज दूर कर आंतों की गतिविधि को बढ़ाता है और पेट की कई समस्याओं को ठीक करता है। लीवर को स्वस्थ रख कर ब्लड शुगर कंट्रोल करने में भी मदद कर सकता है।

**क्यों डायबिटीज पेशेंट के लिए फायदेमंद है बथुआ :** डायबिटीज पेशेंट बथुआ की पत्तियों का नियमित सेवन कर सकते हैं। यह ब्लड शुगर लेवल पर निगेटिव प्रभाव डालता है। बथुआ की पत्तियां ब्लड शुगर लेवल को कम करने में मदद करती हैं। इस प्रकार मधुमेह और इससे जुड़ी अन्य जटिलताओं के खतरे को यह कम करती हैं। इसे दवा के रूप में उपयोग करने से पहले डॉक्टर की जरूर सलाह लेनी चाहिए। ब्लड शुगर के मरीज को हमेशा संतुलित आहार और दवा का पालन करना चाहिए।

**ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है कम :** ज्यादातर हरी पत्तीदार सब्जियां नॉन स्टार्च वाली होती हैं। इसलिए ग्लाइसेमिक इंडेक्स बहुत कम यानी 0-15 के बीच होता है। बथुआ साग का भी ग्लाइसेमिक इंडेक्स बहुत कम होता है। इसलिए इसे मधुमेह के मरीज अपने आहार में शामिल कर सकते हैं। ग्लाइसेमिक इंडेक्स खाद्य पदार्थों में काबोर्हाइड्रेट की सापेक्ष रैंकिंग है कि वे ब्लड शुगर लेवल को कैसे प्रभावित करते हैं। कम जीआई वैल्यू (55 या उससे कम) वाले कार्बोहाइड्रेट धीरे-धीरे पचते हैं। यह ब्लड ग्लूकोज में धीरे-धीरे वृद्धि का कारण बनते हैं। साथ ही बथुआ साग में फाइबर की मात्रा बहुत अधिक होती है।

**डायबिटीज के मरीज कैसे करें उपयोग :** डायबिटीज के मरीज बथुआ के साग को खाने के लिए कोमल पत्तियों और ताजा तनों को भून कर उपयोग कर सकते हैं। इसे नाम मात्र के तेल में भूना जा सकता है। साग को बारीक काटकर सलाद में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। पौधे की पत्तियों और कोमल बीजों का उपयोग सूप और परांठे बनाने में भी किया जा सकता है। ब्रेड को बेसन और बथुआ के पत्ते के साथ लपेटकर पैन पर पकाया जा सकता है।

# विटामिन डी का बेस्ट सोर्स है मशरूम

सर्दियों के मौसम में हड्डियों और जोड़ों में दर्द की समस्या बढ़ जाती है। खासतौर पर यदि शरीर में विटामिन-डी की कमी हो जाए तो परेशानी और भी बढ़ सकती है। विटामिन-डी की कमी का सबसे अच्छा सोर्स वैसे तो धूप मानी जाती है परंतु कुछ लोग धूप नहीं ले पाते। ऐसे में आप अपनी डाइट में कुछ विटामिन-डी से युक्त फूड्स शामिल करके भी इस विटामिन की कमी पूरी कर सकते हैं।



**विटामिन-डी की कमी से होने वाली बीमारियां :** शरीर में विटामिन-डी की कमी होने पर हड्डियों में दर्द की समस्या बढ़ जाती है। विटामिन-डी की कमी होने पर दिनभर थकान और कमजोरी भी महसूस होती है और इससे इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है। इम्यूनिटी कमजोर होने के कारण शरीर बीमारियों से घिरने ल गता है। हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाने के लिए भी यह विटामिन जरुरी है जो लोग जल्दी बीमार होते हैं उनके शरीर में इस विटामिन-डी की कमी हो सकती है। ऐसे में आप इस विटामिन-डी से युक्त फूड्स आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**मशरुम :** कुछ सब्जियों में भी विटामिन-डी मौजूद होता है। ऐसे में आप मशरुम को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। मशरुम में कई सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर में विटामिन-डी की कमी पूरी करते हैं। इसे अपनी डाइट में शामिल करके आप विटामिन-डी की कमी शरीर में से पूरी कर सकते हैं।

**अंडा :** इन दिनों में रोजाना एक अंडा खाकर भी आप अपनी बॉडी को फिट बना सकते हैं। यह पोषक तत्वों का भंडार माना जाता है। इसकी जर्दी में विटामिन-डी मौजूद होता है जो शरीर में से विटामिन-डी की कमी पूरी करता है। अंडा खाने से शरीर को जरुर प्रोटीन और विटामिन्स भी मिलते हैं।

**संतरा :** सर्दियों में संतरा काफी मिलता है। रोजाना एक संतरा खाने से शरीर को विटामिन-सी और विटामिन-डी भी मिलता है। इसमें विटामिन-डी काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है, रोजाना ऑरेंज जूस या फिर 1-2 संतरा आप खा सकते हैं।

**गाय का दूध :** इसमें भी विटामिन-डी पाया जाता है। गाय के दूध के भी और कई फायदे है लेकिन रोजाना 1 गिलास गाय का दूध पीने से आप शरीर में से विटामिन-डी की कमी को पूरी कर सकते हैं।

**दही :** सर्दियों में दही खाने से कई लोग परहेज करते हैं लेकिन यदि आप फ्रेश दही खाते हैं तो शरीर को कोई नुकसान नहीं होगा। इसका सेवन करने से भी विटामिन-डी की कमी पूरी होती है। इसके अलावा यह पेट के लिए भी बेहद लाभकारी होता है।

## सूडोकु नवताल- 6936

✱✱✱✱✩ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6935 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## दैनिक पंचांग

06 जनवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 07.22 बजे से |
| चंद्र | तुला में | कुंभ | 09.09 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 10.41 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मेष | 12.12 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृष | 13.52 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मिथुन | 15.50 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 18.04 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 20.20 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 22.32 बजे से |
| राहुकाल | | तुला | 00.42 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | वृश्चिक | 02.57 ब.से |
| बजे तक | | धनु | 05.13 बजे से |

**शनिवार** 2024 वर्ष का छठा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** दशमी 00.42 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** स्वाती 21.23 बजे को समाप्त। **योग** सुकर्मा 06.47 बजे तदनन्तर धृति 06.10 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 12.21 बजे तदनन्तर विष्टि 00.42 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 35' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871850 **जूलियन दिन** 2460315.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 23

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7998



**बाएँ से दाएँ**

1. रोशनी-3
4. आशा, उम्मीद-2
5. एक प्रकार की बंगाली मिठाई-2,3
7. भ्रमण, घूमना-3
9. फिजूल, व्यर्थ ही-3
11. गुनाह, जुर्म-4
12. स्नान करवाना-4
14. डग, पांव, पैर-3
16. मक्खन(अंग्रेजी-3)
18. रावण, दशानन-5
19. टेलीफोन, दूरभाष-2
20. असली, शुद्ध-3

**ऊपर से नीचे**

1. वार, घात-3
2. आश्रय, पनाह-3
3. पायल की आवाज-4
4. दर्पण, शीशा-3
6. चिपकू, जलौका-2
8. स्वयं की पसंद का, स्वरुचिकर-2,3
10. हकलाना, अटक-अटक कर बोलना-5
13. पशु, जन्तु-4
14. मजार, मकबरा-2
15. कामदेव-3
16. बारिश, बरसात-3
17. धनवान, संपन्न-3

शब्द पहेली -7997 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जा | न | प | ह | चा | न | | बा | त |
| न | | ल | | ल | ल | क | | न |
| की | ल | | खा | बा | | क्ष | त्रि | य |
| ना | | श | | ज | | | का | |
| थ | का | व | ट | | म | स | ल | न |
| | ज | | | स | | त्य | | क |
| फ | ल | क | | ह | द | | ऐ | ब |
| रे | | म | स | ला | | गो | | ज |
| ब | ल | | ब | ना | व | टी | प | न |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

**वृष राशि :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है।

**मिथुन राशि :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

**कर्क राशि :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**सिंह राशि :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**कन्या राशि :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**तुला राशि :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा।

**धनु राशि :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**मकर राशि :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा परिणाम शुभ रहेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**कुंभ राशि :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं।

**मीन राशि :** व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगों को आश्चर्य में डाल देंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दांतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने लोस अध्यक्ष बिरला से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में रिपब्लिक ऑफ बुल्गारिया की नेशनल असेंबली के प्रेसीडेंट रॉसेन जेल्याजकोव के नेतृत्व में भारत के दौरे पर आए संसदीय शिष्टमंडल के साथ बैठक की।

### देश में कोरोना के 761 नए मामले, 12 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के नए मामलों में बढ़ोतरी जारी है। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 761 नए मामले सामने आए हैं और इससे 12 मरीजों की मौत हुई है। शुक्रवार को जारी स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में कोरोना के 838 मरीज स्वस्थ हुए हैं। मौजूदा समय में 4334 एक्टिव मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक और केरल में कोरोना के नए मामलों में लगातार बढ़ोतरी जारी है।

### पाक : आतंकी कमांडर तूर समेत दो मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा के टैंक जिले में आतंकवादियों के खिलाफ जारी अभियान में दो दहशतगर्दों को मार गिराया। मारे गए लोगों में आतंकी संगठन का दुर्दांत कमांडर गुल यूसुफ तूर भी शामिल है। पाकिस्तान के अखबार द न्यूज ने इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के शुक्रवार को जारी बयान के आधार पर यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षाबलों ने चार-पांच जनवरी की दरमियानी रात दोनों आतंकवादियों को मार गिराया। आतंकवादी तूर टैंक और सीमावर्ती जिलों में दहशत का पर्याय था।

### 'महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्याधाम' रखने को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** पीएम की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को अयोध्या हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने और इसका नाम 'महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्याधाम' रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार अयोध्या की आर्थिक क्षमता और वैश्विक तीर्थ स्थल के रूप में इसके महत्व को समझने, विदेशी तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए दरवाजे खोलने के लिए अयोध्या हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देना सर्वोपरि है।

# रामायण से जुड़े प्रसंगों पर बनेंगे मंच, नई प्रतिभाओं को भी मिलेगा मौका

### देश के नामचीन और नवोदित 500 प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध होगा

### 1111 शंखों की ध्वनि बजाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी

**एजेंसी। अयोध्या**

22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले सरकार राममय माहौल बनाने में जुटी है। कण-कण में व्याप्त राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का काम चल रहा है। सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध परंपरा को और निखारकर पूरे प्रदेश को राममय किया जा रहा है। इसी क्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बनाए जाने वाले मंच भी रामायण से जुड़े प्रसंगों पर होंगे। योगी सरकार प्रतिदिन उत्तर प्रदेश समेत देश के नामचीन व नवोदित 500 प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराएगी। साथ ही रामनगरी के कई प्रमुख स्थानों, 25 पौराणिक स्थलों-चौराहों पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाएंगे।



पर्यटन और सांस्कृतिक विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, सरकार की कल्पना है कि अयोध्या के प्रमुख स्थानों पर रामायणकालीन प्रसंगों पर आधारित मंच भी बने, जिससे नई पीढ़ी भी श्रीराम की सदाशयता से अवगत हो। सरकार की तरफ से श्रीराम मंदिर उद्घाटन के अवसर पर राम की पैड़ी पर पुरुषोत्तम मंच, भजन संध्या स्थल पर सरयू मंच, सांस्कृतिक संकुल प्रेक्षागृह में भरत मंच, रामकथा पार्क में कागभुशुन्डि मंच, तुलसी उद्यान में तुलसी मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुर सरिता बहाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही शहर के प्रमुख 25 पौराणिक स्थलों - चौराहों पर भी सांस्कृतिक आयोजन होंगे। इसमें नामचीन व नवोदित प्रतिभाएं भी अपनी कला दिखाएंगी।

एक अधिकारी ने बताया कि सरकार श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर संतों द्वारा रामकथा, अंतरराष्ट्रीय-राष्ट्रीय रामलीलाओं का मंचन, रामायण परंपरा पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां, शास्त्रीय-उप शास्त्रीय, लोकगायन-वादन व नृत्य की प्रस्तुतियां, रंगोली-चित्रकला, रामायण पर आधारित क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन कराएगी। लोक में राम पर आधारित नाट्य व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देगी। इसका उद्देश्य पूरे यूपी को राममय करना है।

बीते दिनों लखनऊ में हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामायण, कीर्तन, रामचरित मानस के आयोजन कराने के निर्देश दिए थे। अयोध्या के दिगंबर अखाड़ा, वाल्मीकि मंदिर नया पुरवा, वेद मंदिर, मौनी बाबा मंदिर, जानकी महल, रामजानकी मंदिर भरत कुंड, जालपा मां मंदिर, गुप्तार घाट, रामानंद आश्रम निकट छोटी छावनी, वाल्मीकि भवन, सूर्यकुंड समेत कई स्थानों पर 14 जनवरी से 24 मार्च तक भजन-कीर्तन, रामायण-रामचरित मानस पाठ, सुंदरकांड आदि कार्यक्रम के आयोजन पर भी जोर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार श्रीराम जन्मभूमि में 1111 शंखों का वादन करते हुए विश्व रिकॉर्ड किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए एनसीजेडसीसी व आईजीएनसीए की मदद ली जाएगी। इसके अलावा सामूहिक सरयू आरती व सौष्ठव कलाओं के प्रदर्शन का विश्व रिकॉर्ड बनेगा।

### पांच वर्षीय रामलला का नूतन विग्रह तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित किया

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए रामलला के नवीन विग्रह के चयन पूरा हो गया, लेकिन श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में अभी इस विग्रह के स्वरूप को गुप्त रखा हुआ है। जयपुर के एक मूर्तिकार ने शुक्रवार को कमल दल पर खड़ी मुद्रा में पांच वर्षीय रामलला की 51 इंच की मूर्ति को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित किया है। जिसको लेकर रामलला की मूर्ति को लेकर एक बार फिर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। बड़ी संख्या में लोग इस मूर्ति को देखने के लिए कारसेवकपुरम पहुंच रहे हैं। वहीं इंटरनेशनल और नेशनल मीडिया में भी इस प्रतिमा को लेकर अलग-अलग बाते सामने आ रही है।



# फिर से परिभाषित होगा भारत-नेपाल संबंध

**एजेंसी। काठमांडू**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर काठमांडू की अपनी दो दिवसीय यात्रा के बाद शुक्रवार को नई दिल्ली लौट आए। अपने दौरे में विदेश मंत्री ने नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की सातवीं बैठक की सह-अध्यक्षता की और कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। एस जयशंकर ने बैठक में हिस्सा लेने के अलावा पशुपतिनाथ मंदिर का भी दौरा किया और कुछ समझौतों पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल, नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा, विपक्ष के नेता केपी ओली सहित अन्य लोगों के साथ बातचीत भी की। केंद्र के सहयोग से नेपाल में भूकंप के बाद 58 पुनर्निर्माण परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार हमारे पड़ोसी देशों विशेषकर नेपाल के साथ अपने संबंधों को फिर से परिभाषित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नेपाल के सबसे पुराने त्रिभुवन विश्वविद्यालय के पुस्तकालय भवन का भी उद्घाटन किया, जिसे भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित किया गया था। जयशंकर और नेपाल के विदेश मंत्री एन.पी. सऊद ने संयुक्त रूप से नेपाल के भूकंप के बाद 58वें पुनर्निर्माण का उद्घाटन किया। इनमें 25 स्कूल, 32 स्वास्थ्य सुविधाएं और संस्कृति क्षेत्र की परियोजनाएं शामिल हैं। जयशंकर ने कहा, "नेपाल में परियोजनाओं को पूरा करना प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नेपाल के पुनर्निर्माण के बाद की गई प्रतिबद्धता थी।" हाल के वर्षों में, हमने भारत-नेपाल संबंधों में वास्तविक परिवर्तन देखा है। इस साझेदारी का कई गुना विस्तार हुआ है। कनेक्टिविटी-भौतिक, डिजिटल और ऊर्जा-संबंधी इस विस्तारित सहयोग के लिए आधारशिला बन गई है। विदेश मंत्री सऊद ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में पुनर्निर्माण एक ऐसा क्षेत्र रहा है, जहां हमें भारत से पर्याप्त मात्रा में वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है। नई दिल्ली के सहयोग से, गोरखा और नुवाकोट जिलों में बड़ी संख्या में निजी घरों का सफलतापूर्वक पुनर्निर्माण किया गया है। इससे पहले भारत ने गोरखा (26,912 लाभार्थी) और नुवाकोट (23,088 लाभार्थी) में 50,000 घरों के निर्माण का समर्थन किया था।




त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जयशंकर को विदा करने के बाद मंत्री सऊद ने कहा, "साथ मिलकर, हमने नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की महत्वपूर्ण बैठक सफलतापूर्वक संपन्न की। हमारे देशों के पारस्परिक लाभ के लिए सकारात्मक परिणाम दिए। हम नेपाल-भारत मित्रता की इस गति को बनाए रखने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे।"

## पीएम मोदी संग 'परीक्षा पे चर्चा' के लिए रिकॉर्ड 1 करोड़ पंजीकरण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा 2024' के लिए, अब तक 1 करोड़ से अधिक पंजीकरण दर्ज किए गए हैं।

शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह देश भर में छात्रों के बीच व्यापक उत्साह को दशार्ता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अनूठे कार्यक्रम - परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) की परिकल्पना की है - जिसमें देशभर के साथ-साथ विदेशों से भी छात्र, अभिभावक और शिक्षक परीक्षाओं और स्कूल के बाद के जीवन से संबंधित चिंताओं पर चर्चा करने के लिए उनके साथ बातचीत करते हैं। इस वर्ष यह कार्यक्रम 29 जनवरी को सुबह 11 बजे से भारत मंडपम, आईटीपीओ, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग 4,000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से दो छात्रों और एक शिक्षक तथा कला उत्सव एवं वीर गाथा प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जा सकता है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छठी से 12वीं कक्षा के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए ऑनलाइन बहुविकल्?प प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता 11 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी, 2024 के बीच माईगॉव पोर्टल पर लाइव है।



## इसरो ने अंतरिक्ष में अपने ईंधन सेल का किया सफल परीक्षण

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि उसने अंतरिक्ष में अपने ईंधन सेल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। इसरो के अनुसार, उसने 1 जनवरी को पीएसएलवी-सी58 रॉकेट पर लॉन्च किए गए अपने कक्षीय प्लेटफॉर्म, पीओईएम3 में 100 डब्ल्यू श्रेणी के पॉलिमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन ईंधन सेल आधारित पावर सिस्टम (एफसीपीएस) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। इसरो ने कहा कि प्रयोग का उद्देश्य अंतरिक्ष में पॉलिमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन ईंधन सेल संचालन का आकलन करना और भविष्य के मिशनों के लिए सिस्टम के डिजाइन की सुविधा के लिए डेटा एकत्र करना है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि छोटी अवधि के परीक्षण के दौरान, उच्च दबाव वाले जहाजों में ऑन-बोर्ड पीओईएम पर संग्रहीत हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैसों से 180 डब्ल्यू बिजली उत्पन्न की गई।

### लाहौर हाईकोर्ट ने कहा

## इमरान के भाषणों के प्रसारण पर रोक नहीं लगाई जाए

**एजेंसी। लाहौर**

लाहौर हाईकोर्ट ने पाक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी को आदेश दिया है कि वह पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान के भाषणों के प्रसारण को रोकने के लिए टेलीविजन चैनलों पर दबाव न डाले। हाई कोर्ट का यह आदेश टेलीविजन चैनलों पर खान के संबोधनों के प्रसारण पर प्रतिबंध के खिलाफ दायर याचिकाओं की सुनवाई के दौरान गुरुवार को आया। पाक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी ने इस तरह के किसी भी प्रतिबंध को लागू करने से इनकार किया है। हाईकोर्ट के जस्टिस शम्स महमूद मिर्जा ने याचिकाओं का निपटारा करते हुए कहा कि इमरान खान के भाषणों को प्रसारित करने के संबंध में दिशा-निर्देश विस्तृत फैसले में जारी किए जाएंगे।



## हिज्बुल मुजाहिद्दीन आतंकी की गिरफ्तारी के बाद खुले राज, छह लोगों के नाम आए सामने

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम द्वारा हिज्बुल मुजाहिद्दीन आतंकी जावेद मट्टू को गिरफ्तार किए जाने के बाद लगातार कई खुलासे हो रहे हैं। मट्टू से पूछताछ में सामने आया है कि जावेद और उसके छह साथी करीब डेढ़ दशक से भारत के खिलाफ आतंकी साजिश में शामिल हैं। इन सभी को पाकिस्तान से ट्रेनिंग मिली थी। इसके छह साथियों में दो साथी बचकर पाकिस्तान भाग चुके हैं जबकि चार अलग-अलग समय में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं। इसके साथियों के नाम भी सामने आए हैं। इसमें सबसे पहला नाम अब्दुल माजिद जरगर का है। यह मूलतः जम्मू कश्मीर के सोपोर का रहने वाला है, जो अभी पाकिस्तान में छुपा हुआ है और वहीं से हिज्बुल मुजाहिद्दीन कैडर के दूसरे ग्रुप को संभाल रहा है। वहीं से वह जावेद मट्टू को भी हैंडल करता था। यह आतंकी गतिविधियों के लिए वहीं से रुपये और जरूरत पड़ने पर बॉर्डर पार हथियार उपलब्ध कराने का भी काम करता था। आतंकियों में दूसरा नाम अब्दुल कयूम का है, जो प्रशिक्षित आतंकवादी है। यह भी सोपोर का रहने वाला है। यह सात आतंकवादियों को ऑपरेट करने वाले गैंग का इंचार्ज था। कुछ समय पहले सुरक्षाकर्मियों से मुठभेड़ में इसकी मौत हो गई थी। तीसरा आतंकवादी तारिक अहमद है, जो पाकिस्तान प्रशिक्षित है। यह जम्मू कश्मीर के हंदवाड़ा का रहने वाला था। सुरक्षाकर्मियों से बचने के लिए इसने नदी में छलांग लगा दी थी। उस घटना में इसकी मौत हो गई थी।

## कैलिफोर्निया में एक के बाद एक 3 हिंदू मंदिरों को बनाया निशाना

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के बे एरिया क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने एक के बाद एक तीन हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया है, जिससे समुदाय के लोग सदमे में हैं। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बदमाशों ने हेवर्ड में विजय के शेरावाली मंदिर को तोड़ दिया और भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थक नारे लिखे। हिंदू एडवोकेसी ग्रुप ने कहा कि कुछ हफ्ते पहले, नेवार्क में श्री स्वामीनारायण मंदिर की बाहरी दीवारों को इसी तरह के नारों और तस्वीरों से भर दिया गया था, और उसी क्षेत्र में शिव दुर्गा मंदिर में चोरी की सूचना मिली थी। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने एक्स पर पोस्ट में कहा, खालिस्तान समर्थक नारों और तस्वीरों के साथ बे एरिया के एक और हिंदू मंदिर पर हमला किया गया। हेवर्ड में विजय के शेरावाली मंदिर को स्वामीनारायण मंदिर पर हमले के ठीक दो सप्ताह बाद और उसी क्षेत्र में शिव दुर्गा मंदिर में चोरी के एक सप्ताह बाद निशाना बनाया गया।

# आप ने स्वाति मालीवाल को रास के लिए अपना उम्मीदवार बनाया

### संजय सिंह को दूसरा कार्यकाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आप ने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को राज्यसभा के लिए अपना उम्मीदवार नामित किया है। जबकि, जबकि संजय सिंह और एनडी गुप्ता को दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से नामांकित किया है। स्वाति मालीवाल को राज्यसभा में सुशील कुमार गुप्ता की जगह रिप्लेस किया गया है। आम आदमी पार्टी (आप) की राजनीतिक मामलों की समिति ने 19 जनवरी को दिल्ली में होने वाले आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपने नामांकन को अंतिम रूप दिया। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में, समिति ने दो मौजूदा सदस्यों को फिर से नामांकन के लिए समर्थन देने का फैसला किया। जबकि, आप के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार गुप्ता ने हरियाणा की चुनावी राजनीति पर अपना ध्यान केंद्रित करने का इरादा जताया है।



आप ने कहा, सुशील कुमार गुप्ता ने हरियाणा के चुनाव में सक्रिय रूप से शामिल होने की अपनी आकांक्षा व्यक्त की है और हम इस रास्ते पर आगे बढ़ने के उनके फैसले का सम्मान करते हैं। संजय सिंह दिल्ली एक्साइज पॉलिसी (आबकारी नीति) घोटाला मामले में जेल में हैं। दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें राज्यसभा के लिए फिर से नामांकन के लिए दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की अनुमति दे दी है, क्योंकि उनका वर्तमान कार्यकाल 27 जनवरी को समाप्त हो रहा है।

**सजगता** — समुद्री गश्ती विमान ने जहाज के ऊपर उड़ान भर चालक दल से किया संपर्क

# अरब सागर में लाइबेरियाई जहाज के अपहरण का प्रयास

### नौसेना ने विदेशी जहाज की सहायता के लिए आईएनएस चेन्नई को मौके पर भेजा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अरब सागर में सोमालिया के पास लाइबेरिया ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी लीला को अपहृत करने का प्रयास किया गया है, लेकिन भारतीय नौसेना के माकूल जवाब के बाद यह घटना होने से बच गई है। नौसेना ने जहाज की सहायता के लिए आईएनएस चेन्नई को मौके पर भेजा है।

दरअसल, लाइबेरिया ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी लीला ने 04 जनवरी की शाम को लगभग पांच से छह अज्ञात सशस्त्र कर्मियों के सवार होने का संकेत दिया था। जहाज के चालक दल की ओर से यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन (यूकेएमटीओ) पोर्टल पर संदेश मिलने के बाद भारतीय नौसेना सक्रिय हुई। यूकेएमटीओ व्यापारिक जहाजों के लिए संपर्क और क्षेत्र में सैन्य बलों के साथ संपर्क के प्राथमिक बिंदु के रूप में कार्य करता है।



सोमालिया के पास व्यापारिक जहाज एमवी लीला का अपहरण होने के संकेत मिलने के बाद भारतीय नौसेना के मिशन में तैनात प्लेटफार्मों ने अरब सागर में इस समुद्री घटना पर तेजी से प्रतिक्रिया दी। भारतीय नौसेना ने तत्काल एक समुद्री गश्ती विमान (एमपीए) लॉन्च किया और जहाज की सहायता के लिए आईएनएस चेन्नई को मौके पर भेजने के लिए डायवर्ट कर दिया है। विमान ने आज सुबह जहाज के ऊपर से उड़ान भरी और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए जहाज के साथ संपर्क स्थापित किया।

नौसेना के कमांडर विवेक मधवाल के मुताबिक नौसेना के विमान समुद्री गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं और आईएनएस चेन्नई लाइबेरियाई जहाज को सहायता देने के लिए पहुंच रहा है। पूरे क्षेत्र में अन्य एजेंसियों और बहुराष्ट्रीय बल के समन्वय से समग्र स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। भारतीय नौसेना अंतरराष्ट्रीय साझेदारों और मित्रवत देशों के साथ क्षेत्र में व्यापारिक जहाजरानी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### फिल्म जगत

## अभिनेता मनोज बाजपेयी के लोस चुनाव लड़ने की अटकलें, अभिनेता ने दी सफाई

**इस** समय राजनीतिक पार्टियां वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी कर रही हैं। करीब तीन महीने बाद लोकसभा चुनाव होने की संभावना है। इस बीच कई बॉलीवुड हस्तियों के लोकसभा चुनाव मैदान में उतरने की अटकलें लगना शुरू हो गई हैं। चर्चा है अभिनेता मनोज बाजपेयी भी लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। इस तरह की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं कि मनोज बिहार के चंपारण निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। मनोज वाजपेयी से राजनीति में आने का सवाल अक्सर पूछा जाता था। वह कई बार साफ कर चुके हैं कि वह राजनीति में नहीं आएंगे। हालांकि, एक बार फिर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है कि मनोज वाजपेयी भाजपा से बिहार से लोकसभा चुनाव लड़ने वाले हैं। इस पर वाजपेयी ने ऐसी अफवाहों पर विराम लगा दिया। बाजपेयी ने कहा कि मुझे राजनीति में बहुत दिलचस्पी है। इस बात को उन्होंने कई बार इंटरव्यूज में बताया था। इस बीच, ट्विटर पर एक पोस्ट वायरल हो गया कि वह लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। मनोज बाजपेयी ने अफवाह वाले ट्वीट को रीट्वीट करते हुए लिखा, यह जानकारी आपको किसने दी? या आपने रात में कोई सपना देखा? बताओ...। मनोज बाजपेयी ने अब तक कई हिट फिल्में की हैं। इसके अलावा, वह वेब सीरीज के जरिए दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो गए।



## योगदा सत्संग सोसाइटी में मनाया गया परमहंस योगानंदजी का 131वां जन्मोत्सव

# अध्यात्म ज्ञान की चाहत में युवाओं के साथ वृद्धों ने किया वैदिक मंत्र का जाप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** ॐ भूभुर्वः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो न प्रचोदयात् वैदिक मंत्रों के साथ पूजन करते हुए हवन कुंड में आहुति दी। मौका था जगद्गुरु श्री श्री परमहंस योगानन्द की 131वीं जयंती का। जयंती पर योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया हजारीबाग रोड स्थित आश्रम में भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में राजधानी सहित देश भर से सन्यासी एवं साधक शामिल हुए। योगानन्दजी का जन्मोत्सव समारोह, प्रातः विशेष सामूहिक ध्यान और स्वामी पवित्रानंद द्वारा दिए गए गुरु का मार्गदर्शक के रूप में महत्व पर प्रवचन के साथ आरंभ हुआ। प्रवचन को सुनने के लिए स्कूल और कॉलेज के कई विद्यार्थी सहित एनसीसी के छात्र काफी संख्या में शामिल रहे। गुरु पूजा और यज्ञ के दौरान ब्रह्मचारी शंकरानंद और शांभवानंद के भजनों पर लोग अपने में ऊर्जा का संचार महसूस किए।



**भंडारे में शामिल हुए हजारों लोग :** पूजा समाप्ति के बाद भंडारे का वितरण किया गया। भंडारे में खिचड़ी को प्रसाद के रूप में ग्रहण करने के लिए हजारों की संख्या में भक्त शामिल हुए। शहर और आसपास के गांवों के 9000 से अधिक लोगों को भंडारे का प्रसाद परोसा गया। शाम को ध्यान के साथ समारोह का समापन हुआ।

**जीवन जीने की कला सिखते हैं यहां :** आश्रम के सन्यासी गौरव ने बताया कि आश्रम में लोग आते हैं और यहां अध्यात्म की शिक्षा लेकर जीवन जीने की कला सिखते हैं। हर साल रांची मुख्यालय में इस जयंती को भव्य रूप से मनाया जाता है। हजारों लोग इसमें शामिल होते हैं।

योगानन्दजी द्वारा स्थापित यह आध्यात्मिक संस्था में हर साल ध्यान, कीर्तन और भंडारे के साथ उनके जन्मोत्सव को मनाते है। यही वजह है कि स्थानीय लोगों और अन्य आगंतुकों को यह स्थान अत्यंत आकर्षित किया है।

### वाईएसएस की स्थापना 1917 में हुई है

सन्यासी गौरव ने बताया कि परमहंस योगानन्दजी ने 1917 में वाईएसएस की स्थापना भारत और पड़ोसी देशों में किये। उन्होंने कहा कि क्रिया योग एक पवित्र आध्यात्मिक विज्ञान है। जिसका उद्भव सहस्राब्दियों पूर्व भारत में हुआ था। दोपहर 12 बजे से, आश्रम के गेट पर लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं और आश्रम के मैदान में वाईएसएस के सैकड़ों भक्तों शामिल हुए।

### गरीबों के बीच बांटे जाएंगे कंबल

गुरुदेव के सम्मान में आश्रम ने सेवा गतिविधियॉ भी आयोजित की। जिसमे रांची के कुष्ठ कालोनियों में गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। बताया गया कि 8 जनवरी को उन्हीं बस्तियों में कंबल भी वितरित किए जाएंगे।

# आपराधिक तत्वों को प्राप्त है राज्य सरकार का संरक्षण : बाबूलाल

**संपादक को धमकी देने वाले आरोपी का सोरेन परिवार से मधुर रिश्ता**

**राजधानी रांची में आये दिन दिनदहाड़े हत्याएं हो रही है, चोर-छिनतई भी बढ़ी**

**धनबाद में व्हाट्सएप्प से व्यापारियों को रंगदारी के लिए धमकी दी जाती है**



**नवीन मेल संवाददाता। पलामू** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में राज्य सरकार द्वारा कानून और व्यवस्था को संरक्षित किए जाने से आपराधिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई नहीं हो पा रही है। बाबूलाल शुक्रवार को मेदिनीनगर के परिसदन में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कारागृह से प्रधान संपादक आशुतोष चतुर्वेदी को धमकी दिया जाना यह जाहिर करता है कि इस कृत्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सीधा हाथ है। आरोपी योगेन्द्र तिवारी का सोरेन परिवार से मधुर रिश्ता है, यह बात दुमका के लोग शुरू से जानते हैं। यह आरोपी जेल में है। मरांडी ने कहा कि मौजूदा सरकार में दलाल, बिचौलिये और भ्रष्टाचारियों की पौ-बारह है, जिनको नियंत्रित करने की इच्छा शक्ति हेमंत सोरेन में नहीं है, क्योंकि इन सभी में सीएम एवं उसके गिरोह के लोग संलिप्त है। राजधानी रांची में आये दिन दिनदहाड़े हत्याएं हो रही है। चोरी-छिनतई और रंगदारी से लोग परेशान है। धनबाद में व्हाट्सएप्प के जरिए व्यापारियों को रंगदारी टैक्स देने के लिए धमकी दी जाती है और शासन-प्रशासन को इसकी चिंता नहीं है, जो दयनीय हालात के लिए जिम्मेदार है । एक सवाल के जवाब में मरांडी ने बताया कि अपनी जगह हेमन्त सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की योजना को अंजाम देने की कोशिश में हैं, जो सजायाफ्ता लालू प्रसाद से प्रेरित है, जिन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाए थे।

मुख्यमंत्री हेमंत ने केन्द्रीय सरकार द्वारा दी गयी जनजाति कल्याण की राशि का पैसा अभी तक उपयोग नहीं किया, जो आदिवासी समाज के हित में था। ये सब इस सरकार के लुंजपूंज हालात को जाहिर करने के लिए काफी है। दूसरे सवाल के जवाब में मरांडी ने कहा कि केन्द्र सरकार पर भयादोहन करने एवं अस्थिरता उत्पन्न करने का आरोप बेमानी है। खुद हेमन्त सोरेन अकर्मण्यता के शिकार हैं और भ्रष्टाचार को संरक्षण देने के दोषी हैं। यह सरकार अपने कुकृत्यों के कारण खुद पतनशील है और दोषारोपण विपक्ष पर करती है। हेमंत सोरेन होटवार (जेल) जाने के लिए तैयार रहें, जैसी करनी-वैसी भरनी वाली कहावत इन पर फिट बैठती है। उन्होंने बताया कि किसी सरकार के लिए प्रथम कर्तव्य कानून व व्यवस्था को ठीक करने की होती है, द्वितीय भ्रष्टाचार के उन्मूलन पर ध्यान केन्द्रित करना होता है और तृतीय आधारभूत दुरुस्त करना है, तभी विकास संभव है। उन्होंने बताया कि उक्त तीनों पैमाने पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सरकार विफल है। इसके लिए विपक्ष झारखंड में कतई जिम्मेदार नहीं है। मरांडी ने सवाल किया कि आखिर सरफराज अहमद ने क्या सोच कर इस्तीफा दिया? इस रहस्य से पर्दा उठना चाहिए। इस त्याग पत्र के नेपथ्य में हेमन्त सोरेन का डर छिपा है, इसलिए नाटकबाजी यह सरकार कर रही है। तीसरे प्रश्न के उत्तर में मरांडी ने कहा कि लोकसभा के साथ विधानसभा के चुनाव होने की संभावना नहीं है। राज्य में मौजूदा सांसदों को पुनः टिकट दिए जाने और नहीं दिए जाने का मसला पार्टी हाईकमान पर है, इससे प्रादेशिक पार्टी को कोई लेना-देना नहीं है।

### राज्यपाल करें विचार

मरांडी ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को पत्र लिख कर ध्यान खींचा है कि विधानसभा चुनाव होने में एक वर्ष से कम समय रह गया है तथा महाराष्ट्र उच्च न्यायालय के एक विधायक के बाबत रिक्त विधानसभा क्षेत्र में चुनाव पर रोक इसलिए लगा दी गयी है कि उस राज्य में विधानसभा चुनाव की अवधि एक साल से कम रह गयी है, ऐसे में इन बिन्दुओं पर गंभीरता से विचार कर लेंगे, अन्यथा गंभीर संवैधानिक स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। विकास की चर्चा करते हुए मरांडी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरकार में केवल लफ्फाजी की राजनीति हो रही है। उन्होंने बताया कि बेरोजगारी भत्ता देने के वादे इसने किये थे और चार साल से अधिक होने जा रहे हैं, किसी को भत्ता नहीं मिला।

## 2024 निर्णायक वर्ष, लोस चुनाव और राज्य के लिए भी महत्वपूर्ण : सुप्रियो भट्टाचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 2024 बहुत ही निर्णायक वर्ष है। यह वर्ष लोकसभा चुनाव के लिए और राज्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। जनता चुनाव में पूरी तरह से जवाब देने के लिए तैयार है।

भट्टाचार्य शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। 2019 में राज्य में हेमंत सोरेन सरकार का गठन हुआ। सरकार गठन होने के ठीक बाद कोरोना आ गया, जिससे राज्य प्रभावित हुआ। इससे भी निकलने में राज्य सरकार सफल रही। दो वर्षों से लगातार सरकार सीधे जनता से जुड़ी रही है। यह शायद राज्य के लिए अभिशाप बन गया। यह मुख्य विरोधी दल को रास नहीं आया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक से चला सरकार गिरने वाली प्रक्रिया भाजपा ने झारखंड में भी प्रयोग किया लेकिन इसमें भी सफल नहीं हुई। तब जाकर एक नई कहानी लिखी गई और उसपर कार्रवाई शुरू कर दी गई, जो कार्रवाई आज भी जारी है। जनता के बीच भ्रम की स्थिति पैदा करने की कोशिश की गई लेकिन यह भी मनसूबा भाजपा की सफल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार आज भी सचिवालय में बैठकर काम कर रही हैं। भाजपा नहीं चाहती है कि राज्य के आदिवासी, दलित अल्पसंख्यक का बच्चा विदेश में जाकर पढ़ाई करे। जब हर तरफ सरकार आगे बढ़ने गली तो भाजपा के लोग घबरा गये। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व्याख्यान देने लगे। बिना जानकारी के ज्ञान देने लगे। भाजपा को सिर्फ एक ही जानकारी है कि चुनाव आयोग मेरा है। भाजपा ने 2019 के चुनाव के चरण और तिथि तक बता दी थी, जिस महाराष्ट्र को लेकर भाजपा के सांसद बात कर रहे हैं उन्हें उसकी पूरी जानकारी नहीं हैं। पुणे में चुनाव इसलिए रोक दिया गया कि भाजपा वहां के उप चुनाव में हार रही थी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपना काम कर रही है। वर्तमान सरकार ने दो साल में तीन जेपीएससी परीक्षाओं का सफल आयोजन कराया। रोजगार के लिए आगे भी सरकार काम करती रहेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राज्यपाल पर निर्भर होता है कि कोई व्यक्ति को बुलाए और शपथ ग्रहण करें। इसके बाद छह महीने के अंदर विधानसभा से चुनकर आना होगा।

### राज्य सरकार अविलंब साहिबगंज डीसी को निलंबित कर एफआईआर दर्ज करे : प्रतुल शाहदेव



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने शुक्रवार को राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि इस सरकार की शह पर अधिकारी तमंचे पर डिस्को खेलते नजर आ रहे हैं। इसके पूर्व भी सत्ता के करीबी रहे बड़े दलाल प्रेम प्रकाश के घर में मुख्यमंत्री के हाउस गार्ड के दो एक-47 बरामद हुए थे। प्रतुल ने कहा कि साहिबगंज उपायुक्त रामनिवास यादव के घर में ईडी को छापेमारी के दौरान .38 बोर की दो गोलियां, 9 एमएम पिस्टल की 19 गोलियां और .45 बोर के 5 खोखे बरामद हुए हैं। ये जिन हथियार की गोलियां हैं वो सब प्रतिबंधित हथियार के श्रेणी में आते हैं। प्रतुल ने कहा कि विडंबना देखिए कि जो उपायुक्त आज प्रतिबंधित हथियार की गोलियां रखने के आरोपी हैं, आर्म्स एक्ट की धारा 39 के तहत उन्हें ही इस तरह के मुकदमों में अभियोजन स्वीकृति देने का अधिकार है। यह सोचना भी हास्यास्पद है कि जब मुकदमा दर्ज होगा तो यह खुद पर अभियोजन स्वीकृति की अनुमति देंगे। इसलिए इन्हें तुरंत निलंबित कर पद से हटाना आवश्यक है। क्योंकि प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पद में रहते हुए सबूत के साथ छेड़छाड़ भी कर सकते हैं।

### पृष्ठ एक के शेष

**माओवादियों ने पुल निर्माण कार्य...**
निर्माण कार्य आरंभ ना करें नहीं तो इसका परिणाम भुगतना होगा। इसके बाद नक्सली घटना स्थल पर खड़े तीन वाहनों में आग लगा दी। इनमें एक जेसीबी, एक पोकलेन और एक टैंकर शामिल है। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली वहां से निकल गए। इसके बाद मजदूरों ने वाहनों में लगी आग को बुझाया। बाद में घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन आरंभ कर दी है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि नक्सलियों ने तीन वाहनों को जलाया है। संभावना जताई जा रही है कि माओवादियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरे इलाके को सील कर छापेमारी कर रही है।

**प. बंगाल में ईडी टीम पर...**
विधायक का चुनाव जीते थे। 2014 में उन्हें भाजपा के घनश्याम दास अरोड़ा से हार का सामना करना पड़ा था। अभय चौटाला के समधी इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह का खनन और माझा ट्रांसपोर्ट के नाम से बड़ा कारोबारी नेटवर्क है। उनका नेटवर्क हरियाणा के अलावा राजस्थान और उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर फैला है। यह छापे अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के सिलसिले में मारे गए। 2022 में भी पूर्व विधायक के निवास पर आयकर विभाग ने छापा मारा था।

**छापेमारी राजनीति से प्रेरित : सुप्रिया सुले**
मुंबई में रोहित पवार के ठिकानों पर छापेमारी पर शरद पवार की बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि यह कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है। इससे पहले उनके परिवार के वरिष्ठ सदस्यों को ईडी ने इसी तरह परेशान किया था, जब छापेमारी में कुछ नहीं निकला था। फिर भी रोहित पवार जांच में सहयोग करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश उपाध्यक्ष किरीट सोमैया की शिकायत पर ईडी की टीम शुक्रवार सुबह से ही रोहित पवार के बारामती एग्रो कंपनी और कन्नड़ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्री सहित छह जगह छापेमारी कर रही है। किरीट सोमैया का आरोप है कि विधायक रोहित पवार ने बारामती एग्रो कंपनी को नीलामी में केवल 50 करोड़ रुपये में खरीदा। सोमैया ने इस नीलामी प्रक्रिया में हेरफेर किए जाने का आरोप लगाया है और इसकी छानबीन की मांग ईडी से की थी। इसी आधार पर ईडी की टीम आज सुबह से मुंबई, पुणे और संभाजीनगर में छह जगहों पर छापेमारी कर रही है। रोहित पवार ने इस कार्रवाई के बाद ट्विट कर कहा है कि यह स्वाभिमानी महाराष्ट्र के प्रगतिशील विचारों का चेहरा है। महाराष्ट्र की धरती पर संघर्ष का एक लंबा इतिहास है, क्योंकि इन महान विभूतियों ने हमें अन्याय के खिलाफ संघर्ष करना भी सिखाया है।

**छापे के खिलाफ टीएमसी का..**
घटना की शुरूआत शुक्रवार सुबह हुई। राशन वितरण भ्रष्टाचार मामले में ईडी के अधिकारी संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के घर पहुंचे। घर पर ताला लगा था। काफी देर तक फोन करने के बाद भी किसी ने जवाब नहीं दिया। करीब एक घंटे के इंतजार के बाद ईडी के अधिकारियों ने घर का ताला तोड़ने की कोशिश की। उसी समय तृणमूल समर्थक पहुंच गए और प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। तृणमूल के एक गुट पर केंद्रीय बलों के जवानों को धक्का देने का भी आरोप लगाया गया है। तृणमूल समर्थकों का आक्रामक रुख देखते हुए ईडी अधिकारी बैरंग लौट गए। इसके बाद भी भीड़ बवाल काटती रही।


**शिक्षा व स्वास्थ्य के बाद खेल के क्षेत्र में...**
प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह , वरिष्ठ नेता श्यामनारायण दुबे, जिला परिषद रामलव चौरसिया, शिवशंकर चौरसिया, पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह, पूर्व जिप उपाध्यक्ष अध्यक्ष विनोद सिंह, भाजपा नेता प्रभात भुइयां, अमित तिवारी , ज्योति पांडेय, ज्ञानधन चौरसिया , अविनाश वर्मा, भीष्म चौरसिया, संटू चौरसिया, किशोर पांडेय, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय , जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, सिंटू गुप्ता, मीना देवी, शिवशंकर मिश्रा, अनिल पाण्डेय, धीरेन्द्र दुबे, शशिभूषण पाण्डेय समेत भाजपा के कई नेता उपस्थित थे। बता दें कि 11 जनवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में झारखण्ड , बिहार और छतीसगढ़ की फुटबॉल टीम के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

**अद्वितीय है पलामू के...**
ठाकुरबाड़ी मंदिर में भव्य उत्सव का आयोजन किया जाता है। इसमें राजपरिवार के सभी सदस्य पूर्ण श्रद्धाभाव से भाग लेते हैं। उत्सव में विश्रामपुर नगर परिषद के साथ-साथ आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में भक्त भाग लेते हैं। मध्य रात में दिव्य पूजन-अर्चन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है।

**मोदी चीनी भाई भाई या...**
पहला 'नॉलेज इंडिया विजिटर्स प्रोग्राम' आयोजित किया, जिसमें 35 देशों के 77 से अधिक विद्वान एक साथ आए। भारतीय विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने एक मजबूत 'भारत नैरेटिव' के निर्माण के महत्व पर जोर दिया और अर्थशास्त्र, विकास, राजनीति और संस्कृति के संदर्भ में 'भारत नैरेटिव' की व्याख्या की। उन्होंने लिखा है कि जाहिर है, भारत अब सांस्कृतिक परंपरा के माध्यम से न केवल अपने हितों को साध रहा है बल्कि विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित कर रहा है। चीनी मीडिया में मोदी सरकार की तारीफ से कांग्रेस आग-बबूला है। उसने अपनी इस नाराजगी के सीमा विवाद, साझा सैन्य अभ्यास, चीन का बढ़ता दबदबा, भारत का घटता कद, मेक इन इंडिया के दावों के बावजूद चीन से आयात मेन बढ़ोत्तरी सहित 5 कारण भी गिनाए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लिखा कि मोदी सरकार को तय कर लेना चाहिए कि उनकी चीनी नीति क्या है ? वैसे मोटे तौर पर कहा जा सकता है कि भारत सबसे बड़ा बाजार तो है ही इसकी वैश्विक धमक से चीन, 'मोदी चीनी भाई भाई नीति' मेन संभावनाएं तलाश रहा है।

**गांडेय में उप चुनाव कराने को लेकर...**
अन्तर्गत डॉ अहमद के त्याग पत्र की स्वीकृति के कारण गाण्डेय विधान सभा क्षेत्र 31 दिसंबर 2023 के प्रभाव से रिक्त हो गया है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि पंचम झारखंड विधान सभा का प्रथम सत्र 06 जनवरी 2020 को अधिवेशित हुआ था। भारत के संविधान के अनुच्छेद 172 के अनुसार पंचम झारखंड विधान सभा का कार्यकाल 05 जनवरी 2025 तक हैं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 151ए के अनुसार विधान सभा का कार्यकाल एक वर्ष से अधिक होने की स्थिति में (जैसा कि वर्तमान परिस्थिति में है) उप-चुनाव छह महीने के अन्दर कराया जाना प्रावधानित है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि सर्वोच्च न्यायालय ने प्रमोद लक्ष्मण गुडाधे बनाम भारत निर्वाचन आयोग एवं अन्य मामले में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम का यह प्रावधान आयोग पर बाध्यकारी बताया हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने भी 09 अक्टूबर 2018 को निर्गत प्रेस नोट में इस विषय को स्पष्ट किया है कि एक वर्ष से ज्यादा की अवधि शेष होने की स्थिति में रिक्ति के छह महीने में उप चुनाव कराया जाना आवश्यक हैं। प्रतिनिधिमंडल में महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, विधायक भूषण तिर्की, नलिन सोरेन और फागु बेसरा मौजूद थे।

### पूजा ने झारखंड हाई कोर्ट में दाखिल याचिका ली वापस



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मनरेगा घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की ओर से निचली अदालत द्वारा डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की आंशिक सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से याचिका वापस लेने का आग्रह कोर्ट से किया गया, जिसके बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता को याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान की। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने पूजा सिंघल के डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। दरअसल, खूंटी जिला में हुए मनरेगा घोटाला मामले में ईडी ने पूजा सिंघल को 11 मई, 2022 को गिरफ्तार किया था। उनके पति अभिषेक झा को सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम बेल दी थी।

## आजसू पार्टी की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह छह को पतरातू में

# पिछड़ा विरोधी है राज्य सरकार : देवशरण भगत




**रांची**

आजसू पार्टी केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन शनिवार को पतरातू स्थित लेक रिसोर्ट में होगा। बैठक में जनता के हित से जुड़े विषयों पर पार्टी के भावी कार्यक्रमों एवं संघर्ष की रूपरेखा तय की जाएगी। साथ ही इस बैठक में राजनीतिक, सांगठनिक एवं सामाजिक प्रस्ताव लाए जाएंगे। बैठक को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बैठक में पार्टी के करीब 600 सदस्य शामिल होंगे। यह जानकारी पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी है। उन्होंने कहा कि मोरहाबादी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन नवनिर्माण संकल्प समागम में पार्टी ने राज्य के नवनिर्माण के लिए नौ संकल्प लिए थे। इन्हीं संकल्पों को धरातल पर उतारने के लिए निर्णय लिए जाएंगे। सामाजिक न्याय और विकास की अवधारणा के आधार पर केंद्रीय समिति में सदस्यों का चयन हुआ है। समिति में 50 प्रतिशत युवाओं, 30 प्रतिशत महिलाओं और राज्य के सभी जाति, वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

डॉ देवशरण भगत ने कहा कि राज्य सरकार कहती है कि वो पिछड़ों के प्रति ईमानदार हैं लेकिन यह सरकार असल में पिछड़ा विरोधी है। पंचायत चुनाव में करीब दस हजार पिछड़ों की प्रतिनिधित्व करने के अवसर को इस सरकार ने जीरो कर दिया। सरकार को तय समय के अंदर ट्रिपल टेस्ट और जातीय जनगणना करानी चाहिए थी। सरकार पिछड़ों की भलाई करने की कोई मंशा नहीं है, इनका मुख्य उद्देश्य सिर्फ लोगों की भावनाओं से खेलते हुए अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने की है। राज्य सरकार लोगों को भ्रमित कर रही है। हर साल पांच लाख नौकरी का वादा करने वाली सरकार हजार नौकरी का भी आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई। बैठक में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिलाध्यक्ष एवं सचिव, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, प्रमुख एवं उपप्रमुख, महानगर अध्यक्ष एवं सचिव भाग लेंगे।

### यौन शोषण केस में विधायक प्रदीप यादव न्यायालय में हुए पेश



**दुमका।** कांग्रेस के पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव शुक्रवार को न्यायालय में पेश हुए। पेशी दो अलग-अलग मामले में अपर जिला जज, तृतीय सह विशेष न्यायाधीश लक्षमण प्रसाद के न्यायालय में हुई। न्यायालय में दोनों मामले में गवाहों की गवाही हुई। न्यायालय में पहली गवाही गोड्डा मुफस्सिल थाना में दर्ज प्राथमिकी 37/17 के सेशन ट्रायल 125/21 में हुई।इसमें अडानी पावर प्लांट के विरोध में किए गए आंदोलन को लेकर सरकारी संपत्ति नुकसान,धक्का-मुक्की समेत अन्य सुसंगत धारा के तहत मामला दर्ज हुई थी। इसमें प्रदीप यादव, धर्मेन्द्र राय एवं कैलाश मंडल संकेत अन्य पर मामला दर्ज हुई थी। शुक्रवार को वादी जयप्रकाश सिंह की गवाही गुजरी। दूसरा चर्चित महिला कार्यकर्ता द्वारा

# पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने के लिए शीर्ष तीन में बनाना होगा स्थान

## भारतीय महिला हॉकी टीम व प्रशंसकों में देखा जा रहा भारी उत्साह

**एजेंसी। रांची**

एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची के शुरू होने में केवल एक सप्ताह बचा है, जिसे लेकर हॉकी प्रशंसकों के बीच उत्साह काफी बढ़ गया है क्योंकि भारतीय महिला टीम पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों के लिए जगह पक्की करने के लिए शीर्ष 3 में स्थान बनाने की होड़ में है। मैदान में मौजूद टीमों में मौजूदा विश्व नंबर 5 जर्मनी, पूर्व एशियाई खेलों के चैंपियन जापान, चिली और चेक गणराज्य को पूल ए में रखा गया है जबकि, मेजबान भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका, न्यूजीलैंड और इटली के साथ पूल बी में रखा गया है। मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ स्थल गतिविधियों से भरा हुआ है, जिसमें भाग लेने वाली टीमें शहर में आ रही हैं और उस मैदान पर अपनी क्षमता का परीक्षण कर रही हैं, जिसने हाल ही में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी। जहां सविता के नेतृत्व वाले भारतीय टीम ने शीर्ष स्थान हासिल किया। उस जीत से मिले आत्मविश्वास को आगे बढ़ाते हुए भारत करो या मरो वाले टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। कप्तान सविता ने टीम की तैयारियों पर कहा, टीम प्रेरित है, खासकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद। हमारी तैयारी बहुत अच्छी रही है और टीम में ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो अतीत में ओलंपिक क्वालीफायर खेल चुके हैं और अच्छी तरह से समझते हैं कि इसके लिए आवश्यक प्रदर्शन का स्तर क्या है।यह हमारे लिए करो या मरो की लड़ाई है और हम हर चुनौती के लिए तैयार हैं। वहीं उप कप्तान निक्की प्रधान, जो झारखंड से हैं। उन्होंने कहा, टीम का हर सदस्य ओलंपिक खेलों में भाग लेना चाहता है। न केवल टीम के सदस्यों के बीच बल्कि झारखंड के हॉकी प्रशंसकों के बीच भी बहुत उत्साह है और मुझे यकीन है कि वे हमारे लिए अपना समर्थन दिखाने के लिए बड़ी संख्या में आएंगे। भारतीय टीम अपने शुरूआती मैच में 13 जनवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका से भिड़ेगी। फिर, 14 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलेगी। उसके बाद टीम को एक दिन का रेस्ट मिलेगा। इसके बाद भारत 16 जनवरी को इटली से खेलेगी। जबकि सेमीफाइनल और फाइनल मैच 18 जनवरी और 19 जनवरी को निर्धारित हैं। टूर्नामेंट की शीर्ष 3 टीमें पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए अपना टिकट अर्जित करेंगी।



### भारत और अमेरिका के बीच 12 जनवरी को पहला मुकाबला

**रांची।** वैश्विक स्तर पर होने वाले तीन ओलंपिक क्वालीफायर में से एक का आयोजन झारखंड में होगा। एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर स्पर्धा 13 से 19 जनवरी तक झारखंड की राजधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में होगा। इसके लिए झारखंड एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफिकेशन की मेजबानी के लिए तैयार है। एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर के अपने अपने मैच में भाग लेने के लिए इंडिया, इटली और यूएसए की महिला हॉकी टीम रांची पहुंच चुकी है।

**भारत और अमेरिका के बीच पहला मुकाबला :** झारखंड में आयोजित एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर का पहला मैच 13 जनवरी को भारत और अमेरिका के बीच खेला जाएगा। 14 जनवरी को दूसरा मैच अमेरिका और इटली के बीच एवं 16 जनवरी को तीसरा मैच भारत और इटली के बीच होगा।

**भारत पूल बी में :** टीमों के प्रदर्शन के आधार पर पूल ए और पूल बी के टीमें विनर मैच खेलेंगी। पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली, चेक गणराज्य एवं पूल बी में भारत, न्यूजीलैंड, यूएसए और इटली की टीम शामिल हैं। झारखंड के अतिरिक्त मस्कट, ओमान (पुरुष) और वालेंसिया, स्पेन (महिला और पुरुष) में इसका आयोजन हो रहा है।

# पोटापोवा के रिटायर होने के बाद रिबाकिना सेमीफाइनल में

**एजेंसी। ब्रिस्बेन**

कजाकिस्तान की एलेना रिबाकिना शुक्रवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में पहुंच गईं, जब उनकी रूसी प्रतिद्वंद्वी अनस्तासिया पोटापोवा चोट के कारण बीच में ही रिटायर हो गईं। पहले पांच मैचों में कड़े मुकाबले के बाद पोटापोवा को 4-1 से पिछड़ने पर मेडिकल टाइमआउट मिला। पोटापोवा के 40-15 से आगे होने के बाद रिबाकिना के 3-1 से आगे होने से पहले पहले तीन गेम सर्विस के साथ चले। आगामी बदलाव पर, रूसी खिलाड़ी कोर्ट पर लेट गई और फिजियो ने उसके पेट की देखभाल की। रिबाकिना ने उसे शुभकामनाएं देते हुए कहा, मैं अनस्तासिया के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं, क्योंकि उसे कल (कुदेरमेतोवा के खिलाफ) बहुत कड़ी लड़ाई का सामना करना पड़ा। मैं खुश हूं कि मुझे एक और मैच खेलने का मौका मिला, लेकिन निश्चित रूप से उस तरह से नहीं जिस तरह से मैं जीतना चाहती थी। सेमीफाइनल में रिबाकिना का मुकाबला 19 साल की लिंडा नोस्कोवा से होगा। नोस्कोवा ने 16 वर्षीय मीरा एंड्रीवा के साथ किशोरों की लड़ाई में 7-5, 6-3 से जीत हासिल की।

# डेविड वार्नर को वापस मिली उनकी 'बैगी ग्रीन' कैप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा कि सोशल मीडिया पर हार्दिक सार्वजनिक अपील के बाद अपनी खोई हुई बैगी ग्रीन टेस्ट कैप के साथ फिर से जुड़ने के बाद वह खुशी और राहत महसूस कर रहे हैं।"ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच अपने घरेलू एससीजी में अंतिम टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर मेलबर्न से सिडनी की टीम की उड़ान के दौरान वार्नर का बैगी ग्रीन उनके बैग से गायब हो गया। इसके बाद अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने मंगलवार को इंस्टाग्राम के माध्यम से बैग के भावनात्मक मूल्य को व्यक्त करते हुए एक सार्वजनिक अपील की, जिसमें विशेष रूप से उनकी पसंदीदा बैगी ग्रीन कैप शामिल थी। वार्नर ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मैं खुश हूं और मुझे राहत मिली है कि मेरा बैगी मेरे हाथ में वापस आ गया है।

कोई भी क्रिकेटर जानता है कि उनकी टोपी कितनी खास है और मैं इसे जीवन भर संजोकर रखूंगा। मैं इसे ढूंढने में शामिल सभी लोगों का बहुत आभारी हूं - क्वांटास टीम, माल ढुलाई कंपनी, होटल और हमारा अपना टीम प्रबंधन।

## आदिवासी क्लब को मिला एक लाख का इनाम



**रांची।** केंद्रीय सरना समिति द्वारा आयोजित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबाल प्रतियोगिता का विजेता आदिवासी क्लब पंडरा बना। आदिवासी क्लब ने संत जॉन फुटबॉल अकेडमी को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 1-0 से हराया। तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में समापन हुआ। मंच संचालन झारखंड अंदोलनकारी कुमोद कुमार वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि विधायक सीपी सिंह, आरक्षी उपाधीक्षक कोतवाली प्रकाश सोय, यातायात आरक्षी उपाधीक्षक जीत वाहन उरांव, सुनील फकीरा कच्छप, जितेंद्र सिंह आदि ने विजेताओं के बीच पुरस्कार का वितरण किया। प्रतियोगिता के तीसरे और अंतिम दिन पहला मैच पाहन ब्रदर्स और आदिवासी फुटबॉल क्लब पंडरा के बीच खेला गया। जिसमें आदिवासी क्लब पंडरा 4-1 से विजय रहा। दूसरा मैच संत जॉन फुटबॉल अकेडमी और सतियारी टोली के बीच खेला गया। जिसमें संत जॉन फुटबॉल अकेडमी 2-1 से विजय रहा। फाइनल मुकाबला संत जॉन फुटबॉल अकेडमी और आदिवासी फुटबॉल क्लब पंडरा के बीच खेला गया। इस संघर्षपूर्ण मैच में आदिवासी क्लब पंडरा 1-0 से विजय रहा। प्रतियोगिता के तृतीय एवं चतुर्थ टीम मैनेजर को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा दोनों टीमों को 11 हजार रुपए पुरस्कार राशि दी गयी। द्वितीय पुरस्कार केंद्रीय सरना समिति के जगलाल पाहन एवं केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी एवं 51,000 रुपए का चेक दिया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में अशोक उरांव, जगरनाथ तिर्की, शोभा कच्छप, किरण तिर्की, रंजन मुंडा, शिवधन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, विश्वास उरांव, पुनीत कुजूर, डब्लू उरांव, सुरेंद्र लिंडा, अनीता गाड़ी, मुन्ना लकड़ा, गोविंद उरांव, माठु उरांव, मुकेश मुंडा, मुन्ना हेमरोम, कजरू खलखो, आशीष मुंडा, राकेश मुंडा, राजू मुंडा, शंकर उरांव, मंगल मिंज, सरोज नाथ महतो, दिनेश महतो, संतोष उरांव, दिनेश महतो और अभिजीत विश्वास का सहयोग रहा।

## कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल 7 को ऐतिहासिक होगा फाइनल समारोह : कर्नल संजय

**हुसैनाबाद।** कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब जपला के तत्वावधान में लागातार चौथे वर्ष कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता हुसैनाबाद अनुमंडल के कपूरी मैदान में खेलाया जा रहा है। यह प्रतियोगिता अब अंतिम पड़ाव में पहुंच चुका है इसका फाइनल मैच 7 जनवरी को अनुमंडलीय कपूरी मैदान में खेला जाएगा। प्रतियोगिता के दो सबसे बेहतरीन टीम बभंडी और पतरिया खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगी। उक्त बातों की जानकारी स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि पिछले एक महीने से हुसैनाबाद में चल रहे फुटबॉल महाकुंभ अब अंतिम चरण में है रविवार को भव्य फाइनल मैच कपूरी मैदान में खेला जाएगा। जिसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मैदान को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है उन्होंने जानकारी दी है कि कर्नल कप फुटबॉल का चर्चा पूरे राज्य में हो रही है इसी का नतीजा है कि झारखंड के कई दिग्गज नेता फाइनल मैच में खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने के लिए हुसैनाबाद आ रहें हैं। इसलिए फाइनल समारोह भव्य और ऐतिहासिक साबित होगा। उन्होंने तमाम फुटबॉल प्रेमियों को फाइनल मैच देखने के लिए हुसैनाबाद पहुंचने का आग्रह किया है। मालूम हो कि पिछले वर्ष 23 नवंबर से शुरू हुईं इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के चौबीस पंचायत के टीम ने भाग लिया था। तीन तीन करके टीम को आठ ग्रुप में बांटा गया था प्रत्येक ग्रुप से एक टीम ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई उसके बाद उसमें से चार टीम बैरांव बभंडी सड़ेया और पतरिया सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही। सेमीफाइनल में बभंडी ने बैरांव को तथा पतरिया ने सड़ेया को हराकर फाइनल में प्रवेश किया है।



# दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण के खिलाफ आरोपों पर फिर से शुरू की बहस

**एजेंसी। रांची**



दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कथित यौन उत्पीड़न मामले में भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने को लेकर बहस फिर से शुरू की।

पुलिस ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत के समक्ष अपनी दलीलें पेश कीं, जिसमें दावा किया गया कि सिंह और सह-आरोपी, डब्ल्यूएफआई के निलंबित सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ मुकदमा आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त प्रथम दृष्टया सबूत हैं। सिंह को उस दिन के लिए व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दी गई थी। कोर्ट शनिवार को भी मामले की सुनवाई जारी रखेगी। ताजा सुनवाई राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल के स्थानांतरण से शुरू हुई, जिन्होंने पहले मामले की अध्यक्षता की थी।

चूंकि पूर्ववर्ती न्यायाधीश पहले ही व्यापक दलीलें सुन चुके थे, इसलिए पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने नए सिरे से सुनवाई की जरूरत पर जोर दिया था, खासकर आरोप तय करने पर। स्थानांतरण होने पर आदेश सुरक्षित रखने से पहले मामला स्पष्टीकरण के चरण में था। इससे पहले, दिल्ली पुलिस ने सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के बारे में अपना पक्ष रखते हुए लिखित दलीलें पेश की थीं। एसीएमएम जसपाल ने दलीलों की प्रति आरोपी और शिकायतकर्ता के वकीलों को सौंपी थी। शिकायतकताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील हर्ष बोरा ने पहले लिखित दलीलें पेश की थीं।

# आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए नामित हुए कोहली, शमी, गिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली, अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और युवा बल्लेबाज शुभमन गिल की तिकड़ी को आईसीसी पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2023 पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल इस पुरस्कार के लिए चौथे और एकमात्र गैर-भारतीय नामांकित व्यक्ति हैं। विराट कोहली ने 2022 के बाद शानदार 2023 के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी वापसी की, जहां उन्हें घरेलू धरती पर पुरुष वनडे विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। उन्होंने विश्व कप में अपनी 11 पारियों में से नौ में कम से कम अर्धशतक जमाया और कुल 765 रन बनाये। उनके 765 रन पुरुषों के वनडे विश्व कप में किसी भी व्यक्तिगत बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सबसे अधिक रन हैं, जो 2003 में सचिन तेंदुलकर द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड से आगे निकल गए। कोहली ने टूर्नामेंट को 95.62 के औसत और 90.31 के स्ट्राइक रेट के साथ तीन शतकों के साथ समाप्त किया। सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ कोहली का शतक उनका 50वां एकदिवसीय शतक भी था, जिससे वह प्रारूप के इतिहास में अग्रणी शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए।

## ख्वाजा ने वॉन की अपील पर प्रतिक्रिया दी

**नई दिल्ली।** एससीजी पर बादल छाए रहने और खराब रोशनी के कारण ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच टेस्ट मैच का दूसरा दिन रद्द कर दिया गया। इसके बाद उस्मान ख्वाजा ने कहा कि अगर टेस्ट क्रिकेट गुलाबी गेंद में स्थानांतरित हो जाता है तो वह संन्यास ले लेंगे। गुरुवार को पाकिस्तान के 313 रनों के जवाब में जब ऑस्ट्रेलिया 2 विकेट के नुकसान पर 116 रन पर था, तब बारिश की आशंका के बीच खिलाड़ी और अंपायर को मैदान से बाहर जाना पड़ा। अंपायर माइकल गफ और रिचर्ड इलिंगवर्थ ने खराब लाइट मीटर का सामना करते हुए फैसला किया कि बहुत अंधेरा है और इसे जारी नहीं रखा जा सकता और दिन का खेल रद्द कर दिया गया।

## तिसीबार की टीम ने कप पर जमाया कब्जा महुगावां टीम को किया छह विकेट से पराजित

**उंटारी रोड पलामू।** जिले के बिश्रामपुर माझीआव विधानसभा क्षेत्र के पाण्डु प्रखंड अंतर्गत ग्राम कुटमू मे बाबा साहब क्लब के द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबले का आयोजन किया गया। जिसका उद्घघाटन मुख्य अतिथि के रुप में बसपा के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने किया। फाइनल मुकाबला में तीसीबार के टीम ने महुगावा टीम को 6 विकेट से पराजित कर कप पर कब्जा जमाया। इस क्रिकेट फाइनल मुकाबला के मुख्य अतिथि बसपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया । इस कमिटी अध्यक्ष राजकुमार रवि जी उपाध्यक्ष अखिलेश रवि,सचिव आशीष यादव,विधानसभा प्रभारी अमेश राम, बसपा पांडू प्रखंड अध्यक्ष विजय मंडेला, सोनू रवि, राजकुमार भारती,राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर,उस्मान अंसारी इत्यादि हजार क्रिकेट प्रेमी लोग उपस्थित थे।



## 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल के ताइक्वांडो प्रतिस्पर्धी के अंतिम दिन झारखंड को चार पदक

**रांची।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा बैतूल मध्य प्रदेश में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 के ताइक्वांडो प्रतियोगिता के अंतिम दिन राज्य के खिलाड़ियों ने 4 कांस्य पदक अपने नाम किया। अंडर 17 बालक में मो आसिफ इकबाल ने 68-73 किलो ग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। आसिफ इकबाल ने नॉक आउट स्टेज के बेस्ट ऑफ थ्री मुकाबले के पहले नॉक आउट मैच में दिल्ली को 2-1 से, प्री क्वार्टर फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ को 2-0 से, क्वार्टर फाइनल मैच में उत्तरप्रदेश को 2-0 से हराते हुए कांस्य पदक जीता। वहीं अंडर 17 बालिका के 46-49 किलोग्राम भारवर्ग में धानमुनी कुमारी ने पहले नॉक आउट मैच में सी आई इस सी ई को 2-1, प्री क्वार्टर फाइनल मैच में दमन दीव को 2-0, क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु को 2-0 हरा कर, अंडर 19 बालिका के -40 किलो भारवर्ग में अंकिता कुमारी ने प्री क्वार्टर फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ को 2-1, क्वार्टर फाइनल में तेलंगाना को 2-0 से हरा कर, एवं अंडर 19 बालिका के 40-42 किलो भारवर्ग में आरती कुमारी ने पहले नॉक आउट मैच में के वी एस को 2-0, प्री क्वार्टर फाइनल मैच में गोवा को 2-0 से, क्वार्टर फाइनल में एन वी एस को 2-0 से हरा कर कांस्य पदक अपने नाम किया। झारखंड टीम ने प्रतियोगिता में कुल 9 पदक, 2 रजत और 7 कांस्य पदक जीता है।



## उज्जीवन एसएफबी ने मैक्सिमा बचत और बिजनेस मैक्सिमा चालू खाता किया आरंभ

**रांची।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने प्रीमियम ग्राहक वर्ग के लाभार्थ मैक्सिमा बचत खाता और बिजनेस मैक्सिमा चालू खाता आरंभ किया है। इन नई पेशकशों के माध्यम से उज्जीवन ने विभिन्न प्रकार की सेवाएं और लाभ प्रदान करके अपने नए और मौजूदा दोनों ग्राहकों के बैंकिंग अनुभव को शानदार और और बेहतर बनाने का लक्ष्य बनाया है। मैक्सिमा बचत खाते पर वार्षिक ब्याज दर 7.5% तक है, जो इंडस्ट्री में सबसे अधिक है, और ग्राहक एक लाख रुपये के साथ खाता खोल सकते हैं। ग्राहकों को मैक्सिमा बचत खाते की शेष राशि पात्रता मानदंडों को पूरा करने के लिए सावधि जमा में 15 लाख रुपये या उससे अधिक राशि बनाए रखने की सुविधा भी दी गई है, मैक्सिमा बचत खाते द्वारा दी जाने वाली अन्य रोमांचक सेवाओं में शामिल हैंचेक और डीडी जारी करना, सभी चैनलों पर मुफ्त लेनदेन और किसी भी शाखा में असीमित नकद जमा और निकासी।

## व्यापार

# गूगल ने चुनिंदा यूजर्स के लिए क्रोम में डेटा ट्रैकिंग कुकीज को ब्लॉक करना शुरू किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



गूगल ने एक नए फीचर की टेस्टिंग शुरू कर दी हैं, जो डिफॉल्ट रूप से थर्ड-पार्टी कुकीज तक वेबसाइट एक्सेस को प्रतिबंधित करके क्रॉस-साइट ट्रैकिंग को सीमित करता है। कंपनी ने ग्लोबल लेवल पर 1 प्रतिशत क्रोम यूजर्स (लगभग 30 मिलियन यूजर्स) के लिए 'ट्रैकिंग प्रोटेक्शन' फीचर शुरू किया है, जो 2024 की दूसरी छमाही में सभी के लिए थर्ड-पार्टी कुकीज को समाप्त करने की गूगल की 'प्राइवेसी सैंडबॉक्स' पहल का हिस्सा है। गूगल ने कहा, यह यूके के कम्पिटिशन और मार्केट अथॉरिटी की किसी भी शेष प्रतिस्पर्धा संबंधी चिंताओं को संबोधित करने के अधीन है। कंपनी की इस साल के अंत में कुकीज को खत्म करने के लिए 'ट्रैकिंग प्रोटेक्शन' फीचर को पूरी तरह से लागू करने की योजना है। थर्ड-पार्टी कुकीज लगभग तीन दशकों से वेब का फंडामेंटल हिस्सा रही हैं। उनका उपयोग आपकी वेबसाइट एक्टिविटीज को ट्रैक करने के लिए किया जा सकता है, साइटों ने उनका उपयोग कई ऑनलाइन एक्सपीरियंस का समर्थन करने के लिए भी किया है, जैसे आपको लॉग इन करने में मदद करना या आपको रिलेवेंट ऐड दिखाना। गूगल के उपाध्यक्ष एंथनी चावेज ने पिछले महीने 'ट्रैकिंग प्रोटेक्शन' टेस्ट की घोषणा करते हुए कहा, हम क्रोम में थर्ड-पार्टी कुकीज को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए एक जिम्मेदार दृष्टिकोण अपना रहे हैं। उन्होंने कहा, "प्राइवेसी सैंडबॉक्स के साथ, हम क्रोम में थर्ड-पार्टी कुकीज को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए एक जिम्मेदार दृष्टिकोण अपना रहे हैं। हमने उन साइट्स के लिए नए टूल बनाए हैं जो प्रमुख उपयोग के मामलों का समर्थन करते हैं, और डेवलपर्स को परिवर्तन करने के लिए समय प्रदान करते हैं। हम क्रोम यूजर्स के एक छोटे प्रतिशत के साथ शुरूआत कर रहे हैं ताकि डेवलपर्स थर्ड-पार्टी कुकीज के बिना वेब के लिए अपनी तैयारी का टेस्ट कर सकें। ट्रैकिंग प्रोटेक्शन, प्राइवेसी सैंडबॉक्स और गूगल द्वारा क्रोम में लॉन्च किए गए सभी फीचर्स के साथ, हम एक ऐसा वेब बनाने के लिए काम करना जारी रखेंगे जो पहले से कहीं अधिक निजी हो, और सभी के लिए सार्वभौमिक रूप से सुलभ हो।

# 700 करोड़ जुटाने हैं मोबिक्विक ने आईपीओ के लिए किया आवेदन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



फिनटेक यूनिकॉर्न मोबिक्विक ने शेयरों के नए इश्यू के जरिए इस बार 700 करोड़ रुपये जुटाने के अपने दूसरे प्रयास में शुक्रवार को बाजार नियामक सेबी के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया। डीआरएचपी बिना किसी ऑफर-फॉर-सेल (ओएफएस) घटक के आता है, लेकिन कंपनी का लक्ष्य प्री-आईपीओ दौर में 140 करोड़ रुपये जुटाने का है। प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, 2009 में बिपिन प्रीत सिंह और उपासना ताकू द्वारा स्थापित कंपनी की आईपीओ में किसी भी मौजूदा शेयर को बेचने की योजना नहीं है। 2021 में, पीक एक्सवी, अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी और अमेरिकन एक्सप्रेस द्वारा समर्थित मोबिक्विक ने नए और मौजूदा शेयरों की बिक्री के माध्यम से लगभग 250 मिलियन डॉलर जुटाने के लिए आईपीओ के लिए आवेदन किया था, लेकिन इसने वैश्विक मंदी और बिगड़ती स्थिति के बीच आईपीओ योजनाओं को बाधित कर दिया। डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म ने इस साल अक्टूबर में चालू वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय नतीजे (अनऑडिटेड) जारी किए, इसमें वित्त वर्ष 23 की इसी अवधि की तुलना में राजस्व में 52 प्रतिशत की वृद्धि और पीएटी लाभप्रदता की लगातार दूसरी तिमाही है। जुलाई-सितंबर तिमाही में राजस्व 208 करोड़ रुपये रहा, जो उसी वित्तीय वर्ष की पिछली तिमाही की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि है, इसमें 5 करोड़ रुपये का कर पश्चात लाभ (पीएटी) है।

### एनएसओ का अनुमान, 2022-23 में 7.2 प्रतिशत रहा था वृद्धि दर

# जीडीपी वृद्धि दर 7.3 फीसदी रहने का अनुमान

**एजेंसी। नई दिल्ली**



देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 7.3 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में यह 7.2 फीसदी रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में देश की अर्थव्यवस्था 7.3 फीसदी की दर से बढ़ेगी। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में यह 7.2 फीसदी थी। एनएसओ ने राष्ट्रीय आय के बारे में अपने पहले अग्रिम अनुमान में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) यानी 2011-12 की स्थिर कीमतों पर जीडीपी के 171.79 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। एनएसओ ने पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी 160.06 लाख करोड़ रुपये रहने का अस्थायी अनुमान 31 मई, 2023 को जारी किया था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में देश की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.3 फीसदी रहने का अनुमान है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह 7.2 फीसदी रही थी। इसी तरह वित्त वर्ष 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर जीडीपी 296.58 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जबकि 31 मई, 2023 को जारी वित्त वर्ष 2022-23 के अस्थायी अनुमानों के मुताबिक जीडीपी 272.41 लाख करोड़ रुपये थी। एनएसओ ने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर जीडीपी की वृद्धि दर 8.9 फीसदी रहने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 16.1 फीसदी रही थी। इसके साथ ही निर्माण क्षेत्र में दोहरे अंक में 10.7 फीसदी की वृद्धि का अनुमान जताया गया है। कृषि और संबद्ध क्षेत्र को छोड़कर सभी आर्थिक क्षेत्रों ने 6 फीसदी से अधिक की वृद्धि के साथ बेहतर प्रदर्शन किया है, जिसके लिए अनुमानित वृद्धि की दर 1.8 फीसदी है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में भारत की अर्थव्यवस्था 7.60 फीसदी की दर से बढ़ी है, जबकि पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में जीडीपी ग्रोथ रेट 7.80 फीसदी रही थी।

# सेवा क्षेत्र ने दिसंबर 2023 में दर्ज की जबरदस्त वृद्धि

**एजेंसी। मुंबई**



एचएसबीसी सर्वेक्षण के अनुसार, मजबूत मांग और सकारात्मक परिदृश्य के कारण भारत के सेवा क्षेत्र ने दिसंबर 2023 में मजबूत वृद्धि दर्ज की। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स नवंबर के 12 महीने के निचले स्तर 56.9 से बढ़कर दिसंबर में 59.0 पर पहुंच गया। सर्वेक्षण में 50 अंक वह सीमा है, जो विकास को संकुचन से अलग करती है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत के सेवा क्षेत्र ने तीन महीने के उच्चतम नए ऑर्डर सूचकांक के कारण व्यावसायिक गतिविधि में बढ़ोतरी के साथ साल का अंत उच्च स्तर पर किया। सेवा कंपनियों को उम्मीद है कि इस साल गति मजबूत बनी रहेगी, जो नवंबर के चार महीने के निचले स्तर की तुलना में भविष्य की गतिविधि उप-सूचकांक में बढ़ोतरी से संकेत मिलता है। हालांकि, महीने के दौरान नियुक्ति की गति धीमी रही, लेकनि यह पिछले महीने की तुलना में अधिक थी। मुद्रास्फीति कम होने से कंपनियों को कुछ राहत मिली, इसस परिचालन लागत में वृद्धि धीमी हो गई। उन्होंने अतिरिक्त लागत का भार भी त्वरित गति से ग्राहकों पर डाला, जो कि अधिक मुनाफे को दशार्ता है। हालांकि बुधवार को जारी विनिर्माण क्षेत्र सूचकांक दिसंबर में गिरकर 54.9 पर आ गया, लेकिन मजबूत सेवा गतिविधि ने समग्र एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स को 58.5 तक बढ़ा दिया है, जो तीन महीनों में सबसे अधिक है।

## दिसंबर में रिकॉर्ड संख्या में खुले डीमैट अकाउंट

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में साल 2023 के दौरान आई तेजी का असर निवेशकों की संख्या में बढ़ोतरी के रूप में भी नजर आ रहा है। दिसंबर 2023 में कुल 41.78 लाख डीमैट अकाउंट खोले गए। ये संख्या अभी तक किसी भी महीने में खुले डीमैट अकाउंट के मामले में सबसे अधिक है। डीमैट अकाउंट का उपयोग शेयर बाजार में ट्रेडिंग करने के लिए किया जाता है। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विस लिमिटेड,(सीएसडीएल) और नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) से मिले आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर महीने में खुले नए डीमैट अकाउंट्स के बाद देश में कुल डीमैट अकाउंट्स की संख्या 13.93 करोड़ से अधिक हो गई है। दिसंबर से पहले नवंबर के महीने में 27.81 लाख डीमैट अकाउंट खोले गए थे। वहीं दिसंबर 2022 में कुल 21 लाख डीमैट अकाउंट की ओपनिंग हुई थी। जानकारों का कहना है कि इस साल शेयर बाजार में आई तेजी का असर आम लोगों पर भी काफी तेजी से पड़ रहा है। इसकी वजह से ज्यादा से ज्यादा लोग शेयर बाजार में निवेश करके पैसा कमाने की कोशिश कर रहे हैं।